श्रर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 115 | गुवाहाटी | मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

नरेंद्र मोदी, अमित शाह के कारण बोड़ोलैंड में स्थायी शांति : प्रमोद बोड़ो पेज 3

राज्य विस चुनाव : गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं... पेज 4

22 जनवरी को इस मुहूर्त में विराजेगें रामलला मंदिर में, संघ परिवार ने बनाया... पेज 5

चुनाव के समय कांग्रेस को यज्ञ व गायत्री मंत्र आए याद : डॉ. संबित पात्रा पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जो गलतियां नहीं करता, वह प्राय कुछ नहीं कर पाता।*

– ए. जे. फेलप्स

## विश्व कप : खिलाड़ियों के निकले आंसू, हार के सदमें से तीन फैन की मौत





*मृणाल मजुमदार*



*ज्योति कुमार*

**गुवाहाटी/बांकुरा/चेन्नई।** तारीख 19 नवंबर, दिन रविवार, ये दिन और ये तारीख न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर के लोगों के लिए एक कभी न भूलने वाला दिन बन गया। पिछले 4 सालों से हर किक्रेट प्रेमी इस दिन का इंतजार कर रहा था। वर्ल्ड कप में भारत की हार ने करोड़ों लोगों के दिल को चकनाचूर कर दिया। उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई लोग अभी भी भारत की इस हार के सदमे से बाहर नहीं निकल सके हैं। वहीं कई शख्स ऐसे भी थे जो टीम इंडिया की हार के बाद पूरी दुनिया से ही रुखसत हो गए। मरने वाला तीनों शख्त युवा है। पहली घटना गुवाहाटी के बिरुबारी इलाके में हुई। युवा की पहचान मृणाल मजुमदार के रूप में हुई है। टीम इंडिया की हार के बाद युवक पूरी तरह टूट गया। और अचानक उसकी मौत हो गई। हांलाकि युवक की मौत कैसे हुई खबर लिखे जाने तक इसका कारण नहीं जाना गया। दूसरी घटना कोलकाता के बांकुरा का है, जहां विश्व कप फाइनल में भारत के ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद एक 23 वर्षीय युवा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना बेलियाटोर थाना क्षेत्र में सिनेमा हॉल के पास रविवार रात करीब 11 बजे हुई। मृतक की पहचान राहुल लोहार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, राहुल इलाके में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था और फाइनल मैच देखने के लिए उसने रविवार को छुट्टी ली थी। उसके बहनोई उत्तम सूर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार से दुखी होकर उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उन्होंने दावा किया कि इसके अलावा उसके जीवन में ऐसी कोई समस्या नहीं थी। पुलिस ने कहा कि उनके शव को सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए बांकुरा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया और अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया। घटना के समय घर में कोई नहीं था। पुलिस ने मौत के कारण पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच चल रही है। दरअसल, भारत रविवार को अहमदाबाद में विश्व कप का खिताबी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम से गले लगकर रो पड़े शमी, ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर मोदी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छठी बार चैंपियन बना। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद भारत के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया। उन्हें शमी को गले लगाकर हिम्मत दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। भारत की हार से क्रिकेट फैंस का दिल टूट गया। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और मोहम्मद सिराज की आंखों से आंसू छलक पड़े। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वहीं, मायूसी से भरे ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने पहुंच कर ऊर्जा का नया संचार खिलाड़ियों में भरा। शमी को गले लगाने की एक -शेष पृष्ठ दो पर

## जीतकर भी हार गई ऑस्ट्रेलिया : विश्व कप ट्रॉफी के साथ की अपमानजनक हरकत



**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया ने भले ही भारत को मात देकर वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया लेकिन इसके बावजूद उन्हें फैंस की तरफ सम्मान नहीं मिला। इसकी एक ताजा तस्वीर भी सामने आई है जिसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल मार्श को ट्रॉफी पर अपने पैर रखकर बैठे हुए देखा गया और क्रिकेट फैंस इसकी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। 2015 में भी ऑस्ट्रेलिया की विश्व चैंपियन टीम -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### भारत-म्यांमार सीमा पर हालात तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में : डीजीपी

**एजल।** मिजोरम के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने कहा है कि सीमा पार जारी तनाव के चलते भारत-म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह म्यांमार के जो 75 सैनिक भारतीय सीमा में घुस आए थे, उन्हें वापस भेज दिया गया है। अमर उजाला से खास बातचीत करते हुए शुक्ला ने कहा कि भारतीय सीमा के अंदर हमारे किसी भी नागरिक को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है। मिजोरम पुलिस भी सीमा के पास तैनात असम राइफल्स के साथ मिलकर -शेष पृष्ठ दो पर

### बिहार में सनकी युवक ने छह लोगों को गोली मारी, तीन मरे

**पटना (हि.स.)।** बिहार में लखीसराय जिले के कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में सोमवार को सनकी युवक ने छह लोगों पर ताबड़तोड़ गोली बरसा दी। इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच में भर्ती किया गया है। ये सभी एक ही परिवार के हैं। आरोपित युवक का नाम आशीष चौधरी बताया गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## बाबर-औरंगजेब हल्ला करते हैं तो मजा आता है : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मदरसा बंद करने से हल्ला होने की उन्होंने कोई परवाह नहीं की। क्योंकि, बाबर और औरंगजेब हल्ला करते हैं तो उन्हें मजा आता है। उन्होंने कहा कि असम में हमारी सरकार मदरसों को बंद कर रही है, जबकि यहां कांग्रेस की गहलोत सरकार नए सात हजार मदरसे खोलने के लिए जमीन आवंटित करके रखी हुई है। उन्होंने कहा कि असम में एक साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## आईआरबी जवान समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने सुरक्षा बल के एक कर्मी और उनके चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों व्यक्ति एक वाहन में यात्रा कर रहे थे कि तभी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय से संबंधित संदिग्ध उग्रवादी समूह के सदस्यों ने हाराओथेवल और कोब्शा गांवों के बीच गाड़ी पर घात लगाकर हमला कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना में मारे गए दो लोगों में से एक इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) का कर्मी था। अधिकारियों ने बताया कि घटना सिंगदा डैम के समीप हुई जो मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के दौरान आदिवासी समुदाय के सदस्यों को निशाना -शेष पृष्ठ दो पर

### दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी, दो की मौत बंद का किया एलान

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। रुक-रुककर हिंसा का कोई न कोई मामला सामने आता रहता है। हिंसा का ताजा मामला कांगपोकली जिले से है, जहां पर सोमवार को दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी की यह घटना हारोथेल और कोब्शा गांवों के बीच हुई, लेकिन यह किस वजह से शुरू हुई। पुलिस को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। एक -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत जा रहे इजराइली जहाज पर हूती विद्रोहियों का कब्जा 25 सदस्य बंधक

**यरुशलम।** यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल से संबंधित और भारत जा रहे एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया और जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटना से इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्षेत्रीय तनाव और बढ़ने की आशंका है तथा इससे समुद्री मोर्चे पर युद्ध छिड़ने का अंदेशा है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजराइल से जुड़े होने के कारण जहाज को कब्जे में लिया और वह गाजा के हमास शासकों के खिलाफ इजराइल के अभियान के खात्मे तक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में इजराइलियों से जुड़े या उनके स्वामित्व वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। हूतियों ने कहा कि इजराइल या उससे जुड़े सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल *बल की भाषा* समझते हैं। उन्होंने कहा कि इजराइली जहाज को कब्जा -शेष पृष्ठ दो पर

## यूएफओ का पता लगाने के लिए वायुसेना ने भेजे दो राफेल विमान



**नई दिल्ली।** मणिपुर के इंफाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रविवार दोपहर को यूएफओ देखा गया। सच्चाई का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने फौरन इंफाल हवाई अड्डे के पास दो राफेल लड़ाकू विमानों को भेज दिया। इंफाल एयरपोर्ट पर यूएफओ देखे जाने की घटना रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई, जिसके बाद सामान्य उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इंफाल एयरपोर्ट के पास यूएफओ के बारे में सूचना मिलने के तुरंत बाद सबसे नजदीकी एयरबेस से एक राफेल लड़ाकू विमान को यूएफओ की तलाश के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि उन्नत सेंसर से लैस राफेल ने यूएफओ की तलाश के लिए संदिग्ध क्षेत्र में निचले स्तर पर उड़ान भरी, लेकिन उसे वहां कुछ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि पहले विमान के वापस लौटने के बाद एक दूसरे राफेल विमान को भेजा गया। दोनों विमानों ने यूएफए की टोह ली, लेकिन यूएफओ -शेष पृष्ठ दो पर

### ज्ञानवापी मामला 1 दिसंबर को एससी में सुनवाई

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट में आज समयाभाव की वजह से वाराणसी के ज्ञानवापी से जुड़े मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 01 दिसंबर को होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई करेगी। पहले की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष की ओर से वकील हुजैफा अहमदी ने कहा था कि मुख्य याचिका सुनवाई योग्य होने की है। अगर ये सुनवाई योग्य नहीं रहा तो बाकी का -शेष पृष्ठ दो पर

## पन्नू के खिलाफ एनआईए ने दर्ज किया मामला



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह *पन्नू* के हालिया धमकी वाले वीडियो पर मामला दर्ज किया है। पन्नू ने एयर इंडिया से यात्रा करने वाले यात्रियों और एयरलाइन को धमकी दी थी। एनआईएन ने पन्नू के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 153ए और 506 तथा गैर कानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम 1967 की धारा 10, 13, 16, 17, 18बी और 20 के तहत मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि एक वीडियो में पन्नू ने सिखों को -शेष पृष्ठ दो पर

## करतारपुर गुरुद्वारा परिसर में नॉनवेज व डांस पार्टी, जाम भी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अक्सर अल्पसंख्यकों को ठेस पहुंचाने के लिए शर्मनाक हरकतें की जाती हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यहां एक बार फिर सिखों की भावनाओं को आहत करने का नया मामला सामने आया है। यह मामला पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब गुरुद्वारा से जुड़ा है जिसने सिखों की भावनाओं को आहत कर दिया है। सिख समुदाय के लोग अब पाकिस्तान की सरकार से सख्त एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। क्रिकेट वर्ल्ड कप से ठीक एक दिन पहले 18 नवंबर को को सिखों के पवित्र करतारपुर गुरुद्वारा साहिब के परिसर में एक पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें पाकिस्तान के कई बड़े अफसर मौजूद रहे। शर्मनाक बात यह रही कि इस पार्टी में बारबेक्यू लगाया गया, जिसमें मांस से बनी चीजें पकाई गईं और पार्टी में शराब भी परोसी गई। पाकिस्तान की इस हरकत के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करतारपुर गलियारे का प्रबंधन करने वाली एक पाकिस्तानी सरकारी एजेंसी ने शनिवार 18 नवंबर को गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर के दर्शनी देओरी (मुख्य प्रवेश द्वार) के पास डिनर का आयोजन किया। इस डिनर पार्टी में लाइव संगीत और नृत्य हुआ। डिनर पार्टी में नॉन वेज खाना परोसा गया। सूत्रों ने बताया कि गुरुद्वारा के प्रवेश द्वार से बमुश्किल 20 फीट की दूरी पर -शेष पृष्ठ दो पर

### न शराब, न ही डांस पार्टी हुई, प्रबंधन की सफाई

**इस्लामाबाद।** करतारपुर परियोजना प्रबंधन इकाई के अधिकारियों ने सोमवार को उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि गुरुद्वारा दरबार साहिब के परिसर में डांस, शराब और मांस पार्टी आयोजित की गई। अधिकारियों ने कहा कि गलत उद्देश्यों से वीडियो के साथ छेड़छाड़ हो सकती है। कार्यक्रम का वीडियो ऑनलाइन काफी वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग परिसर में डांस करते -शेष पृष्ठ दो पर

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व संपन्न



**नई दिल्ली।** नहाय खाय से शुरू हुए आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इसी के साथ छठ महापर्व का समापन हो जाता है। छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इसके बाद दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन को ऊषा अर्घ्य के नाम से जाना जाता है। छठ का पर्व बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं द्वारा छठ का व्रत संतान की लंबी उम्र और उनके खुशहाल जीवन के लिए रखा जाता है। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# देशहित में है वन नेशन, वन इलेक्शन : रामनाथ कोविंद



**रायबरेली ( हि.स. )।** पूर्व राष्ट्रपति और वन नेशन वन इलेक्शन के चेयरमैन रामनाथ कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और इसका सभी ने किसी न किसी समय समर्थन किया है, इसके लिए वर्तमान में आम सहमति के प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति सोमवार को रायबरेली में निजी कार्यक्रम में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं समेत राजनैतिक पार्टियों से सुझाव मांगे गए हैं। कई पार्टियों समेत नीति आयोग और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं ने इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनैतिक दल सहमत नहीं हैं जिसे लेकर बीच का रास्ता निकाला जा रहा है जिससे देशहित में इसे जल्द लागू किया जा सके। इसका फायदा केंद्र की सत्ताधारी पार्टी चाहे भाजपा हो, कांग्रेस या अन्य कोई पार्टी, उसे वन नेशन वन इलेक्शन का सीधा फायदा मिलेगा। जनता भी लाभान्वित होगी क्योंकि इससे देश के करोड़ों रुपए की बचत होगी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जनपद आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सोमवार को वे रायबरेली जनपद में निजी कार्यक्रम में शामिल पहुंचे हैं। उनके आईटी गेस्ट हाउस पहुंचने पर डीएम हर्षिता माथुर, एडिशनल एसपी नवीन सिंह और एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। आईटीआई गेस्ट हाउस में अल्प विराम के बाद शिवाजी नगर स्थित बेटी की ससुराल में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*अहमदाबाद हवाईअड्डे पर बना नया रिकॉर्ड*

# एक दिन में 40,801 यात्रियों ने की आवाजाही




**अहमदाबाद ( हि.स. )।** वर्ल्ड कप क्रिकेट के फाइनल मैच के दिन अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इन्टरनेशनल हवाईअड्डा (एसवीपीआईए) पर एक दिन में सर्वाधिक यात्रियों की आवाजाही का रिकार्ड बना। इस एक दिन में 40,801 यात्रियों की आवाजाही हुई, जो रिकॉर्ड है। साथ ही चार्टर प्लेन से लेकर अन्य विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में भी अव्वल रहा। सोमवार को अहमदाबाद हवाईअड्डा प्रशासन से मिली आधिकारिक सूचना के अनुसार वर्ल्ड कप फाइनल के दिन रविवार को 260 शिड्यूल्ड और 99 नॉन-शिड्युल्ड मिलाकर कुल 359 एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (एटीएम) का रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा। इसके अलावा अहमदाबाद हवाईअड्डे से रविवार को 40 हजार 801 यात्रियों ने यात्रा की। इसमें स्थानीय यात्रियों की संख्या 33642 और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 7159 रही। भारतीय वायुसेना के एयर शो के कारण 45 मिनट से अधिक समय तक एयरस्पेस बंद रखा गया। इसके बाद जो समय मिला उस 23 घंटे में यह उपलब्धि हासिल की गई। इसके लिए पूर्व में ही माइक्रोप्लानिंग की गई, जिसकी वजह से इतने बड़े इवेंट में लोग हवाईअड्डे पर उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग किया।

# तीन अज्ञात महिलाओं का शव



**गुवाहाटी।** तीन अज्ञात महिलाओं का शव गौहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) के मुरदा घर में है। इन तीनों मृत महिलाओं का शव लेने के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ है, जब कि भांगागढ़ थाने को इसकी जानकीर दे दी गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार तीन मृत महिलाओ में ेक की मृत्यु 23 जुलाई, 2023 को 10.30 बजे दिन में हुई थी, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष थी। दूसरी की मृत्यु 14 नवंबर, 2023 को 10.10 बजे रात में हुई थी, जिसकी उम्र 45 वर्ष थी। तीसरी की मृत्यु 15 नवंबर, 2023 को पांच बजे हुई थी, जिसकी उम्र 45 वर्ष की थी।

# चुनाव की घोषणा के बाद से पांच राज्यों में 1760 करोड़ रुपए से अधिक की रकम व सामान पकड़े जाने की सूचना

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के लगातार प्रयासों की बदौलत पांच चुनावी राज्यों मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में बरामदगी में महत्वपूर्ण और अभूतपूर्व तेजी देखी गई है। चुनाव की घोषणा के बाद से पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की सूचना मिली है, जो 2018 में इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों में की गई बरामदगी से सात गुना (239.15 करोड़ रुपए) अधिक है। पांच राज्यों में चल रहे चुनावों और पिछले कुछ राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान जब्ती के आंकड़े प्रलोभनों की निगरानी करने और समान अवसर के लिए चुनावी बेईमानी को रोकने के हवाले से मजबूत उपायों को लागू करके स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ईसीआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। याद रहे कि गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में पिछले छह राज्य विधानसभा चुनावों में 1400 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई थी, जो इन राज्यों में पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में 11 गुना अधिक है। इस बार आयोग ने इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से निगरानी प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को भी शामिल किया है, जो बहुत सहायक साबित हो रहा है, क्योंकि यह बेहतर समन्वय और खुफिया जानकारी साझा करने के लिए केंद्र और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ जोड़ता है। चुनाव वाले राज्यों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, चुनावों की घोषणा के बाद और 20 नवंबर तक उपरोक्त रकम जब्त की गई है। केंद्र सरकार की सेवाओं के 228 अनुभवी अधिकारियों को व्यय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किया गया है। कड़ी निगरानी के लिए, 194 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि निगरानी प्रक्रिया में फील्ड स्तर की टीमों की पर्याप्त उपलब्धता हो और धन-बल के खतरे से निपटने के लिए डीईओ/एसपी और प्रवर्तन एजेंसियों के साथ नियमित फॉलो-अप किया जाए। चुनाव वाले राज्यों में चल रहे चुनावों के पूरा होने तक कड़ी निगरानी के प्रयास जारी रहेंगे और जब्ती के आंकड़ों में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

## पृष्ठ एक का शेष

### विश्व कप : खिलाड़ियों के...

से हार गया था। वहीं टीम इंडिया की हार के साथ ही तिरुपति के ज्योति कुमार की सांसें भी उसका साथ छोड़ रही थीं। दरअसल भारत की हार ने ज्योति कुमार नाम के शख्स पर ऐसा असर डाला कि वो हार का सदमा सहन नहीं कर पाया और उसने दम तोड़ दिया। अचानक हुए इस हादसे से हर कोई दंग रह गया। चारों तरफ सन्नाटा पसर गया। किसी को समझ नहीं आया कि एक पल में ये क्या हो गया। जानकारी के मुताबिक ज्योति कुमार कंप्यूटर सेंटर चलाकर अपना और अपने परिजनों का पेट भरता था। रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल मैच के लिए सभी लोगों के साथ ही ज्योति भी काफी उत्साहित था। ज्योति अपने दोस्तों के साथ मिलकर मैच देख रहा था। इस दौरान पूरी टीम 240 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम की बल्लेबाजी ने सभी को बेहद निराश किया। मैच में अब गेंदबाजों से ही उम्मीद थी। दूसरी पारी शुरू होते ही भारतीय गेंदबाजों ने तीन विकेट झटक लिए। उस दौरान सभी को टीम इंडिया की जीत का पक्का भरोसा हो गया था, लेकिन धीरे-धीरे मैच भारत के हाथ से निकल गया और आखिरकार ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल के मुकाबले में भारत को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। टीम इंडिया के खिलाड़ियों के आंसूओं को देखकर ज्योति भी गमजदा हो गया। इस हार का सदमा वो सहन नहीं कर पाया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। ज्योति के दोस्त आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बताया कि ज्योति की मौत दिल का दौरा पड़ने से काफी पहले ही हो चुकी है। डॉक्टर की बात सुनकर उसके दोस्त भी सन्न रह गए। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि कुछ देर पहले जो शख्स उनके साथ बैठक कर मैच देख रहा था एक झटके में उसकी मौत हो गई। उधर ज्योति के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि ज्योति ने बीटेक किया था। वो लोग जल्द ही उसकी शादी करना चाहते थे। लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं है।

### पीएम से गले लगकर...

तस्वीर वायरल हो रही है। भारतीय टीम की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। मोहम्मद शमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पीएम मोदी से मुलाकात की एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में शमी काफी भावुक दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री के गले लगकर वह और भी इमोशनल हो गए। शमी ने इस फोटो को शेयर करते हुए लिखा कि दुर्भाग्य से कल (फाइनल का दिन) हमारा दिन नहीं था। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मुझे समर्थन करने के लिए सभी भारतीय फैन्स को धन्यवाद देना चाहता हूं। पीएम का आभारी हूं, जिन्होंने विशेष रूप से ड्रेसिंग रूम में आकर हमारा उत्साह बढ़ाया। हम वापसी करेंगे। पीएम के खिलाड़ियों से मिलने की तस्वीरें रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर ने भी शेयर की हैं। दोनों ने लिखा कि, हमारा टूर्नामेंट बहुत अच्छा था, लेकिन कल हम हार गए, लोगों का समर्थन हमें हौसला दे रहा है। पीएम कल ड्रेसिंग रूम में पहुंचे जो विशेष और बहुत प्रेरणादायक था। बीसीसीआई, टीम मैनेजमेंट, सहयोगी स्टाफ और फैन्स का शुक्रिया, जिन्होंने शुरू से अंत तक हमारा समर्थन किया।

### जीतकर भी हार ...

का हिस्सा रहे मार्श ने रविवार को 15 रन बनाने के बाद जसप्रीत बुमराह की गेंद पर केएल राहुल को कैच थमाया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारत को 50 ओवर में 240 रन पर ढेर कर दिया। कठिन बल्लेबाजी सतह पर, कप्तान रोहित शर्मा (31 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 47), विराट कोहली (63 गेंदों में 54, चार चौकों के साथ) और केएल राहुल (107 गेंदों में 66, एक चौके के साथ) पारी खत्म की। वहीं अब सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर की चारों तरफ आलोचना हो रही है। जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में मिचेल मार्श को ट्रॉफी पर पैर रखकर बैठे हुए देख फैंस काफी नाराज हुए। फैंस ने इस व्यवहार को गलत बताया और कहा कि ट्रॉफी का कुछ तो सम्मान करें। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया छठी बार विश्व विजेता बना है। वहीं, भारत का तीसरी बार ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया। उसने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते, लेकिन 11वें मुकाबले में टीम पिछड़ गई। भारत को दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। पिछली बार 2003 में रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली टीम ने हराया था।

### बाबर-औरंगजेब हल्ला...

भाजपा की सरकार ने सात सौ मददसे बंद कर दिए। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राजस्थान में गहलोत की सरकार के विधायक और मंत्री लूटने में और आपसी झगड़े में लग रहे, इधर राज्य में बहन-बेटियों-माताओं के ऊपर अत्याचार होता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी तोड़-जोड़ के बाद राजस्थान में गहलोत की सरकार को विधायकों ने इसी शर्त पर समर्थन दिए कि उन्हें लूटने की छूट मिलनी चाहिए। यही वजह है कि राजस्थान के एक-एक विधायकों ने इतना ज्यादा लूट कर रख लिया कि उनकी सात पीढ़ियों तक सुरक्षित हो गई। मुख्यमंत्री आज राजस्थान में अलग-अलग तीन चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने आरोप लगाया कि राजस्थान की सरकार राज्य की जनता को लुटती रही। मुख्यमंत्री ने मंच पर गूगल सर्च करके दिखाया कि किस प्रकार असम में पेट्रोल की कीमतें 98 प्रति लीटर है, जबकि असम से चार गुना बड़े राज्य राजस्थान में पेट्रोल की कीमतें 98 रुपए प्रति लीटर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में हर तरफ से राज्य की गरीब जनता को लूट गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही पेट्रोल की कीमतें कम कर दी जाएगी। उधर असम के मुख्यमंत्री की छवि जिस प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर उभर रही है और उनकी लोकप्रियता देशभर में बढ़ रही है, वह भाजपा के लिए आने वाले दिनों का शुभ संकेत माना जा सकता है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की चुनावी सभाओं में अपना जौहर दिखा चुके मुख्यमंत्री डॉ शर्मा राजस्थान के भाजपा उम्मीदवारों की पहली पसंद बन चुके हैं। पार्टी ने उन्हें स्टार प्रचारक बनाया है। प्रत्येक दिन मुख्यमंत्री राजस्थान में बड़ी-बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इन सभाओं में उमड़ती भीड़ और लोगों के उत्साह को देखकर भाजपा काफी उत्साहित हो रही है। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री का तीन कार्यक्रम राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में हो रहा है। पहला कार्यक्रम नदबई में हो रहा है, जहां मुख्यमंत्री एक विशाल विजय संकल्प सभा में भाग ले रहे हैं। दूसरा कार्यक्रम राजस्थान के जमवा, रामगढ़ के आंधी में हो रहा है, जहां मुख्यमंत्री एक विजय संकल्प सभा में भाग ले रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम सरदार शहर में आज शाम को हो रहा है, जहां मुख्यमंत्री विजय संकल्प सभा को संबोधित करने के बाद एक रोड शो में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री जिस अंदाज में बेबाक तरीके से अपनी बातें कहते हैं, वह आम लोगों को काफी रास आ रही है और उनमें सच्चाइयां दिख रही है।

### आईआरबी जवान समेत...

बनाने वाले विद्रोही समूहों के लिए एक प्रमुख केंद्र (हॉटस्पॉट) बन चुका है। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया और जिले में *बंद* घोषित कर दिया गया। मई की शुरुआत में पूर्वोत्तर राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच गोलीबारी की कई घटनाएं हुईं। कुकी-जो समुदाय के लोगों पर *अकारण हमले* की निंदा करते हुए, कांगपोकपी की कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने कांगपोकपी जिले में *आपातकालीन बंद* की घोषणा की। सीओटीयू ने एक बैठक में यह भी मांग की कि सरकार आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की व्यवस्था करे। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद भड़की हिंसा में अब तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नगा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और वे मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### भारत जा रहे इजराइली ...

में लेना एक व्यावहारिक कदम है जो अंजाम की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को साबित करता है। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बहामास का झंडा लगे गैलेक्सी लीडर जहाज पर हमले के लिए हूतियों को दोषी ठहराया था, जो एक इजराइली अरबपति से संबद्ध वाहन वाहक था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि जहाज में कोई भी इजराइली नहीं था। जहाज के जापानी संचालक, एनवाईके लाइन ने कहा कि अपहरण के समय जहाज में कोई माल नहीं था। एनवाईके ने कहा कि इसके चालक दल के सदस्य फिलीपींस, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से हैं। जहाज के जापानी संचालक *एनवाईके लाइन* ने कहा कि जहाज को कब्जा में लिए जाने के दौरान उसमें सामान नहीं था। एनवाईके ने कहा कि जहाज के चालक दल के सदस्य फिलीपीन, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मैक्सिको से थे। जहाज भारत में गुजरात राज्य के पिपावाव जाने वाला था। जापान ने सोमवार को जहाज को कब्जे में लिए जाने की निंदा की। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि जापान की सरकार हूती विद्रोहियों के साथ बातचीत के माध्यम से चालक दल की शीघ्र रिहाई के लिए पूरी कोशिश कर रही है। साथ ही इजराइल के साथ बातचीत और सऊदी अरब, ओमान एवं ईरान की सरकारों के साथ सहयोग कर रही है। नेतन्याहू के कार्यालय ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे *आतंकवाद का ईरानी कृत्य* बताया।

### करतारपुर गुरुद्वारा परिसर ...

मांसाहारी व्यंजन परोसे गए। परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैयद अबू बकर कुरैशी और कई अन्य ने गुरुद्वारा दरबार साहिब के ग्रंथी ज्ञानी गोबिंद सिंह की उपस्थिति में किराए पर बुलाए गए कलाकारों द्वारा संगीत पर नृत्य किया। सूत्रों ने बताया कि इस डिनर पार्टी में कई सिख आमंत्रित किए गए थे। पार्टी लगभग तीन घंटे तक चली। यह जानने के बाद कि पार्टी गुरुद्वारे के मुख्य द्वार से 20 फुट की दूरी पर है और इसमें मांसाहारी खाना परोसा जाएगा, संगीत और नृत्य भी होगा, कई सिख आमंत्रित लोगों ने इस रात्रिभोज में भाग लेने से खुद को अलग कर लिया। एक पाकिस्तानी सिख नेता ने कहा कि वह पार्टी में ज्ञानी गोबिंद सिंह की उपस्थिति पर आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, गुरुद्वारा पार्टियों के लिए जगह नहीं है। दूसरा, पीएम के सीईओ और नरोवाल जिले के सरकारी अधिकारियों सहित मेहमानों द्वारा नृत्य के दौरान ग्रंथी को अगली पंक्ति में देखा गया था। उधर, अबू कर कुरैशी ने इस आरोप को खारिज किया है। अबू नेकहा कि पार्टी गुरुद्वारा दरबार साहिब से लगभग 1.5 किमी दूर हुई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह गुरुद्वारा परिसर के भीतर न हो। उन्होंने कहा कि कि इसलिए, सिख मर्यादा (धार्मिक आचरण संहिता) इस विशिष्ट स्थान पर लागू नहीं होती है। इसके अलावा, यह कोई डांस पार्टी नहीं थी। सिखों और मुसलमानों की नियमित शाम की प्रार्थना के बाद ही गायन शुरू हुआ। सारा रजा खान जैसे कलाकार, जिन्होंने भारत में भी प्रदर्शन किया है, संगीत कार्यक्रम का हिस्सा थे। केवल कुछ ही मेहमानों ने नृत्य किया। बता दें कि करतारपुर साहिब गुरुद्वारे को सिखों के सबसे पवित्र पूजा स्थलों में गिना जाता है। यह वह जगह है जहां पर गुरु नानक देव ने अपने जीवन के 18 साल बिताए थे। गुरुदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से गलियारे के माध्यम से एक दिन की तीर्थयात्रा करने वाले भारतीयों सहित दुनिया भर से श्रद्धालु इस मंदिर में आते हैं। घटना सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि मैं गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के पवित्र परिसर के अंदर शराब और मांस खाने से जुड़ी अपवित्र घटना की कड़ी निंदा करता हूं। यह निराशाजनक है कि करतारपुर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति भी इसमें शामिल थी। पाकिस्तानी अधिकारियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ संपूर्ण और त्वरित कार्रवाई के लिए पाकिस्तान सरकार से तत्काल आग्रह करता हूं। पाकिस्तान सरकार को अल्पसंख्यकों की आस्था को कम नहीं करना चाहिए।

### दो गुटों के बीच...

आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया और जिले में बंद घोषित कर दिया गया है। मई की शुरुआत में पूर्वोत्तर राज्य में मैतई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच गोलीबारी की कई घटनाएं देखी गई हैं। बकौल एजेंसी, एक पुलिस अधिकारी ने बताया, इलाके में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। गोलीबारी की घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है। कुकी-जो समुदाय के लोगों पर अकारण हमले की निंदा करते हुए कांगपोकपी स्थित कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने जिले में *आपातकालीन बंद* का एलान किया है। सीओटीयू ने एक बैठक में मांग की कि सरकार आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की व्यवस्था करे। सनद रहे कि एसटी का दर्जा देने की मैतई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित *आदिवाली एकजुटता मार्च* के बाद भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे गए थे।

### यूएफओ का पता...

को आसपास के इलाके में कहीं नहीं देखा गया। सेना के अधिकारी ने कहा कि संबंधित एजेंसियां यूएफओ का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि इंफाल हवाई अड्डे पर यूएफओ को देखा गया है और इसका वीडियो भी है। वहीं, इंफाल एयरपोर्ट से उड़ान के लिए मंजूरी मिलने के तुरंत बाद, भारतीय वायु सेना के शिलांग मुख्यालय में मौजूद पूर्वी कमान ने कहा कि हमने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय कर दिया है। पूर्वी कमान ने एक्स पर कहा कि आईएएफ ने इंफाल हवाई अड्डे से वीडियो इनपुट के आधार पर अपने एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय कर दिया, लेकिन इसके बाद यूएफओ नहीं देखा गया। भारतीय वायु सेना के राफेल लड़ाकू विमान पश्चिम बंगाल के हाशिमारा हवाई अड्डे पर तैनात हैं और चीन बॉर्डर के साथ पूर्वी क्षेत्र के कई हवाई अड्डों से उड़ान भरते रहते हैं। बता दें कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दोपहर 2.30 बजे सीआईएसएफ से एक संदेश मिला था, जिसमें बताया गया कि हवाई अड्डे के पास एक यूएफओ पाया गया है। शाम चार बजे तक यूएफओ नंगी आंखों से हवाई क्षेत्र के पश्चिम की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा था।

### ज्ञानवापी मामला 1...

कोई मायने नहीं रहेगा। दरअसल, श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग के मामले में जिला अदालत और इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा सुनवाई योग्य माने जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मुस्लिम पक्ष ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मुस्लिम पक्ष की दलील है कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत हिन्दू पक्ष की मांग को खारिज किया जाना चाहिए। हिंदू पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट एएसआई को निर्देश दे कि वह ज्ञानवापी परिसर में सील किए गए वजूखाना और उसके आसपास का भी वैज्ञानिक सर्वे करने का आदेश दे, जैसा परिसर के अन्य जगहों पर हो रहा है। इसके अलावा हिन्दू पक्ष की यह भी मांग है कि सरोवर स्थित कुएं से पिछले साल 16 मई को मिले कथित शिवलिंग की जांच करने का भी निर्देश एएसआई को दिया जाए।

### न शराब, न ही डांस ...

और शराब परोसते हुए नजर आ रहे हैं। परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 18 नवंबर को आयोजित रिसेप्शन में न कोई शराब परोसी गई और न ही किसी प्रकार का डांस हुआ। अधिकारियों ने कहा कि वायरल वीडियो में डिनर पार्टी में शराब दिखाई दे रही है। दुष्प्रचार के मकसद से वीडियो से छेड़छाड़ की गई होगी। एक अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम में एक लड़की गजल गा रही है और गलत उद्देश्यों के लिए वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। अधिकारियों ने यह भी साफ किया कि डिनर रिसेप्शन गुरुद्वारा दरबार साहिब में परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) से करीब दो किलोमीटर दूर आयोजित किया गया था। इसका उद्घाटन गुरु नानक की 550वीं जंयती के मौके पर नौ नवंबर 2029 को किया गया था। करतारपुर सिखों का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थान है, क्योंकि गुरु नानक ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष इसी स्थान पर बिताए थे। इसके अलावा, पीएमयू ने एक बयान में कहा कि डिनर रिसेप्शन करतारपुर के दूसरे-चरण के विकास के लिए पिछले सप्ताहांत पर आयोजित किया गया था और यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की गई थी। बयान में कहा गया कि पीएमयू की ओर से शनिवार की रात (18 नवंबर) करतारपुरम में एक अनौपचारिक डिनर रखा गया था, जिसमें नरोवाल जिले के सभी महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बयान के मुताबिक, डिनर में न्यायपालिका, जिला प्रशासन, पुलिस, रेंजर, एंटी-नारकोटिक्स अधिकारी और पत्रकार शामिल हुए। इसमें कहा गया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य करतारपुर के दूसरे चरण के विकास से जुड़े सभी विभागों और हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ाना था।

### उगते सूर्य को ...

पिछले 4 दिनों से धूमधाम से छठ का पर्व मनाया जा रहा था। छठ पूजा में शामिल होने के लिए लोग अपने-अपने शहर पहुंचे, ट्रेनें खचाखच भरी थीं, तो वहीं लोग फ्लाइट का दोगुना किराया देकर भी छठ पूजा में शामिल होने अपने-अपने शहर पहुंचे। ऐसी मान्यता है कि जो एक बार छठ की पूजा शुरू करता है, उसे तब तक करना पड़ता है, जब तक दूसरी पीढ़ी से कोई व्रत को न उठाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिर्फ बिहार में ही करीब सवा करोड़ लोगों के घर छठ पूजा होती है। वहीं बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश और झारखंड में भी ये त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। चार दिन का पर्व छठ पूजा का समापन उषा अर्घ्य के साथ होता है। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ के व्रत का पारण किया जाता है। इस दिन व्रत रखने वाले लोग सूर्योदय से पहले नदी के घाट पर पहुंचकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके बाद सूर्य देव और छठ माता से संतान के सुखी जीवन और परिवार की सुख-शांति और सभी कष्टों को दूर करने की कामना करते हैं। छठ महापर्व पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य एवं अन्य दिनों में उनकी पूजा करते समय नीचे दिए गए मंत्रों का जप करने पर शीघ्र ही आपको मनाचाहा वरदान प्राप्त होगा। ॐ एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते, अनुकंपय माम् भक्तया गृहाणार्ध्यम् दिवाकर।।

### भारत-म्यांमार सीमा ...

स्थिति पर नजर रख रही है। डीजीपी शुक्ला ने कहा कि म्यांमार के चिन राज्य के सीमावर्ती इलाकों में विद्रोही समूहों और सैन्य जुंटा के बीच हालिया लड़ाई के बाद, मिजोरम में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में हैं। मिजोरम पुलिस और असम राइफल्स ने सीमावर्ती इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा तैनात की है। शुक्ला ने कहा कि घटना के बाद, म्यांमार सेना के 75 जवान मिजोरम में प्रवेश कर गए थे, उनको हमने सुरक्षाबल असम राइफल्स को सौंप दिया था। जिसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया है। इस लड़ाई से मिजोरम के सीमावर्ती इलाकों में पचास हजार से अधिक लोग घुस आए थे, उनमें से भी अधिकतर लोगों को वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए थे, जिनको चंफाई और एजल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एक सवाल के जवाब में शुक्ला ने बताया कि सीमा के उस पार की लड़ाई में हमारे नागरिकों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। हमारे लोग पूरी तरह से ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारे स्थानीय लोगों और एनजीओ के सदस्यों ने भारत में घुस आए लोगों के रहने और भोजन की व्यवस्था की। डीजीपी शुक्ला ने कहा कि जानकारी के मुताबिक दो प्रमुख शिविरों पर कब्जा कर लिया गया और इसके कारण म्यांमार के लगभग 75 हथियारबंद जवान मिजोरम में प्रवेश कर गए थे। हमने उन्हें बचाया और अपनी सीमा सुरक्षा बल असम राइफल्स को भी सौंप दिया। उन्हें वापस म्यांमार भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सीमा पर हालात बिल्कुल सामान्य हैं। आम नागरिकों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। असम राइफल्स के जवान और मिजोरम पुलिस के जवान पूरे हालात पर नजर रखे हुए हैं।

### बिहार में सनकी ...

गोलीकांड मामले में जांच करने पहुंचे मुंगेर रेंज के डीआईजी संजय कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। घटना में प्रयुक्त हथियार और मुख्य आरोपित आशीष चौधरी के घर के दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ चल रही है। डीआईजी ने बताया कि जल्द पुलिस की टीम मुख्य आरोपित आशीष चौधरी को पकड़ लेगी। पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि गोली मारने वाले आशीष चौधरी का संबंध सामने वाली घर की लड़की के साथ था। लड़की के परिवार उसकी शादी उससे नहीं करना चाहते थे जिसके कारण इस घटना को उक्त युवक ने अंजाम दिया।

### पन्नू के खिलाफ...

एयर इंडिया के विमान से यात्रा नहीं करने की सलाह दी थी और दावा किया था कि 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया से यात्रा करने पर जान को खतरा हो सकता है। पन्नू ने इसके अलावा धमकी दी थी कि एयर इंडिया को दुनिया भर में संचालन नहीं करने दिया जाएगा। पन्नू ने अपने वायरल वीडियो मैसेज में धमकी दी थी कि 19 से नवंबर को इंदिरा गांधी की जयंती पर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को बंद रखा जाए। पन्नू सिख फॉर जस्टिस संगठन से जुड़ा है। इसे गृह मंत्रालय ने 10 जुलाई, 2019 को यूएपीए के तहत प्रतिबंधित किया था। इसके अलावा पन्नू को भी 1 जुलाई, 2020 को इस कानून के तहत आतंकी घोषित किया जा चुका है।

तापमान
अधिकतम 30⁰ न्यूनतम 19⁰

# त्रिपुरा में ध्वस्त किए गए 65 सौ गांजा के खेत

### अलग-अलग धाराओं में 151 लोग लिए गए हिरासत में



**अगरतला ( हिंस )।** त्रिपुरा पुलिस द्वारा व्यापक पैमाने पर गांजा की खेती करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। 69वीं बीएसएफ बटालियन कर्मियों और वन विभाग के कर्मचारियों के साथ पीआर बारी थाना पुलिस ने घोष खमार क्षेत्रों में गांजा के पौधों को नष्ट करने का जोरदार अभियान चलाया। त्रिपुरा पुलिस ने आज एक आधिकारिक सूचना में कहा कि वन भूमि के पांच अलग-अलग भूखंडों से लगभग 65 सौ गांजा की खेती को काटकर, आग लगाकर नष्ट कर दिया गया। वहीं, राज्य भर में कुल 151 लोगों को विभिन्न आपराधिक धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार करने की आज त्रिपुरा पुलिस द्वारा जानकारी दी गई है।

# नरेंद्र मोदी, अमित शाह के कारण बोड़ोलैंड में स्थायी शांति : प्रमोद बोड़ो

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोड़ो ने आज कहा है कि बोड़ोलैंड क्षेत्र में स्थायी शांति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के कारण ही आई है। उन्होंने आज यहां बीटीआर के गठन के 3 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशाल समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों ही नेताओं ने बोड़ोलैंड के सभी गुटों से बात करके एनडीएफबी गुटों तथा अन्य सभी संगठनों को शांति समझौते के तहत लाया और इस क्षेत्र की शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि उस समय हमारे सामने मुद्दा विकास का या अन्य किसी भी चीज का नहीं था, बल्कि हमें स्थाई शांति की आवश्यकता थी। हमें इस बात को लेकर संशय था कि हमारी भूमि का अधिकार हमारे पास रहेगा या नहीं। हम इस बात से आशंकित थे कि यहां हम सभी जाति,



धर्म और समुदाय के लोग एक साथ मिलकर रह सकेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि बोड़ोलैंड अनिश्चितताओं से घिरा हुआ था। इन नेताओं के प्रयास से यह अनिश्चितताएं समाप्त हुई और आज हमारे विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज हर तरफ शांति है और इसी शांति से समृद्धि की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर राज्य के शहरी विकास आदि की मामलों के मंत्री अशोक सिंघल तथा अन्य कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# स्वर नियोजन के जरिए असम को उन्नत बनाएंगे : पीयूष

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के सूचना जनसंपर्क एवं जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि स्वनियोजन के जरिए असम को देश के 5 अग्रणी राज्यों में से एक राज्य बनाना है। इसके लिए राज्य के लाख बेरोजगार युवक-युवतियों को नौकरी देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नौकरियां वही लोग प्राप्त रहे हैं, जिनके अंदर मेधा है। जिनके बच्चे मेधावी नहीं है, उनके लिए भी सरकार ने मुख्यमंत्री आत्मनिर्भारशील योजना बनाई है। इसके जरिए राज्य के दो लाख युवक-युवतियों को अगले दो वर्ष में पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि वे अपना कारोबार खड़ा कर सकें। मंत्री हजारिका आज जोरहाट लोकसभा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश आगे बढ़ रहा है। कल प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। यह सब नरेंद्र मोदी के कुशल और सफल नेतृत्व की वजह से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो देश आने वाले दिनों में विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इसके लिए आने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी को भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाना होगा। मंत्री ने स्वीकार किया कि सभी काम पूरे नहीं हो चुके हैं। अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। लेकिन, सरकार दिन-रात काम करने में लगी हुई है। और, जो भी काम करना है उसे पूरी तत्परता और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने और भी कई विषयों पर प्रकाश डाला।

# तेममं का *दीपावली स्नेह मिलन करें अपनों संग* के पहला चरण संपन्न



**गुवाहाटी ( विभास )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेरापंथ महिला मंडल गुवाहाटी के तत्वावधान में स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल में अध्यक्ष अमराव बोथरा की अध्यक्षता में दीपावली *स्नेह मिलन करें अपनों के संग* के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र तथा साध्वी श्री जी के मंगल पाठ से हुई। अध्यक्ष अमराव बोथरा ने सभी बहनों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मिलेट्स द्वारा बनाए गए व्यंजनो की तथा सर्वश्रेष्ठ साज श्रृंगार की एक प्रतियोगिता रखी गई जिसके निर्णायक थे पूर्व अध्यक्ष विमला कोचर, विद्या कुंडलियां तथा मंजू भंसाली। तीनों ने दर्शक गणों से कई रोचक प्रश्न पूछे तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रियंका चोपड़ा द्वितीय स्थान भाग्यश्री चोपड़ा तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रीति कोटेचा ने। सर्वश्रेष्ठ सजा में प्रथम स्थान पर मीनू दूधोड़ीया तथा द्वितीय स्थान पर मंजू सेठिया रही सभी विजेता बहनों का पारितोषिक देकर सम्मान किया गया तथा प्रतिभागी बहनों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री ममता दुग्गड़ ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका सह मंत्री बबीता लुणावत, संध्या कोठारी तथा सुनीता मालू का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

# बामुनीमैदान में सरेआम महिला का नग्न शव बरामद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना आज गुवाहाटी के बामुनीमैदाम इलाके में घटी। बामुनीमैदाम सरीखे व्यस्त चौराहे पर एक नग्न महिला का शव बरामद होने को लेकर सनसनी फैला गई है। नग्न शव के पास कुछ कपड़े रखे हुए थे। कपड़े मृतक महिला का होने का अनुमान है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि महिला का बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या की गई है। और शव को सरेबाजार फेंकने का दुस्साहस किया। इस बर्बर कृत्य ने लोगों को अचंभित कर दिया है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अपराधी की तलाश में जुट गई है।

# मालीगांव गौशाला में गौ पूजा का आयोजन

**गुवाहाटी ( विभास )।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी के उपलक्ष में मालीगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण में गौ पूजन का आयोजन किया गया। गौशाला के पदाधिकारियों ने गौ माता की पूजा अर्चना कर उन्हें गुड, चापड व घास खिलाया। तत्पश्चात परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में वीर बजरंगबली की पुजा अर्चना व आरती भी की गई। इस मौके पर सुशील गोयल, गौतम शर्मा, पितराम केडिया, समित सराफ, विवेक सांगानेरिया, शैलेंद्र शर्मा, अरुण अग्रवाल, पवन शर्मा आदि मौजूद थे। मालीगांव गौशाला के प्रभारी प्रमोद शर्मा वहां आने वाले सभी गौ भक्तों को व्यवस्थित रूप से गौ पूजन करने में सहयोग करते देखे गए। दिन भर आज वहा भी भक्त गौ पूजन करने पहुंच रहे थे। मालूम हो कि करीब चार दशक बाद गत वर्ष से शुरू हुए मालीगांव गौशाला में भी आगामी 26 नवंबर को एक दिवसीय गोपाष्टमी मेले का आयोजन किया जाएगा।



# पशु तस्कर से हिरण को बचाया

**शोणितपुर ( हिंस )।** जिले की जामुगुड़ी थाना पुलिस ने दिघली चापरी से एक हिरण को बचाया। शोणितपुर पुलिस ने आज बताया कि सड़क पर संदिग्ध अवस्था में रुके हुए एक वाहन की तलाशी ली गई। उसमें एक बारह सींग वाला हिरण मिला। बाद में पुलिस ने उसे जब्त कर विश्वनाथ वन्यजीव प्रभाग के तहत पश्चिमी रेंज नागशंकर को सौंप दिया। इस सिलसिले में पुलिस द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज कर पशु तस्कर की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गुवाहाटी के हाथीगांव से बच्चे का अपहरण

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के हाथीगांव इलाके से एक शिशु का अपहरण होने को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। हाथीगांव थाना पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार शिशु का अपहरण उस समय कर लिया गया, जब वह अपनी बहन के साथ घर से थोड़ी दूरी पर खेल रहा था। पुलिस ने बताया कि यह घटना गत रविवार को गुवाहाटी हाथीगांव थाना क्षेत्र के सीजूबाड़ी स्थित कनकलता पथ में हुई। अपहृत बच्चे की उम्र 6 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने बताया कि अपहरणकर्ता बिना नंबर प्लेट की एक बाइक पर सवार होकर आया और बच्चे को खिलौने देने का प्रलोभन देकर बाइक पर बिठाकर चला गया। इस प्रकार की घटना इलाके में लगातार हो रही है। बच्चे की मां ने शीघ्र ही अपहरणकर्ता को पकड़ कर बच्चे को रिहा कराने की मांग की है।

# राज्यभर में आयोजित चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से संपन्न









**विश्वनाथ/फकीराग्राम/बंगाईगांव/होजाई ( विभास )।** विश्वनाथ जिले मे सूर्योपासना, प्रकृति व आस्था का महापर्व छठ पूजा का आज उदीयमान भास्कर को अर्घ्य देकर व्रतधारी ने चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न की। साथ ही 36 घंटा निर्जला व्रत का खंडन किया। प्रात: तीन बजे व्रतधारी घाट पहुंचकर छठी मैया की उपासना एवं उदय भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पूजा अर्चना की। छठ पूजा के मधुर पारंपरिक गीत गुनगुनाते छठी मैया की आराधना की। विश्वनाथ चारिआलि के आमबाड़ी में स्थित केंद्रीय श्री श्री छठ पूजा समिति के पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है, सभी धर्मावलंबियों के लोगों ने छठ पूजा का आनंद उठाया7 इस घाट में प्राय: तीन सौ से अधिक व्रतधारी ने छठ पूजा करके उगते हुए आदित्य को विभिन्न ऋतु फलों, ठेकुआ, मिष्ठान से सजे सूप व टोकरी से अर्घ्य देकर भास्कर को दूध अर्पित किया। अर्घ्य में पूजारी रमानंद ओझा ने सहयोग दी। इस घाट में व्रतधारी ने छठ पूजा धूमधाम व सोल्लास के साथ मनाया गया। इधर पश्चिम छठ पूजा समिति के घाट दुल्हन की तरह सजी थी, जिसमें असंख्य श्रद्धालु मौजूद थे7 साथ ही व्रतियों ने सूर्य देव को पूजा अर्चना कर देश की सुख समृद्धि कामना की। व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद महिलाओं को सिंदूर लगाकर प्रसाद स्वरूप पकवान और फलों का वितरण किया गया। इसके अलावा केंद्रीय श्री श्री छठ पूजा समिति के पूजा पंडाल में हवन (यज्ञ) का आयोजन किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष बलवीर राय, सचिव अयोध्या प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल शाह, सुधीर जयसवाल व समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इधर बालिचागं में श्री श्री छठ पूजा उद्यापन समिति ने भी छठ घाट पर व्रतधारी के लिए सभी सुव्यवस्था किया था। सुबह व्रतधारी को पंक्तिबद्ध तरीके से पूजारी ने दूध से भास्कर को अर्घ्य अर्पित कराया। घाट पर छठ पूजा का छटा छाया रहा। इस अवसर पर समिति शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मुरलीधर साहु व समाज के गणमान्य व्यक्ति ज्ञमौजूद थे। विश्वनाथ जिले के असम -अरुणाचल सीमावर्ती डफलागढ़, हेलम, बेदेती, बरगांग, मोनाबाड़ी, बाघमारी ,सोतिया, ईटाखोला और विश्वनाथ घाट में भी आस्था का महापर्व छठ की छटा (रौनक) छाई हुई थी। **कोकराझाड़** से हमारे संवाददाता के अनुसार लोक आस्था का महपर्व छठ धूमधाम से संपन्न हुआ। पर्व के मौके पर आज देशभर के साथ-साथ कोकराझाड़ जिले के सालाकाटी, गोसाईगांव, गुरुफेला, दोतमा, फकीराग्राम सहित विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा घाटो में सजावट व छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान छठ पूजा समितियों ने इस छठ व्रतधारियों के लिए सभी तरह की व्यवस्था की थी। आज सुबह बीटीसी के डिप्टी चीफ खंफा बरगयारी ने जिले सभी छट घाटों का दौरा किया और छठ व्रधियों के साथ-साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने ने छठ पूजा को लेकर कहा कि आज मुझे सभी छठ घाटों पर आकर बहुत अच्छा लगा और पूजा के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से कहा कि आने वाले दिन में केवल बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों के विभिन्न समुदाय के लोग भी छठ पूजा करेंगे। उनकी इस दौरे के दौरान बरगयारी के साथ कई नेतागण उपस्थित थे। जिन्होंने सभी व्रतधारियों के साथ-साथ पूजा-अर्चना की। **बंगाईगांव** से हमारे संवाददाता के अनुसार देश के अन्य हिस्सों के साथ बंगाईगांव में भी लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा का सफलतापूर्वक धुम धाम से धार्मिक रीति रिवाज से मनाया गया। सभी भक्तों एवं व्रतधारियों ने रविवार को शांयकालिन डुबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया तथा सोमवार को प्रात:कालीन सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिवसीय इस महापर्व का समापन हुआ। इस अवसर पर बंगाईगांव के सभी घाटों को मनमोहक ढंग से सजाया गया था। विभिन्न घाटों जैसे पम्पू हाउस, पालपाड़ा, चायबगान, मोटर गढ़ा, चापागुड़ी, टुनीयापार, डांगतोला आदि घाटों पर बड़ी संख्या में भक्तों ने इस महापर्व को मनाएं। छठ पर्व का महत्व इतना बढ़ गया है कि बिहार एवं उत्तर प्रदेश के लोगों के अलावा प्राय: सभी वर्गों के भक्त इस पर्व को बड़े आस्था के साथ मनाते हैं। सभी भक्त विभिन्न प्रकार के फल व पकवान लेकर घाट पहुंचते हैं तथा पानी में खड़ी होकर दूध अर्पण करते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देते हैं। इस वर्ष शांति पूर्वक व व्यवस्थित तरीके से मनाए गए छठ पर्व का श्रेय स्थानीय प्रशासन के साथ साथ सभी घाटों की प्रबंधन समितियों को जाता है जिनके अथक प्रयासों के कारण यह पर्व सफलता पूर्वक एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ। इंडिया-ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के फाइनल मुकाबले को देखते हुए कई घाटों पर बड़ी-बड़ी स्क्रीनों भी लगाई गई थी ताकि उपस्थित भक्तगण इस खेल का भी आनंद ले सके। कार्यक्रम को सफल करने में विक्की गुप्ता, अनिल साहनी, चंदन गुप्ता, अशोक सिंह के साथ छठ कमेटी के सभी सदस्यों का भरपूर सक्रिय सहयोग रहा। श्री छठ पूजा केंद्रीय समिति (पम्पू हाउस-पालपाड़ा घाट) के अध्यक्ष श्री आलोक पंडित एवं सचिव श्री अनिल प्रसाद ने सभी भक्तों को इस छठ महापर्व को सफल करने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। **होजाई** से हमारे संवाददाता के अनुसार पूरे देश के साथ-साथ होजाई जिले में भी धूमधाम से छठ महापर्व मनाया गया। शहर के विश्वनाथ मंदिर के पोखरा और होजाई नया बाजार पोखरे पर हजारों की संख्या में छठ व्रतधारी तथा श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोक आस्था का महापर्व छठ पर महिलाएं पोखरे में उतर कर भगवान भास्कर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महोत्सव हर्षोल्ला संपन्न हुआ। वहीं हजारों की संख्या में भक्तगण धूप-दीप, फल-प्रसाद चढ़ाकर भगवान की आरधना की। इसके अलावा मिलिक बस्ती, आम तोला, सिंगारी बस्ती, तेली बस्ती, कृष्णा नगर, बड़ोबस्ती, मंडली, लश्कर पत्थर, दरिया बस्ती, भिमर अली, मैनापूर, आदि स्थानों पर छठ व्रतधारियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर से सुख-शांति की कामनाएं की।

# राज विस चुनाव : गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं, कांग्रेस को सबक सिखाना जरूरी : प्रधानमंत्री



**पाली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी है। राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं, यह महिलाओं का अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को पाली के जाडन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपके मोबाइल का बिल भी कम कर दिया है। डेटा की वर्ष 2014 से पहले की कीमत होती तो आज आपको एक मोबाइल पर अधिक खर्च करने पड़ते। एक परिवार में कम से कम चार मोबाइल होते हैं, मोदी ने यह खर्चा बचाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है।

दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत वाली मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं। सनातन को खत्म करने का मतलब है, राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना। मोदी ने कहा कि महिलाओं और दलितों को लेकर कांग्रेस और इनके गठबंधन के नेता कैसी-कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। बिहार के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं, इसलिए उनकी बेइज्जती करने में उन्हें आनंद आता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दलित परिवारों पर अत्याचार पर कांग्रेस ने किया है। जब से महिला आरक्षण विधेयक पास हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर वन बना दिया है। यहां के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राजस्थान की बहनों-बेटियों ने पुलिस थाने में फर्जी शिकायत दर्ज कराई है। कोई मां-बहन हमारे देश में ऐसा नहीं कर सकतीं। इसमें कुछ तो सच होगा।

मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि महिलाएं फर्जी शिकायत लिखवा देती हैं। महिलाओं का अपमान करने वाले मंत्री को कांग्रेस ने टिकट दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार महंगा पेट्रोल बेचकर कट की कंपनी चलाती है। मैं गारंटी देता हूं कि तीन दिसंबर के बाद भाजपा सरकार बनेगी तो पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा की जाएगी। पड़ोसी राज्यों में भाजपा सरकारें सस्ती दरों पर पेट्रोल बेच रही हैं। मोदी ने कहा कि राजस्थान में पूरी कोशिश के बाद भी राजस्थान में अब तक 20 लाख घर बना पाए हैं। गरीब विरोधी मानसिकता कांग्रेस की है। राजस्थान में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के काम में भी कांग्रेस ने लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली से पाइप-नल के लिए पानी भेजता हूं, यहां कांग्रेसी कागज पर नल लगाते हैं और पैसे डकार जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विज्ञापनों में पैसे देकर फर्जी लहर चला रही है। लाल डायरी और लॉकर से निकले पैसों पर मुख्यमंत्री धमका रहे हैं। कांग्रेस का यह पाप ज्यादा नहीं चलेगा।

## दिल्ली में 24 घंटे खोले जा सकेंगे 83 और व्यावसायिक प्रतिष्ठान



अजय त्यागी


**नई दिल्ली।** दिल्ली में नाइट लाइफ, आर्थिक गतिविधि और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार ने 83 व्यावसायिक प्रतिष्ठनों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने श्रम विभाग से मिले प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ये व्यवसायिक प्रतिष्ठान शॉप, रेस्टोरेंट, रिटेल आदि श्रेणी के हैं। दुकान स्वामियों को दिल्ली शाप एस्टेबलिशमेंट एक्ट 1954 में दिए प्रविधानों और नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकार इन दुकानों की निगरानी भी करती रहेगी, ताकि कोई नियमों का उल्लंघन करे। अब उपराज्यपाल से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद ये दुकानें 24 घंटे संचालित हो सकेंगी। श्रम विभाग के पास 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 122 आनलाइन आवेदन आए थे। इनमें से 29 आवेदन पत्रों में कमियों की वजह से विचार नहीं किया गया जबकि 83 आवेदन पत्रों सही पाए गए। दिल्ली सरकार ने जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है, उनमें विभिन्न श्रेणी की दुकानें हैं। इन प्रतिष्ठानों के क्षेत्र भी तय कर दिए गए हैं। द्वारका, माता सुंदरी, नेताजी सुभाष प्लेस, करोल बाग, सरिता विहार, कमला नगर, सिलेक्ट सिटी, ग्रेटर कैलाश-1 में शाप श्रेणी की एक-एक दुकान खुलेगी। इसी तरह डिफेंस कालोनी और आइजीआइ एयरपोर्ट पर रेस्टोरेंट की एक-एक दुकान 24 घंटे खुलेगी। राजौरी गार्डन, ककरौला, लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन, रोशनआरा सब्जी मंडी, पीतमपुरा, चंद्रावली, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया व फेस-2, सेक्टर-3 रोहिणी, उद्योग नगर, धीरपुर, यमुना बैंक, पालम डाबरी आदि में भी अनुमति दी गई है।

## पारित बिलों को राज्यपाल की मंजूरी में देरी का मामला, केंद्र सरकार व राज्यपाल कार्यालय को नोटिस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की तरफ से जानबूझकर देरी मामले में केरल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और केरल के राज्यपाल कार्यालय को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने 24 नवंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केरल सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ दो याचिका दायर की हैं। पहली याचिका में सुप्रीम कोर्ट में केरल हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें एक वकील की ओर से राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में जानबूझकर देरी करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी गई थी। ये याचिका केरल हाई कोर्ट के एनार्कुलम बेंच के 30 नवंबर 2022 के आदेश के खिलाफ दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई दूसरी याचिका में केरल सरकार ने राज्यपाल को बिना किसी देरी के लंबित बिलों के निस्तारण का निर्देश देने की मांग करते हुए कहा है कि राज्यपाल उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयक को उचित समय के भीतर निपटाने के लिए बाध्य हैं। केरल सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करने में देरी कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा आठ से अधिक पब्लिक वेल्फेयर से जुड़े बिल पर विचार करने में अनुचित देरी करके राज्यपाल अपने संवैधानिक कर्तव्यों में विफल रहे हैं।


## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम के मैदान में घुसने वाले ऑस्ट्रेलियाई युवक पर एफआईआर दर्ज, स्लोगन का उल्लेख नहीं

**- ऑस्ट्रेलियाई युवक पर पहले से दर्ज हैं तीन मामले**



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में हुए क्रिकेट विश्वकप फाइनल मैच के दौरान बीच मैदान पर पहुंच जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई युवक वेन जानसन के खिलाफ चांदखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उस पर पुलिसकर्मी को धक्का मारकर मैदान में घुसने और विराट कोहली को गले लगाने की कोशिश में उसे डिस्टर्ब करने की कोशिश का आरोप है। प्राथमिकी में उसके टीशर्ट पर लिखे स्लोगन को लेकर किसी तरह का उल्लेख नहीं है। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार को फाइनल मैच हो रहा था। भारतीय बैटिंग के दौरान ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बेन जानसन रेलिंग फांद कर मैदान में घुस आया। वह विराट की ओर दौड़ा और उन्हें गले लगाने की कोशिश की। युवक की टीशर्ट पर स्टॉप बॉम्बिंग फिलिस्तीन और रिलीज फिलिस्तीन का स्लोगन लिखा था। युवक को मैदान में देख कर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। बाद में उसे चांदखेड़ा पुलिस अपने साथ ले गई। एजेंसियों ने युवक के किसी आतंकी संगठन से जुड़ाव के संदेह को लेकर भी जांच शुरू की है। चांदखेड़ा पुलिस सूत्रों के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई युवक बेन जानसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसके खिलाफ पहले से आस्ट्रेलिया में तीन मामले दर्ज हैं। युवक के पिता चीन और माता फिलिस्तीन की है। प्राथमिक जानकारी में पता चला कि वह विराट कोहली का फैन है और इसी वजह से उसने विराट को करीब जाकर गले लगाने की कोशिश की। युवक के पिच तक पहुंचने को लेकर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भेदने को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों की मौजूदगी में युवक रेलिंग कूद कर मैदान में पहुंचा था। स्टेडियम के आसपास 6 हजार पुलिस के जवान और बाहर करीब 10 हजार पुलिसकर्मी मौजूद थे। इनके बावजूद युवक पिच तक पहुंच गया।

## भूकंप के झटकों से कांपे महाराष्ट्र सहित तीन राज्य



**मुंबई (ईएमएस)।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा स्थित हिंगोली जिले में सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सोमवार की सुबह 5 बजकर 9 मिनट पर आये इस भूकंप का केंद्र हिंगोली जिले में धरती की सतह के 5 किलोमीटर नीचे रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई है।भूकंप से अभी तक किसी भी तरह के जान माल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन इसके झटके तेलंगाना और कर्नाटक तक महसूस किये गये । भूकंप का केंद्र तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से 255 किलोमीटर और नागपुर से 265 किलोमीटर दूर पूर्वी महाराष्ट्र के हिंगोली जिला में बताया जा रहा है। इससे पहले 19 नवंबर की शाम शाम 6 बजकर 36 मिनट पर अरब सागर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी की मानें तो रविवार शाम 6 बजकर 36 मिनट पर अरब सागर में आए इस भूकंप की रविवार को नेपाल और जम्मू कश्मीर के डोडा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेपाल में रविवार दोपहर पौने तीन बजे 3.9 और जम्मू कश्मीर के डोडा में रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे 2.6 की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

## संघ प्रमुख और महासचिव ने सरदार चिरंजीव सिंह के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संघ के वरिष्ठ प्रचारक सरदार चिरंजीव सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। संघ प्रमुख व सर कार्यवाह ने संयुक्त रूप से शोक संदेश जारी कर कहा- 'आदरणीय सरदार चिरंजीव सिंह जी के देहावसान के साथ राष्ट्र के लिए समर्पित एक प्रेरणादायी जीवन की इहलोक यात्रा पूर्ण हुई है।' आजीवन संघ के निष्ठावान प्रचारक रहे सरदार चिरंजीव सिंह जी ने पंजाब में दशकों तक कार्य किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सिख संगत के कार्य के द्वारा उन्होंने पंजाब में पैदा हुई कठिन परिस्थिति के कारण उत्पन्न परस्पर भेद और अविश्वास को दूर कर समूचे देश में सांझीवालता और राष्ट्र- भाव के प्रकाश में एकात्मता और सामाजिक समरसता को पुष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अगाध परिश्रम, पंजाब की गुरु-परंपरा के गहन अध्ययन, उत्तम संगठन कौशल्य के कारण असंख्य लोगों को उन्होंने राष्ट्रीयता के प्रवाह में जोड़ दिया। सरदार चिरंजीव सिंह जी के स्नेहिल और मधुर व्यक्तित्व ने सब को जीत लिया था। कुछ समय से अस्वस्थता के कारण सक्रिय नहीं रह पाने पर भी उनके उत्साह में कमी नहीं थी। आदरणीय सरदार जी के निधन पर हम उनके परिजन व परिचितों को अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं तथा अकाल पुरुष से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा दिव्य ज्योति में लीन होवे।

# जखीरा से कर्मपुरा तक बनेगा 2.2 किमी लंबा फ्लाईओवर




अजय कुमार

**नई दिल्ली।** जखीरा से कर्मपुरा तक बनेगा 2.2 किमी लंबा फ्लाईओवर पीडब्ल्यूडी ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी फर्म हायर करने के लिए जारी किया टेंडर पश्चिमी दिल्ली को उत्तरी दिल्ली से जोड़ने वाले शिवाजी मार्ग पर भीषण जाम से जूझ रहे लोगों को राहत मिलने वाली है। इस मार्ग को सिग्नल फ्री करने के लिए जखीरा से कर्मपुरा तक 2.2 किमी लंबा फ्लाईओवर बनाने की योजना है। जिससे पटेल रोड और रोहतक रोड कनेक्ट हो जाएगी। इससे मार्ग पर तीन लाल बत्तियां बंद हो जाएंगी। योजना के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी फर्म हायर करने के लिए टेंडर जारी किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस पर जल्द काम शुरू किया जाएगा। फ्लाईओवर बनने के बाद जखीरा से कर्मपुरा रोड पटेल रोड और रोहतक रोड जुड़ जाएगा। पश्चिमी दिल्ली के लोगों के लिए यह मुख्य मार्ग है। इसे देखते हुए मार्ग पर वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर विकास और स्ट्रीट कनेक्टिविटी की योजना बनाई गई है। विभागीय सर्वे के अनुसार, भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर खराब डिजाइन, मार्ग पर लाल बत्तियां और पैदल चलने वालों के लिए क्रॉसिंग की कमी से लोगों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही मार्ग पर लालबत्तियों पर अव्यवस्था से भीषण जाम लग जाता है।

इस रोड पर अनधिकृत पार्किंग, ई-रिक्शा की भी भरमार है। हर दिन इस मार्ग से लाखों लोग आवागमन करते हैं, जिन्हें जाम और अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## संजय सिंह की याचिका पर ईडी को नोटिस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई दिसंबर के दूसरे हफ्ते में करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने की बजाय निचली अदालत में जमानत का आवेदन देना बेहतर होता। संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए याचिका दायर की है। उल्लेखनीय है कि 4 अक्टूबर को संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। 20 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि कानून के आधार पर ही गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसी पर राजनीति के आधार पर काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने संजय सिंह की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जांच-पड़ताल के बाद ही कानूनी प्रक्रिया के तहत संजय सिंह की गिरफ्तार हुई। जांच के दौरान ये खुलासा हुआ कि संजय सिंह भी दिल्ली आबकारी घोटाले की साजिश का हिस्सा थे। संजय सिंह को दिनेश अरोड़ा और अमित अरोड़ा को करीबी बताते हुए दो करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया गया।

## राशन वितरण भ्रष्टाचार - ईडी के रडार पर खाद्य विभाग के अधिकारी, कारोबारी तक पहुंचाएं सील-मोहर, विभाग के लॉगिन आईडी पासवर्ड




**कोलकाता, (हि.स.)।** राज्य के चर्चित राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में राज्य खाद्य विभाग के अधिकारी आ गए हैं। इस सिलसिले में सबसे पहले गिरफ्तार किए गए राशन कारोबारी बकीबुर रहमान के घर से बरामद हुए खाद्य विभाग के असली सील और मुहरों को लेकर के जांच शुरू हुई है। ईडी अधिकारी खाद्य विभाग के उन कर्मचारियों और अधिकारियों की तलाश में जुट गए हैं जिन्होंने इन्हें बकीबुर तक पहुंचाया है। यहां तक कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी इस बात से हैरान हैं कि घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार व्यवसायी के पास राज्य सरकार के लॉग-इन आईडी और पासवर्ड कैसे पहुंचे। गिरफ्तार कोलकाता के व्यवसायी बकीबुर रहमान की राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधीन अधीनस्थ कार्यालयों की साख तक पहुंच थी। छापे और तलाशी अभियान के दौरान, जांच एजेंसी ने रहमान के विभिन्न कार्यालयों से राज्य सरकार की कई मुहरें जब्त की, जो सभी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से जुड़ी थीं। बरामद की गई मुहरों में पश्चिम बंगाल आवश्यक वस्तु आपूर्ति निगम लिमिटेड के साथ-साथ मुख्य निरीक्षक, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप-निरीक्षक की मुहरें शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार की मुहरों की बरामदगी और गिरफ्तार व्यवसायी के पास महत्वपूर्ण लॉग-इन आईडी और उनके पासवर्ड तक पहुंच होना, साबित करता है कि विभाग में उसका कितना प्रभाव और दबदबा था। ईडी अधिकारियों का मानना है कि किसी भी सरकारी विभाग में किसी भी कारोबारी का इस तरह का प्रभाव और दबदबा तब तक संभव नहीं है जब तक कि कारोबारी को उच्च अधिकारियों का समर्थन प्राप्त न हो। इस बीच, राज्य के निवर्तमान वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक, जिन्होंने पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में भी काम किया था, इस मामले में अपनी कथित संलिप्तता को लेकर वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी ने पैकेज्ड आटा विपणन संस्थाओं के गठजोड़ के साथ रहमान के संबंधों की भी पहचान की है, जिन्हें वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आटा बेचता था।

## दिल्ली के मुख्य सचिव ने वेबसाइट के खिलाफ हाई कोर्ट में मानहानि केस दायर किया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने द वायर वेबसाइट के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि केस दायर किया है। हाई कोर्ट आज ही इस याचिका पर सुनवाई करेगा। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने भ्रामक लेख प्रकाशित करने का आरोप लगाते हुए द वायर के खिलाफ मानहानि याचिका दाखिल की है। नरेश कुमार ने अपनी मानहानि की अर्जी में कहा कि द वायर द्वारा उनपर लगाए गए आरोप झूठे, निराधार और भ्रामक हैं। साथ ही सभी आरोप सच और सही तथ्यों से पूरी तरह अलग हैं।

अर्जी में कहा गया है कि वायर ने अपने लेख के जरिए उनको दोषी ठहरा दिया और लेख से ऐसा लग रहा है कि वह किसी अवैध गतिविधि में शामिल हैं।

# बंदरगाह में भीषण आग लगने से 40 नौकाएं जलकर खाक, करोड़ों का हुआ नुकसान



**विशाखापट्टनम (ईएमएस)।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मछली पकड़ने के बंदरगाह में भीषण आग लगने से करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। यहां पर एक नाव में लगी आग बढ़ते-बढ़ते 40 नावों तक फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार विशाखापट्टनम के मछली बंदरगाह पर आग आधी रात तक लगभग 40 फाइबर-मशीनीकृत नावों में फैल गई। पुलिस और दमकल दल ने तुरंत आग बुझाने की कार्रवाई की और आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। डीसीपी आनंद रेड्डी ने कहा कि इस बारे में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मछुआरों को संदेह है कि कुछ अपराधियों ने नावों में आग लगा दी है। जबकि एक नाव में किसी पार्टी होने के कारण उसमें आग लग गई थी। बंदरगाह से दमकल के लोगों को आग बुझाने की कोशिश करते हुए देखा गया। जबकि मछुआरे असहाय होकर आग को देखते रहे और उनकी आजीविका के साधन जलकर खाक हो गए। ईंधन टैंकों तक आग पहुंचने के कारण कुछ नौकाओं में विस्फोट भी हुआ। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। डीसीपी आनंद रेड्डी ने कहा कि आग रात करीब 11:30 बजे लगी। उन्होंने कहा कि नावों पर सिलेंडर के कारण विस्फोट हुआ है, इसलिए लोगों से दूर रहने के लिए कहा गया। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया हैं। आग लगने के कारण की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। किसी के हताहत होने की सूचना भी नहीं है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। विशाखापट्टनम के मछुआरों ने कहा कि आग के कारण मछली पकड़ने वाली लगभग 40 नौकाएं जल गईं। हर नाव की कीमत कम से कम 40 लाख रुपये थी।

# सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों का कुशलक्षेम जानने वाले परिजनों का खर्चा उठाएगी सरकार

**-श्रमिकों के परिजनों से समन्वय बनाने के लिए तीन और अफसर भेजे गए उत्तरकाशी**



**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग प्रकरण में सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार अब श्रमिकों का कुशलक्षेम जानने वाले परिजनों का खर्चा प्रदेश सरकार उठाएगी। हालांकि सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने का काम तेजी से चल रहा है। इस दौरान यदि श्रमिकों के परिजन उनका हाल जानने को आ रहे हैं तो उनके आवागमन, रहने-खाने का इंतजाम सरकार करेगी। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा दूसरे राज्य के अधिकारियों से बचाव कार्य समेत अन्य जानकारी साझा करने को समन्वय टीम में तीन और अधिकारियों को मौके पर भेज दिया है। सभी अधिकारियों को बचाव कार्य से जुड़ी व्यवस्थाओं में तत्काल योगदान देने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को बताया कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने को बचाव कार्य सभी स्तर पर युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सुरंग में बचाव कार्य के साथ ही श्रमिकों का कुशलक्षेम पूछने आ रहे परिजनों से बेहतर समन्वय स्थापित कर पल पल की जानकारी साझा की जा रही है। इसके लिए दूसरे राज्यों के श्रमिकों के परिजनों और इन राज्यों के अधिकारियों से संपर्क-समन्वय बनाए रखने को घटना के दिन से ही उत्तरकाशी में पुलिस का कंट्रोल रूम स्थापित किया जा चुका है। वहां से परिजनों को अपडेट जानकारी दी जा रही है। शासन स्तर पर भी वरिष्ठ आईएएस डॉ नीरज खैरवाल को केंद्रीय संस्थानों, एजेंसियों और विशेषज्ञों की टीम से समन्वय की जिम्मेदारी पहले ही दी गई है। साथ ही एसडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी को भी पहले से मौके पर भेजा गया है। मुख्यमंत्री के गत दिवस सिलक्यारा में दिए गए निदेर्शों पर गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने हरिद्वार के एसडीएम मनीष सिंह, डीएसओ हरिद्वार तेजबल सिंह और डीपीएओ रुद्रप्रयाग अखिलेश मिश्रा को टीम में शामिल करने के आदेश दे दिए हैं। यह सभी अधिकारी जिलाधिकारी उत्तरकाशी के निर्देश पर श्रमिकों के परिजनों के लिए भोजन, आवास और परिवहन के अलावा बचाव कार्य से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्था देखेंगे। सभी को तत्काल मौके पर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड सरकार ने श्रमिकों के परिजनों को घटनास्थल तक आवागमन, प्रवास और अन्य जरूरी देखभाल का भी पूरा इंतजाम सरकार ने किया है, ताकि श्रमिकों का कुशलक्षेम जानने के लिए यहां आने वाले परिजनों को कोई कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि श्रमिकों के जो परिजन यहां आना चाह रहे हैं उनके आवागमन का व्यय उत्तराखंड सरकार वहन करेगी। इसके लिए उक्त अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया यहां आने वाले परिजनों के मोबाइल रिचार्ज से लेकर भोजन, आवास व आवागमन जैसी जरूरतमंद सभी व्यवस्था की जाये।

# देशहित में है वन नेशन, वन इलेक्शनः रामनाथ कोविंद

## -निजी कार्यक्रम में शामिल होने सपरिवार पहुंचे हैं पूर्व राष्ट्रपति



**रायबरेली, (हि.स.)।** पूर्व राष्ट्रपति और वन नेशन वन इलेक्शन के चेयरमैन रामनाथ कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और इसका सभी ने किसी न किसी समय समर्थन किया है, इसके लिए वर्तमान में आम सहमति के प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति सोमवार को रायबरेली में निजी कार्यक्रम में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं समेत राजनैतिक पार्टियों से सुझाव मांगे गए हैं। कई पार्टियों समेत नीति आयोग और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं ने इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनैतिक दल सहमत नहीं हैं जिसे लेकर बीच का रास्ता निकाला जा रहा है जिससे देशहित में इसे जल्द लागू किया जा सके। इसका फायदा केंद्र की सत्ताधारी पार्टी चाहे भाजपा हो, कांग्रेस या अन्य कोई पार्टी, उसे वन नेशन वन इलेक्शन का सीधा फायदा मिलेगा। जनता भी लाभान्वित होगी क्योंकि इससे देश के करोड़ों रुपये की बचत होगी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जनपद आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सोमवार को वे रायबरेली जनपद में निजी कार्यक्रम में शामिल पहुंचे हैं। उनके आईटी गेस्ट हाउस पहुंचने पर डीएम हर्षिता माथुर, एडिशनल एसपी नवीन सिंह और एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। आईटीआई गेस्ट हाउस में अल्प विराम के बाद शिवाजी नगर स्थित बेटी की ससुराल में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

# उप्र भाजपा के क्षेत्र व जिला प्रभारी बदले



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के सभी छः क्षेत्रों समेत सांगठनिक सभी 98 जिलों में प्रभारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश को पश्चिम क्षेत्र, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को ब्रज व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को कानपुर क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार अवध क्षेत्र के प्रभारी रहे अमरपाल मौर्य को काशी क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश महामंत्री संजय राय को अवध क्षेत्र और प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला को गोरखपुर क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सोमवार को संपन्न बैठक को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, ज़िला अध्यक्ष एवं ज़िला प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश के सभी छह क्षेत्रों समेत 98 जिलों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। सभी लोकसभा क्षेत्रों में संचालन समिति भी बनायी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें हम जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता से जो संकल्प किया था। उन सभी संकल्पों को मोदी और योगी के नेतृत्व में पूरा किया गया है।

**सभी जिलों के प्रभारी बदले गये** - प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सांगठनिक दृष्टि से प्रदेश के सभी 98 जिलों के जिला प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मुरादाबाद महानगर में राजेश यादव, मेरठ जिला में मयंक गोयल, हापुड़ में सत्यपाल सैनी और नोएडा महानगर में कांता कर्दम को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार हेमंत राजपूत को संभल, अशोक कटारिया को मथुरा, हर्षवर्धन आर्य को एटा, डीपी भारती को हाथरस और मोहित बेनीवाल को बरेली महानगर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा शाहजहांपुर सुरेश राणा, कानपुर देहात अशोक राजपूत और रंजना उपाध्याय को फतेहपुर का प्रभारी बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री के 28 नवंबर के लोहरदगा दौरे की तैयारियां तेज, डीसी-एसपी ने संभाला मोर्चा



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लोहरदगा जायेंगे। मुख्यमंत्री के लोहरदगा जाने का यह कार्यक्रम तय हो चुका है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो चुकी है। मुख्यमंत्री यहां पर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां पूरी व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तर से भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक पंचायतवार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का निर्देश झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के स्तर से दिया गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने अलग-अलग तिथियां में अलग-अलग पंचायत में इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरी रूपरेखा तय की है। सबसे पहले 24 नवंबर को उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान सेन्हा के अलावे अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद अंतिम रूप से 26 दिसंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरु सेन्हा के अलावा अन्य दो पंचायत में यह कार्यक्रम आयोजित करते हुए पूरे अभियान का समापन किया जाएगा। मुख्यमंत्री 28 नवंबर को लोहरदगा जाएंगे। इस बात की पुष्टि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने की है। झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासनिक तौर पर भी तैयारी की जा रही है। ड-ीसी, एसपी और लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सहित प्रश-ासन और पुलिस के वरीय पदाधिकारी ने अलग-अलग स्थलों का निरीक्षण भी किया है।

# हिंदू समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है गौमाता की हत्या, होनी चाहिए रक्षा : मेयर



**बेगूसराय, (हि.स.)।** गोपाष्टमी का त्योहार सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बेगूसराय जिला मुख्यालय स्थित श्रीगौशाला समिति में गोपाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया है। परंपरा के अनुसार गौ-पूजन, मिष्ठान भोजन, दीप-दान तथा हवन किया गया। इसके साथ ही गौशाला के विकास के लिए वर्ष भर की रूपरेखा तय की गई है। मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बाबूराम ने कहा कि गौशाला समिति शानदार तरीके से गौ माता की सेवा कर रही है। परिसर को काफी साफ सुथरा रखा गया है। गौ सेवा पुण्य और प्रशंसनीय कार्य है, समिति के प्रयास से यहां रह रही गाय पूरी तरह से स्वस्थ है। 1886 में गौ प्रेमी भक्तो द्वारा स्थापित यह गौशाला बेहतर प्रबंधन, समर्पण, त्याग, निःस्वार्थ सेवा से निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मेयर पिंकी देवी ने कहा कि गोपाष्टमी हिंदुओं के लिए पुण्य का दिन है। गौशाला समिति बेहतर कार्य कर रही है यहां 189 गोधन हैं, जिस पर प्रत्येक वर्ष 90 लाख रुपए खर्च होते हैं। सभी लोग इसमें सहयोग करें, सरकार इसे विकसित करे। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता है। हमारा सनातन धर्म संस्कृति सिखाता है कि गाय की रक्षा करनी चाहिए। हम पूजा-पाठ करें या नहीं करें, गाय की सेवा करने से सभी पुण्य मिल जाता है। मेयर पिंकी देवी ने कहा कि हम सबका परम कर्तव्य है कि गाय की रक्षा करें। गौ माता की रक्षा से समाज का सर्वांगीण विकास होगा। समाज सुधार के लिए भी इनकी रक्षा जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज गौ माता की रक्षा नहीं, उनकी हत्या हो रही है। हिंदू समाज के लिए गौमाता की हत्या से बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात और क्या हो सकती है। इसलिए गौ हत्या पर अविलंब पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। समिति के सचिव विनोद हिसारिया ने कहा कि पूरे बिहार में 86 गौशालाएं है, जिनमें बेगूसराय गौशाला आदर्श गौशाला के रूप में जानी जाती है। अभी करीब 250 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, वर्तमान में 189 गौधन गौशाला में है। सारी व्यवस्था गौशाला की अपनी है, पशुपालन विभाग द्वारा कुछ बिमारी के टीका के अलावा अन्य किसी भी तरह का सहयोग नहीं मिलता है। इसलिए इनके रख-रखाव में लगातार लागत बढ़ती जा रही है। गौशाला परिसर पशुधन की संख्या के अनुसार छोटा पड़ता जा रहा है। भर्रा में पौने दो बीघा गौशाला की जमीन पर घेराबंदी कर गोदाम एवं स्टोर रूम बनकर तैयार हो चुका है। राज्यसभा सांसद सुशील मोदी द्वारा सांसद निधि से 50 लाख रुपये की अनुशंसा दो वर्ष पूर्व किया गया। जिससे भर्रा में गौशाला का निर्माण किया जाना था। राशि योजना विभाग के खाते में आ गई है, लेकिन दो साल से जिला योजना विभाग अटका कर रखे हुए है। गौशाला में पंचगव्य पर आधारित दवाओं का निर्माण एवं वर्मी आदि बनाने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। गौमाता की सेवा से मानवमात्र और विश्व का कल्याण होता है। गौमाता बचेगी तो धर्म बचेगा, गौमाता बचेगी तो संस्कृति बचेगी। गौसेवा और गौरक्षा दोनों ही अतिआवश्यक है। गोपाष्टमी मूलरूप से गाय के प्रति प्रेम, आस्था के कारण ही अनादिकाल से उत्सव के रूप में हम मनाते आ रहे हैं।

# 22 जनवरी को इस मुहूर्त में विराजेगें रामलला मंदिर में, संघ परिवार ने बनाया व्यापक योजना



**अयोध्या, (हि.स.)।** अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर निर्मित मंदिर में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसके बाद मंदिर देश-दुनिया के भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। इसे लेकर संघ परिवार ने व्यापक योजना तैयार किया है। राम मंदिर अयोध्या में उद्घाटन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर का उद्घाटन होना तय हुआ है। इसके लिए प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त का समय भी तय कर लिया गया है। इतना ही नहीं, संघ परिवार ने देश भर में राम मंदिर को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आगामी 22 जनवरी को मकर संक्रांति के बाद अभिजीत मूहूर्त में मृगषिरा नक्षत्र में दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। इस समारोह को अंतरराष्ट्रीय स्वरुप देने के लिए संघ परिवार में बैठकों का दौर जारी हो गया है। समारोह को अभियान का रूप दिया जाएगा और इसे चार चरणों में चलाने की योजना है। इसका पहला चरण 19 नवंबर से शुरू कर दिया गया है जो आगामी 20 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इसे लेकर समारोह की कार्ययोजना को अंतिम रुप दिया जा रहा है। इस-ीके लिए छोटी-छोटी संचालन समिति बनाई जा रही है। जिला और खंड स्तर पर दस-दस लोगों की टोली बनाई जाएगी।

**मंदिर आंदोलन के कारसेवक भी होंगे शामिल** - दस-दस लोगों की टोलियों में मंदिर आंदोलन के कारसेवकों को विशेष रूप से शामिल करने की योजना है। यह टोलियां 250 स्थानों पर बैठकें करके समारोह में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील करेंगी। दूसरा चरण एक जनवरी में शुरू करने की योजना है। इसमें घर-घर संपर्क किया जाएगा और दस करोड़ परिवारों को पूजित अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र और पत्रक दिया जाएगा। इसी के साथ लोगों से आगामी 22 जनवरी को देश भर में दीपोत्सव मनाने की अपील भी की जाएगी।

**तीसरा चरण की शुरूआत** - 22 जनवरी जिस दिन प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है, उसे तीसरे चरण में रखा गया है। उस दिन देश भर में दीपोत्सव, घर-घर अनुष्ठान आदि की योजना बनाई गई है। चौथे चरण में देशभर के रामभक्तों को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चौथा चरण गणतंत्र दिवस से शुरू होकर अगले महीने 22 फरवरी तक चलाने की योजना है। सभी कार्यक्रमों और अभियानों की रुपरेखा को प्रांतवार तैयार किया जा रहा है। अवध प्रांत के कार्यकताओं को 31 जनवरी और एक फरवरी को दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# पावरलूम फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान



**मेरठ, (हि.स.)।** सरधना कस्बे में एक पावरलूम फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग के कारण फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। अग्निशमन विभाग ने कड़ी मेहनत करके आग पर काबू पाया। सरधना कस्बे के मोहल्ला किला में समर अंसारी की एक पावरलूम फैक्ट्री है। रविवार की देर रात पावरलूम फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की लपटे देखकर मोहल्ले के लोगों की आंख खुल गई। मोहल्ले में भगदड़ मच गई और लोगों ने फैक्ट्री मालिक को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन विभाग के साथ-साथ लोग भी आग बुझाने में जुट गए। अग्निशमन विभाग ने कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया। तब तक फैक्ट्री में रखा सामान और मशीनें जल गईं। फैक्ट्री मालिक के अनुसार, आग लगने से लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग आग लगने के कारणों की जांच में जुटा है।

# खेत पर गए युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**बदायूं, (हि.स.)।** एक युवक का शव सोमवार को संदिग्ध हालत में पाकड़ के पेड़ पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच शुरू कर दी। परिजनों ने अनहोनी की आशंका भी जताई है। मूसाझाग थाना क्षेत्र मरई गांव के रहने वाला उमेश रविवार रात खाना खाने के बाद अपने खेत पर जाने की बात कह कर घर से निकला। काफी रात तक वापस नहीं लौटा। उसके पिता ओम प्रकाश खेत पर पहुंचे तो देखा कि उमेश का शव पाकड़ के पेड़ से लटका हुआ है। ओम प्रकाश ने पूरे मामले की जानकारी अपने घर वालों को दी। भाई ने आरोप लगाया है कि उमेश का गांव के ही ऋषिपाल नाम के व्यक्ति से कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। फिलहाल उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में मूसाझाग थानाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रांची के 5 स्थानों पर लगाया गया कॉन्वेक्स मिरर



**रांची, (हि. स.)।** रांची में ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी की ओर से पांच स्थानों पर कॉन्वेक्स मिरर इंस्टॉल किया गया है। कॉन्वेक्स मिरर एसएसपी आवास, एटीआई मोड़, लेक व्यू हॉस्पिटल कटिंग बरियातु, मेन रोड ओवरब्रिज के नीचे और क-डरू ब्रिज के नीचे इंस्टॉल किया गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि शहर में तीखी मोड़ पर दुर्घटना को कम किया जा सके। इसलिए संयुक्त रूप से ट्रैफिक पुलिस ,नगर निगम और रोड सेफ्टी की ओर से मिरर इंस्टॉल किया गया है, जिससे दुर्घटना में कमी हो। लोग सुरक्षित होकर अपने वाहन चलाये।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवार संग मनाया छठ पर्व, उदयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अन्ने मार्ग में अपने परिजनों के साथ छठ महापर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। मुख्यमंत्री का यह आयोजन पूरी तरह पारिवारिक था। जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश के भाई और बहनों का पूरा परिवार शामिल हुआ था। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की तरक्की की कामना की। उन्होंने कहा कि यह अनुशासन का पर्व है। सूर्य देव से राज्य की प्रगति, सुख-समृद्धि की प्रार्थना करता हूं। उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम को छठव्रतियों ने भगवान सूर्य की पूजा कर तथा उन्हें भोग अर्पित कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो गया। सोमवार को उदय होते सूर्य को अर्घ्य समर्पित करने के बाद व्रती अब अन्न-जल ग्रहण करेंगे। छठ महापर्व के सफल तथा निर्विघ्न आयोजन के लिए शासन-प्रशासन की पुख्ता तैयारी की गई। सभी छठ घाटों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी। राज्य भर में 4000 से अधिक छठ घाट सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा तैयार किये गये हैं। हालांकि इससे बड़ी तादाद में समाज द्वारा तैयार किये गये हैं।

# सीएम योगी की मॉनिटरिंग का दिखा असर, एक माह में परिवहन निगम ने कमाए साढ़े 32 लाख



**लखनऊ, (हि. स.)।** पिछली सरकारों में घाटे में चल रहे प्रदेश के विभिन्न विभागों को सरप्लस रेवेन्यू वाला विभाग बनाने के लिए योगी सरकार लगातार कदम उठा रही है। योगी सरकार की यह पहल रंग भी ला रही है। परिवहन निगम भी अब कमाई कर रहा है। प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले जहां दर्जनों विभाग घाटे में चल रहे थे, वहीं आज वह न केवल घाटे से उबरे हैं बल्कि सरप्लस रेवेन्यू वाले विभाग बनकर उभरे हैं। इसी के तहत समय-समय पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम रेवेन्यू कलेक्शन, बिना टिकट व बुकभार यात्रा करने वालों के खिलाफ जांच अभियान चलाता रहता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रवर्तन कार्मिकों द्वारा अक्टूबर में चेकिंग की गयी, जिसमें विभाग को केवल एक माह में 32 लाख 58 हजार 385 रुपये का रेवेन्यू प्राप्त हुआ।

**एक लाख से अधिक बार बसों की जांच की गयी** - उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबन्धक अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परिवहन निगम को घाटे से उबारने के लिए कई कदम उठाए गए। इससे निगम ने पिछले साढ़े छह वर्षों में काफी लाभांश अर्जित किया है। इसके लिए मुख्यालय स्तर से गठित सूमो चालाक दल एवं इन्टरसेप्टर के माध्यम से समय-समय पर परिवहन निगम की बसों की नियमित जांच की जाती है। ऐसे में अक्टूबर में परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की 1,16,834 बार जांच की गयी। जांच के दौरान कुल 4901 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाये गये जबकि 172.4 टन बिना बुक भार पकड़ा गया है। जांच दल द्वारा की गई कार्यवाही से विभाग को 32 लाख 58 हजार 385 रुपये वसूले गये। इस दौरान 8,420 चालकों, परिचालकों का एल्कोहल टेस्ट भी किया गया।

# नाबालिक आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद



**लातेहार, (हि. स.)।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के पास सोमवार को एक आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ है। मृतक लड़की की पहचान हो गयी है।वह चंदवा प्रखंड की रहने वाली है। हालांकि कुछ लोगों के द्वारा लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की भी सम्भावना जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी इस संबंध में बिना जांच किए कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को कुछ लोगों ने रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक लड़की का शव पड़ा हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। लड़की के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी छठ महापर्व में चंदवा के नदी घाट पर गई थी ।वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में लोग चंदवा थाना पहुंच गए और घटना के विरोध में आक्रोश जताने लगे। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस से मांग की जा रही थी कि मामले की जांच करते हुए दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करें। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस पूरे मामले की आरंभ कर दी है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# सनकी प्रेमी ने एक ही परिवार के 6 लोंगों को मारी गोली ! दो लोगों को घटनास्थल पर ही मौत! चार की स्थिति नाजुक

**लखीसराय, ईएमएस।** जिले के कवैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में प्रेम प्रसंग के मामले में एक सनकी प्रेमी युवक ने एक ही परिवार के 6 सदस्यों को गोली मार दी! जिसमें दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई! और चार व्यक्ति जख्मी हो गए। जख्मी चारों व्यक्तियों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। इस घटना में पंजाबी मोहल्ला ग्राम निवासी शशि भूषण झा के पुत्र राजनंदन झा एवं चंदन झा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। प-िरवार के 4 अन्य सदस्य दुर्गा कुमारी, लवली झा, प्रीति देवी, शशि भूषण झा इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं, जिनको सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

# मौसम ने ली करवट, पटना सहित कई शहरों में गिरा तापमान



**पटना, (हि.स.)।** प्रदेश में मौसम तेजी से करवट बदलने लगा है। कई शहरों के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। राजधानी पटना समेत भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, दरभंगा में तापमान में कमी आई है जिसकी वजह से सोमवार को छठ पूजा के अंतिम दिन लोगों को गर्म कपड़े निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग पटना के मुताबिक आज यानी 20 नवंबर को पटना का न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री है जबकि अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक जा सकता है। वहीं भागलपुर की बात करें तो यहां न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक है अधिकतम यहां भी 31 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मुजफ्फरपुर में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक है तो अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस है। बेगूसराय में भी न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक है तो अधिकतम 31 डिग्री तक है। वहीं दरभंगा में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक है तो अधिकतम 31 डिग्री तक है। गया में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार में बारिश की संभावना फिलहाल न के बराबर है लेकिन आने वाले दिनों में तापमान और गिर सकता है। छठ पूजा के सुबह लोगों को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ठंड ने छठ व्रतियों की मुश्किलें थोड़ी सी जरूर बढ़ा दी लेकिन महापर्व के उल्लास में लोगों का इसका पता नहीं चला।

## संपादकीय

# बदलता यात्रा वृतांत

**कुल्लू** की उड़ान के बाद जहाज अब अमृतसर-शिमला को हवाई यात्राओं के नए सफर पर ले जा रहा है। कुछ नए रास्ते इजहार के, आकाश के दरम्यान निखार के। पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुनः जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं। जिस दिन कांगड़ा एयरपोर्ट अपनी लंबाई के उत्तर-दक्षिण छोर को तकरीबन तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी से जोड़ पाया, उस दिन यह प्रदेश पर्यटन की नई जमात में प्रवेश करके असीमित संभावनाओं को आमंत्रित कर पाएगा। कुछ इसी तरह फोरलेन के निर्माण से हिमाचल का यात्रा वृतांत बदल रहा है और आने वाले दो सालों में पर्यटक अनुभव की कई नई शाखाएं विकसित हो सकती हैं। एयर व सडक़ कनेक्टिविटी के अलावा ऊना के अंब-अंदौरा तक पहुंच रही 'वंदे भारत' ट्रेन ने दिल्ली से हिमाचल की यात्रा के नए अनुभव जोड़े हैं। अंब-अंदौरा तक पहुंची ट्रेन का रुख जिस दिन मोड़ कर ज्वालामुखी तक भी जुड़ गया, हमारा धार्मिक पर्यटन, बाइक-ट्रक व ट्रैक्टर भ्रमण से कहीं आगे तिरुपति की तरह लाजवाब हो जाएगा। बेहतर तब होगा जब नेता अपनी-अपनी विधानसभा या लोकसभा सीटों के राजनीतिक नक्शे के बजाय प्रदेश की प्राथमिकताओं में ऐसी परियोजनाओं को परिमार्जित करना सीख जाएं। बहरहाल पहली ही उड़ान अमृतसर से शिमला तक 17 यात्री खींच लाई, लेकिन ऐसी उड़ानों को 'ट्रैवल विद टूरिज्म' के इंतजाम के साथ जोडऩा होगा। अभी तक बढ़ती उड़ानें या 'वंदे भारत' का सफर केवल यात्रियों की पसंद और प्राथमिकता हैं। इन्हें 'ट्रैवल विद टूरिज्म' का सहयोगी बनाने के लिए हिमाचल पर्यटन व परिवहन को भी पैकेज टूअर जोडऩे चाहिएं। मसलन 'वंदे भारत' के साथ हिमाचल पर्यटन हर आने वाले को अंब-अंदौरा से आगे विभिन्न डेस्टिनेशन तक पहुंचाने, ठहराने व घुमाने का पैकेज जोड़ सकता है। इसी तरह अमृतसर से शिमला की उड़ान भले ही यात्रा को सुखद बना देगी, लेकिन जुब्बड़हट्टी से शिमला पहुंचना सारी मस्ती को गुम कर देगा। ऐसे में हिमाचल परिवहन या पर्यटन निगम को उड़ानों के हिसाब से भुंतर, कांगड़ा तथा शिमला हवाई अड्डों के लिए बस या टैम्पो सेवाएं चलानी चाहिएं। अंब-अंदौरा स्टेशन से हमीरपुर, बीड़ व धर्मशाला के लिए आरामदायक बस सेवाएं शुरू करके हम लंबी यात्राओं को सरल व सुविधाजनक बना सकते हैं। हिमाचल में 'ट्रैवल विद टूरिज्म' जैसे प्रयोग के लिए देश के ट्रैवल एजेंट के साथ मिल कर प्रयास करने होंगे ताकि रेल व विमान सेवाओं को आगे के सफर और डेस्टिनेशन तक जोड़ा जा सके। प्रदेश में एचआरटीसी ने कुछ धार्मिक स्थलों की दर्शन सेवा शुरू की है, इसी तरह शिमला, मनाली, धर्मशाला, चंबा-डलहौजी, चंडीगढ़, अमृतसर व अन्य स्थलों से साइट सीइंग बस सेवाओं का संचालन करना चाहिए। कायदे से हिमाचल के आसपास के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों यानी चंडीगढ़, अमृतसर, जयपुर, दिल्ली व जम्मू से पर्यटकों को प्रदेश में लाने के लिए एक योजना की आवश्यकता है। यह हाई एंड टूरिज्म की तरफ एक बड़ी छलांग सिद्ध होगा।

पिछले पांच सालों में विमान सेवाओं में हो रही बढ़ोतरी से प्रदेश में हाई एंड टूरिज्म में बढ़ोतरी का संकेत है और अगर हिमाचल को विशुद्ध रूप से पर्यटन राज्य बनना है, तो शिमला, दिल्ली, चंडीगढ़ के बाद अमृतसर तक की उड़ानें अपने संदर्भों में ऊंचे कदमों से नई मंजिलों के निशान खोज रही हैं। पहले गगल हवाई अड्डे ने उत्तर भारत के तेजी से विकसित होती डेस्टिनेशन के रूप में आकाश पर धाक जमाई है, तो इसी के साथ कुल्लू-शिमला से बढ़ रही उड़ानों के कारण भी अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की मांग से हिमाचल का नाता जुड़ रहा है। गर्मियां आने तक उम्मीद है कि गगल से पुन : जयपुर, देहरादून और कुछ अन्य उड़ानें भी जुड़ सकती हैं, जबकि हेलि टैक्सी का यात्रा वृतांत भी धीरे-धीरे मंडी के अलावा कुछ अन्य स्थलों को जोडऩे का संकल्प लिए हुए है। सुक्खू सरकार एयर कनेक्टिविटी को लेकर अब तक की सरकारों से कहीं आगे निकलती हुई हेलिपोर्ट बनाने की दिशा में कई कदम ले चुकी है और शीघ्र ही यह संकल्प पालमपुर, रक्कड़, नादौन व कुछ अन्य स्थानों से हेलि टैक्सी का संचालन शुरू कर सकता है। हिमाचल में पर्यटन के हिसाब से कांगड़ा एयरपोर्ट का सपना पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कुछ आरंभिक निर्णय लिए हैं और बजटीय प्रावधान से वह भू-अधिग्रहण के अंतिम चरण को सार्थक बना रहे हैं।

## कुछ अलग

# गारंटियां अथवा रेवड़ियां

**अभी** जारी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी खूब 'गारंटियां' बांटी हैं। उन्होंने भरोसा भी दिया है कि उनकी गारंटियों के मायने हैं कि काम निश्चित तौर पर होगा। कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में 'गारंटी' का राजनीतिक प्रयोग किया था, जो कामयाब रहा। प्रधानमंत्री भी उनसे प्रभावित लगते हैं, लिहाजा भाजपा के घोषणा-पत्र में ऐसी गारंटियों का उल्लेख है। खुद प्रधानमंत्री ने कई चुनावी जनसभाओं में 'मोदी की गारंटी' के जरिए मतदाताओं, खासकर महिलाओं, को आश्वस्त करने की कोशिशें की हैं। कुछ गारंटियां गौरतलब हैं। किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत 6000 रुपए सालाना उनके बैंक खातों में जमा कराए जाते हैं। ऐसे 8-10 करोड़ किसानों में 15 किस्तें बांटी जा चुकी हैं। उसके बावजूद भाजपा घोषणा-पत्र में वायदा किया गया है कि किसानों के खातों में 12,000 रुपए सालाना डाले जाएंगे। किसानों के संदर्भ में ही उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशः 2275 रुपए और 2200 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए थे, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश के भाजपा घोषणा-पत्रों में 2700 रुपए और 3100 रुपए देने का आश्वासन दिया गया है। एमएसपी केंद्र का अथवा राज्य का लागू होगा? राज्य सरकारें कितनी खरीद कर सकती हैं? किसानों के अलावा, कोई और वर्ग या समुदाय नहीं है, जिन्हें ऐसी 'गारंटियों' की सख्त जरूरत हो? भाजपा ने छात्रों को 'स्कूटी' देने की भी घोषणा की है। बेहद गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त अनाज योजना' को 5 और साल, यानी 2028 तक, बढ़ाने की जन-घोषणाएं खुद ही की थीं, लेकिन भारत सरकार के 'पत्र सूचना ब्यूरो' ने एक विज्ञप्ति जारी की है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को एक साल के लिए बढ़ाया गया है। इस विरोधाभास का सच क्या है? खुद प्रधानमंत्री ही सार्वजनिक मंच से इसे स्पष्ट करें। कांग्रेस ने भी 'गारंटियों' की भरमार लगा दी है। उसका आश्वासन है कि सरकारें बनीं, तो 100 यूनिट, किसी राज्य में 200 यूनिट, तक बिजली मुफ्त, किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ, 3000 रुपए बेरोजगारी मासिक भत्ता, घर की मुखिया महिला को 15,000 रुपए सालाना, एक लाख सरकारी नौकरियां दो साल में छत्तीसगढ़ में और 2.5 लाख सरकारी नौकरियां पांच साल में राजस्थान में, मुफ्त स्वास्थ्य योजना आदि की लंबी फेहरिस्त है। अनसुलझा सवाल है कि किसे 'गारंटी' माना जाए अथवा क्या 'मुफ्तखोरी की रेवड़ी' है? क्या दोनों ही देशहित में नहीं हैं? फिर 'कल्याणकारी राज्य' की परिभाषा क्या है? क्या सामाजिक सुरक्षा देना सरकार का दायित्व नहीं है? कई सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई बार चिंता और सरोकार जताते हुए राज्य सरकारों को चेता चुके हैं कि इन 'मुफ्तखोरी की रेवड़ियों' से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। राज्य सरकारों पर कर्ज के बोझ पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सवाल प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा पर भी हैं।


## एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता

ललित गर्ग

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं।

**डीपफेक** व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफ़शियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं। डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फ़ोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की



मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे। कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एक गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब काजोल का भी डीपफेक सोशल मीडिया पर आ गया है। इसमें उनको कपड़े बदलते दिखाया गया है। इसमें ओरिजनल वीडियो ब्रिटिश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजी ब्रीन का है। उन्होंने ये वीडियो टिकटॉक पर 'गेट रेडी विद मी' सीरीज के लिए बनाया था।

# बाजारों में मुस्कुराहट का परिदृश्य

घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**इस** समय दीपावली त्योहार से देश के शहरी और ग्रामीण बाजारों में शुरू हुआ बढ़ती मांग का परिदृश्य लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस समय देश की कंपनियों का मुनाफा भी बढ़ गया है। घरेलू निवेशकों के दम पर शेयर बाजार लगातार बढ़ रहा है। देश में रोजमर्रा के उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की मांग में भी वृद्धि हो रही है। देश में महंगाई पर नियंत्रण बाजारों में मुस्कुराहट का प्रमुख कारण है। यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि इन दिनों वैश्विक खाद्यान्न संकट से वैश्विक महंगाई बढ़ी हुई है और दुनिया के बाजार ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं ऐसी प्रतिकूलताओं के बीच भी भारत के बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में .0.26 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर .0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होने का प्रमुख कारण है। ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है। इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बात सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुठ्ठियों में सरकारी योजनाओं का अधिक पैसा आया है। लेकिन महंगाई की आशंका के मद्देनजर सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए रणनीतिक कवायद करते हुए दिखाई दे रही है। 6 नवंबर को केंद्र सरकार ने भारत आटा नाम ब्रांड से देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर गेहूं के आटे की ब्रिकी शुरू कर दी है। 28 अक्टूबर को महंगाई रोकने के मद्देनजर केंद्र सरकार ने वायदा कारोबार पर अंकुश के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत सेबी ने सात तरह की एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर पाबंदी को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इनमें गेहूं, सरसों, चना और मूंग जैसे अनाजों के साथ ही तिलहन में सोयाबीन, क्रूड पाम (सीपीओ) के साथ गैर बासमती ट्रेडिंग शामिल है। इन सभी एग्री कमोडिटी के वायदा कारोबार पर दिसंबर 2024 तक पाबंदी जारी रहेगी। अभी दिसंबर 2023 में पिछले आदेश के अनुसार प्रतिबंध खत्म हो रहा था। उल्लेखनीय है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई कोविड के दौर में तेजी से बढ़ी थी। इसके बाद सरकार ने सोयाबीन के बाद गेहूं, चना और अन्य तेल के वायदा कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का उद्देश्य वायदा कारोबार में मनमानी तेजी-मंदी को रोककर हाजिर बाजार में स्थिरता लाना है। इसी तरह देशभर में प्याज की आपूर्ति में कमी के कारण प्याज के खुदरा मूल्य के ऊंचाई पर पहुंचने के मद्देनजर 28 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने प्याज के बढ़ते मूल्य पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य तय कर दिया है। अब 800 डालर प्रति टन से कम मूल्य पर प्याज का निर्यात नहीं किया जा सकेगा। यह न्यूनतम निर्यात मूल्य 31 दिसंबर 2023 तक के लिए तय किया गया है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश के लिए बफर स्टाक से कम मूल्यों पर प्याज की खुदरा बिक्री भी बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए मौद्रिक आयात नियंत्रण और स्टॉक सीमा निर्धारण के उपायों को भी अपना रही है। 6 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है। खुदरा महंगाई के तय दायरे से अधिक होने के कारण रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। वस्तुतः रेपो रेट वह दर है जिस पर बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआई से ऋण लेते हैं। जब महंगाई ज्यादा होती है तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में मुद्रा प्रवाह को कम करने की रणनीति अपनाता है। आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले से फिलहाल मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा और महंगाई में नरमी आएगी। केंद्र सरकार ने विगत 29 अगस्त को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए घटाकर भी बड़ी राहत दी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार और आरबीआई कई प्रयासों के साथ आगे बढ़े हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खाद्य पदार्थों के निर्यात पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद कम उत्पादन के कारण गेहूं के निर्यात पर जो पाबंदी लगाई थी, वह अब तक जारी है।



## दृष्टिकोण

# चुनावी वादे कितने खरे....आंकड़ों के खेल में झांकने का अवसर

**विधानसभा** चुनावों के दौरान वादों की फेहरिस्त काफी लंबी हो चली है। 12वीं पास को स्कूटी, केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा, न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,700 या 2,900 रुपये क्विंटल के अलावा बोनस की भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस साल में किए गए चुनावी वादे कहां तक पूरे हो पाए? नरेंद्र मोदी जैसे प्रभावी नेता और पूर्ण बहुमत की सरकार के बावजूद दस साल का हिसाब-किताब लगाना जरूरी है। आंकड़ों के खेल से देश को भ्रमित करना भले जारी रहे, पर कोरोना के रूप में वैश्विक महामारी हो या आर्थिक मंदी का दौर, पूर्वोत्तर राज्यों में घरेलू स्तर पर बढ़ती हिंसा हो, पड़ोसी राज्यों के साथ बढ़ता सीमा विवाद या कूटनीतिक रिश्ते, देश में बेरोजगारी की बढ़ती समस्या हो या किसानों की बढ़ती आत्महत्या-मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल ही दिखी है। आज भी देश को कृषि, रोजगार, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध और आंतरिक सामाजिक-असामंजस्य की समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। वर्ष 2004-05 में कृषि, वानिकी और मछली पकड़ना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 21 प्रतिशत था। पिछले 18 साल में यह घटकर करीब 16 फीसदी रह गया है। लेकिन खेतों में कार्यबल की संख्या में उस हिसाब से गिरावट नहीं आई है। कृषि देश में करीब 55 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है। इस क्षेत्र में अनुमानित 26 करोड़ लोग काम कर रहे हैं। यानी करीब 55-57 प्रतिशत आबादी की कृषि पर निर्भरता है, जो नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान लंबे समय से संकट में है। मोदी सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसानों को उनकी खेती से लाभकारी मूल्य तो दूर, पारिश्रमिक भी नहीं मिल पा रहा। जी-20 समिट के दौरान किए गए कृषि व्यापार समझौते से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के अनुसार, सरकार ने कई कृषि उत्पादों और पोल्ट्री उत्पादों पर आयात शुल्क कम कर दिया है, जिससे खासकर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के सेब उत्पादकों पर संकट है। देश के 16 करोड़ किसानों पर सभी प्रकार के बैंकों का करीब 21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है-यानी प्रति किसान कर्ज 1.35 लाख रुपये है। कृषि क्षेत्र में लगे व्यक्तियों की श्रेणी में वर्ष 2021 में 10,881 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें 5,318 किसान थे और 5,563 खेतिहर मजदूर। उसी साल देश में जिन 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की, उनमें से 42,004 दिहाड़ी मजदूर थे, जबकि 4,246 महिलाएं थीं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत में अभी 23 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं, जिनमें से कुछ की हालत बेहद खराब है। रिपोर्ट के अनुसार, 2005-06 से 2015-16 तक देश में गरीबी से 27.5 करोड़ लोग बाहर आए, जबकि 2015-16 से 2019-21 तक 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। संयुक्त राष्ट्र का आंकड़ा गांवों और शहरों में विकास की खाई को भी दिखाता है। गांवों में रहने वाले 21.2 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 5.5 फीसदी है। सालाना दो करोड़ नौकरियों के वादे और 'अच्छे दिन' के नारे ने 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता में ला दिया था। लेकिन सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 की नोटबंदी और 2017 के जीएसटी रोलआउट के दुष्प्रभावों के कारण 2018 में करीब 1.1 करोड़ नौकरियां चली गईं।

## देश दुनीया से

# शूरवीरता की पराकाष्ठा वालोंग युद्ध

**अपने** दुश्मन को जानने के लिए आपको अपना दुश्मन बनना होगा'- यह कथन पच्चीसों वर्ष पूर्व चीन के अजीम सैन्य रणनीतिकार तथा 'आर्ट ऑफ वार' किताब के लेखक 'सुन त्जू' का था। चीन की 'पीपल लिबरेशन आर्मी' अपने अजदाद सुन त्जू की उसी किताब के असूलों पर अमल करती है। सन्-1950 के दशक में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने चार मर्तबा भारत का दौरा किया था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन्-1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन्- 1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था। 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के 'कोंगका' में गश्त कर रहे सीआरपीएफ के दस जवान पीएलए के हमले में मारे गए थे। सन्- 1962 में चीन के हमले का केंद्र लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश था। साठ के दशक के उम्दा हथियारों से लैस होकर हजारों की तादाद में चीनी सैनिकों ने 21 अक्तूबर 1962 को भारत के अरुणाचल के 'वालोंग' सेक्टर पर हमला कर दिया था। हजारों फीट की बुलंदी पर दुर्गम क्षेत्र वालोंग में चीनी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना की 'चार डोगरा', 'छह कुमांऊ', 'चार सिख' तथा दो व तीन 'गोरखा' जैसी बहादुर यूनिटें तैनात थीं। चीनी सेना के मुकाबले संसाधनों व हथियारों की भारी कमी के बावजूद भारतीय सैनिकों ने चीन के उस व्यापक हमले को चार सप्ताह तक रोके रखा था। भारतीय सैनिक आखिरी गोली, आखिरी सांस तक लड़े। दुश्मन को हलाक किया। चीनी सेना पर पलटवार के दौरान चार सिख बटालियन के 85 जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। गोला बारूद खत्म होने के बाद सिपाही 'केवल सिंह' 'महावीर चक्र' ने अपनी राइफल की संगीन से चीन के आठ सैनिकों को काट कर शहादत को गले लगा लिया था। सिखों द्वारा चीनी सेना से छीनी गई राइफलें सिख रेजिमेंटल सेंटर में आज भी मौजूद हैं। वालोंग के उसी भीषण युद्ध में छह कुमांऊ ने दो सौ से अधिक चीनी सैनिकों को हलाक कर दिया था। लेफ्टिनेंट 'विक्रम सिंह राठौर' के नेतृत्व में छह कुमाऊं की लगभग पूरी कंपनी चीन के भयंकर हमले का सामना करते हुए बलिदान हो गई थी। छह कुमाऊं के डॉक्टर कै. बलबीर चंद चोपड़ा को युद्ध में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'वीर चक्र' से नवाजा गया था। चार डोगरा की कंपनी के एक सौ दस सैनिकों ने वालोंग की जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। कांगड़ा के 'अगोजर' गांव के सिपाही 'कर्मचंद कटोच' चार डोगरा बटालियन में सेवारत थे। 16 नवंबर 1962 को चीनी सेना पर आक्रामक कार्रवाई के दौरान कर्मचंद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। वालोंग युद्ध के दौरान कर्मचंद सहित कई सैनिकों के शव बर्फीले हिमपात की चपेट में आ गए थे।

भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर गए थे। दोनों देशों में 'हिंदी चीनी भाई-भाई' का नारा गूंज रहा था। सन्-1954 में भारत व चीन के दरम्यान हुए 'पंचशील' नामक समझौते के तहत एक दूसरे देश पर हमला न करने की शर्त भी शामिल थी। मगर 20 अक्तूबर 1962 की तारीख जब तोहमत की तालीम में माहिर 'पीएलए' ने भारत पर हमला करके हिंदी चीनी भाई-भाई के शिगूफे की हवा निकाल दी थी। 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' के संस्थापक 'माओत्से तुंग' ने सन्-1938 में एक इजलास में कहा था कि 'सत्ता बंदूक की नली से निकलती है।' शायद हमारे हुक्मरानों ने चेयरमैन माओ के लहजे व नजरिए को संजीदगी से नहीं परखा। चूंकि लफ्जों की तमहीद बहुत कुछ बयान करती है। हर इनसान की फितरत में वफा नहीं होती। सन्-1950 में तिब्बत पर हमला करके चीन ने अपनी लाल सल्तनत के विस्तारवादी मंसूबों की तस्दीक कर दी थी। 25 अगस्त 1959 को नेफा के 'लौगंजू' में पीएलए ने हमला करके 'आसाम रेजिमेंट' के नौ जवानों को शहीद कर दिया था।



# यौन शोषण को सामने लाने वाला कानून होगा खत्म, इस वजह से साल भर में 2500 हाई प्रोफाइल मामलों का हुआ भंडाफोड़

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका में यौन शोषण के 2,500 मामले 1 साल में सामने लाने वाला न्यूयॉर्क राज्य का अडल्ट सर्वाइवर एक्ट 24 नवंबर को खत्म हो जाएगा। इस विशेष कानून से यौन शोषण के कई हाई-प्रोफाइल मामले भी सामने आए हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर अभिनेता रसेल ब्रैंड और हिप-हॉप रैपर शॉप डिडी तक दोषी करार दिए गए। इन पर जुर्माने लगे या पीड़ितों से अदालत के बाहर समझौते हुए। इन 2,587 मामलों में न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क सिटी, स्थानीय निकाय, कंपनियों से लेकर अस्पतालों और राज्य व जिला जेल प्रशासन तक को प्रतिवादी बनाया गया। आरोप लगे कि जहां अपराधियों ने पीड़ितों का शोषण किया, यह संस्थाएं उन्हें रोकने में विफल रहीं। न्यूयॉर्क की जिला जेल में कई बार दुष्कर्म की शिकार हुई एलेक्जेंड्रा जॉनसन के शब्दों में मुझे लगता था मैं आखिर कौन हूं मेरी आवाज क्या मायने रखती है लेकिन 24 नवंबर 2022 को अस्तित्व में आए नए कानून ने उन्हें मौका दिया। वे बताती हैं कि उनकी जैसी कई कहानियां हैं, बहुत सारी पीड़ित हैं।

**50 साल पुराने मामले भी खुले...हाई प्रोफाइल मुकदमे** - डोनाल्ड ट्रंप : पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लेखिका ई जीन कैरल ने 1996 में यौन शोषण का मुकदमा दर्ज करवाया। मई में ट्रंप को दोषी पाया गया और 50 लाख डॉलर जुर्माना लगा। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया। हार्वे विंस्टीन : अक्तूबर में अभिनेत्री जूलिया ओरमंड ने फिल्म निर्माता हार्वे विंस्टीन पर 1995 में यौन शोषण करने और फिर कॅरिअर में बाधा डालने का आरोप लगाया। हार्वे ने आरोप नकारे। वे इससे पहले न्यूयॉर्क व कैलिफोर्निया में भी दुष्कर्म के दोषी करार दिए गए थे। जेल...सबसे ज्यादा यौन शोषण के मुकदमे यहीं से आए राज्य सरकार के खिलाफ दायर कई मुकदमे जेलों में हुए यौन शोषण के हैं। वकील एडम स्लेटर की फर्म जेलों में हुए 1,200 से ज्यादा यौन शोषण के मुकदमे दायर कर चुकी है। वे बताते हैं कि 470 मामले सिर्फ न्यूयॉर्क सिटी की रिकर्स आईलैड परिसर जेल के हैं। वकील एना कुल ऐसे और 600 मुकदमे दर्ज होने का अनुमान लगा रही हैं। बताती हैं कि पुरुष अधिकारियों द्वारा महिला कैदियों से दुष्कर्म किए गए। बड़ी संख्या में पुरुष भी यौन शोषण के शिकार हुए। 100 से अधिक ने न्यूयॉर्क के यूरोलॉजिस्ट डॉ. डेरियल पदुच पर शोषण के मुकदमे किए हैं। इनमें शामिल जेम्स ओकॉनल ने उनके अस्पताल को भी पक्षकार बनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले में शामिल लोग बच नहीं पाएंगे, कार्यवाहक पीएम काकर का बड़ा बयान



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान चुनाव आयोग आम चुनावों की तारीखों की घोषणा कर चुका है। अगले वर्ष आठ फरवरी को होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर पाकिस्तान की अंतरिम सरकार जुट चुकी है। पाकिस्तान के कार्यवाहकर प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने कहा, देश में समय पर और सही ढंग से आम चुनाव कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। एक साक्षात्कार में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने कहा, देश में समय पर चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता ताकि नव निर्वाचित सरकार कार्यालय में प्रवेश कर सके और पाकिस्तान के उत्थान के लिए कार्य करें। गौरतलब है कि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि आम चुनाव आठ फरवरी 2024 को कराए जाएंगे। चुनाव आयोग ने चुनाव अधिनियम की धारा 57 के मुताबिक आम चुनाव की तारीख की घोषणा की है। चुनाव आयोग ने नोटिस जारी करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक आम चुनाव फरवरी में होंगे। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने इमरान खान की सुरक्षा को लेकर कहा, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख इमरान खान जेल में एकदम सुरक्षित हैं। कार्यवाहक प्रशासन के सत्ता संभालने से पहले इमरान खान को सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने कहा, हम पर आरोप लगाने से पहले सोचें। साथ ही उन्होंने कहा, अराजकता रोकने वाली संस्था पर हमला करने वाले किसी भी व्यक्ति पर कानून के मुताबिक मुकदमा चलाया जाना चाहिए। बता दें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख इमरान खान को तोशाखाना आपराधिक मामले में पांच वर्ष की अयोग्यता और तीन वर्ष की जेल की सजा के बाद पाचं अगस्त को उनके लाहौर आवास से गिरफ्तार किया गया था।

### विवेक रामास्वामी बोले- हमारे मां-बाप ने हमें भगवान पर विश्वास करना सिखाया, शादी का सुनाया मजेदार किस्सा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्टपति पद की दावेदारी पेश कर रहे विवेक रामास्वामी उनकी शादी का मजेदार किस्सा बताया है। दरअसल विवेक रामास्वामी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें विवेक की पत्नी अपूर्वा बता रही हैं कि कैसे दोनों एक पार्टी के दौरान मिले और पहली मुलाकात में विवेक अपूर्वा ज्यादा बात करने के इच्छुक ही नहीं थे। विवेक ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि आयोवा के मतदान जानना चाहते हैं कि मैं और अपूर्वा कैसे मिले तो इसका जवाब यहां हैं। वीडियो में अपूर्वा कुछ लोगों को दोनों के मिलने का किस्सा बता रही हैं और विवेक भी उनके साथ खड़े नजर आ रहे हैं। वीडियो में अपूर्वा ने बताया कि मैं और विवेक एक पार्टी के दौरान मिले थे। विवेक उस वक्त कानून की पढ़ाई कर रहे थे और मैं मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। अपूर्वा ने मजाक में कहा कि वह शायद उनकी अंतिम पार्टी थी, जिसके बाद वहां मौजूद लोग भी हंसे। अपूर्वा ने बताया कि पार्टी के दौरान उन्हें विवेक सबसे ज्यादा मजेदार लगे।

### दक्षिणपंथी हावियर मिलई बनेंगे अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति, माने जाते हैं कट्टर ट्रंप समर्थक

**ब्यूनस आयर्स ।** दक्षिणपंथी नेता हावियर मिलई अर्जेंटीना के अगले राष्टपति बनने जा रहे हैं। दरअसल राष्टपति पद के लिए हुए मतदान में मिलई को 55.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। वहीं अर्जेंटीना के वित्त मंत्री और राष्टपति पद के उम्मीदवार सर्जियो मासा को 44.2 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। अर्जेंटीना में हावियर मिलई और उनकी पार्टी के समर्थकों ने जश्न मनाना भी शुरू कर दिया है। बता दें कि हावियर मिलई अर्जेंटीना की राजनीतिक पार्टी ला लिबर्टाड अवान्जा के नेता हैं। मिलई ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से वादा किया था कि आर्थिक संकट का सामना कर रहे अर्जेंटीना में वह बड़े पैमाने पर आर्थिक बदलाव करेंगे। साथ ही मिलई ने राजनीतिक स्तर पर भी सुधार का वादा किया था। सर्जियो मासा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और हावियर मिलई को देश का अगला राष्टपति बनने के लिए बधाई दी है। अर्जेंटीना में चुनाव के दौरान अर्थव्यवस्था और महंगाई बड़े मुद्दे रहे। अर्जेंटीना में महंगाई 140 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। सर्जियो मासा की पार्टी पेरोनिस्ट मूवमेंट ने बीते 20 सालों में से 16 साल शासन किया है। चुनाव नतीजों के बाद मासा ने अपने बयान में कहा कि अर्जेंटीना के लोगों ने अलग रास्ता चुना है।

## बंधकों की रिहाई पर नहीं बनी बात

# दक्षिणी गाजा में इजराइल के हमले से 42 लोगों की मौत

**यरूशलम ।**

इजराइल व हमास के बीच बंधकों की रिहाई के लिए चल रही वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाई। अमेरिकी मध्यस्थों की पहल पर हो रही इस वार्ता में गाजा में पांच दिनों के युद्धविराम के बदले हमास की तरफ से बंधक बनाई गईं दर्जनों महिलाओं व बच्चों की रिहाई की शर्त रखी गई थी। व्हाइट हाउस ने भी इसकी पुष्टि की है। वहीं, फलस्तीनी स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि मध्य गाजा के संकरे तटीय परिक्षेत्र में इजराइली हवाई हमले के दौरान दो स्थानीय पत्रकारों समेत 31 लोग मारे गए। ये हमले शनिवार देर रात ब्यूरिज व नुसीरत शरणार्थी शिविर के कई मकानों पर हुए। वहीं, जबालिया शिविर में हुए हमलों में 11 फलस्तीनियों की मौत हो गई। दूसरी तरफ, वार्ता में शामिल कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने दोहा में दावा किया कि वार्ता की बाधाएं बहुत मामूली हैं, जिनमें मुख्य रूप से व्यावहारिक व तार्किक मुद्दे शामिल हैं। इन्हें जल्द दूर कर लिया जाएगा। 240 बंधकों की रिहाई को लेकर वार्ता ऐसे दौर में हो रही है, जब इजराइल ने गाजा के सघन आबादी वाले दक्षिणी क्षेत्र में हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इनमें दर्जनों फलस्तीनी व दो स्कूलों में शरण लेने वाले आम नागरिक मारे गए। इजराइली हमले की जद में गाजा में संयुक्त राष्ट्र की तरफ से संचालित एक स्कूल के भी आने की सूचना है। इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के जेनिन व बलाता शरणार्थी शिविर में ब्रिगेड स्तर की दो छापेमारियां कीं।

**इजराइल-हमास युद्ध पर अमेरिकी नीतियों के विरोध में उतरे संघीयकर्मी** - इजराइल-हमास युद्ध पर अमेरिकी सरकार की नीतियों के खिलाफ नासा के राजकीय विभाग के कर्माचारी सड़क पर उतर गए हैं। कर्मचारी पत्र जारी कर राष्ट्रपति जो बाइडन से हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को तत्काल रोकने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी संसद के कर्मचारी कैपिटल के सामने फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत को लेकर सांसदों की चुप्पी तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

**शिविर में छिपे हमास लड़ाके** - इजराइली बलों का दावा है कि उसने हमास से गाजा शहर के उत्तर,



पश्चिमोत्तर व पूर्व के बड़े हिस्से से नियंत्रण छीन लिया है। जबालिया शिविर में बड़ी संख्या में हमास लड़ाके छुपे हैं, जिन्हें निशाना बनाया जा रहा है। युद्ध में 52 इजराइली सैनिक मारे जा चुके हैं। दूसरी तरफ, हमास का दावा है कि जबालिया व बीच शरणार्थी शिविरों के आसपास उसके लड़ाके इजराइली सेना को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जबालिया शिवर में घुसने का प्रयास कर रही इजराइली सेना का रातभर हमास के साथ युद्ध जारी रहा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली हमले में अबतक 12,300 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 5,000 बच्चे शामिल हैं। उत्तरी गाजा खंडहर में तब्दील हो चुका है। युद्ध के कारण 23 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं।

**डेथ जोन बना अल-शिफा अस्पताल : डबल्यूएचओ** - विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा का शनिवार को दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस अस्पताल को डेथ जोन करार दिया। कुछ दिनों पहले इजराइली बलों ने अस्पताल में स्थित हमास के कमान सेंटर की तलाशी के लिए इसकी घेराबंदी कर ली थी। हालांकि, रविवार को संयुक्त राष्ट्र व फलस्तीनी रेड क्रेसेंट के अभियान में अल-शिफा अस्पताल से 31 समयपूर्व जन्मे बच्चों को निकाला गया। सोमवार को उन्हें मिस्त्र ले जाया जाएगा। उधर, इजराइली सेना का दावा है कि उसने अल-शिफा अस्पताल में 6,000 लीटर पानी व 2,300 किलोग्राम खाद्य सामग्री की आपूर्ति की है।

**दक्षिणी गाजा में फिर संगठित हो सकते हैं हमास सरगना** - हमास ने शुक्रवार को अहमद बेहर की मौत की पुष्टि की। वह आतंकी संगठन में नंबर तीन की हैसियत में था। बेहर व अन्य आतंकी सरगनाओं के मारे जाने से हमास कमजोर पड़ रहा है, लेकिन उसके शीर्ष लड़ाकों के दक्षिणी गाजा में फिर से संगठित होने का खतरा बढ़ गया है।

**लोगों की निकासी के लिए तैयार कर रखे हैं संसाधनः भारतीय नौसेना प्रमुख** - नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर ओमान व अदन की खाड़ियों तथा लाल सागर में संसाधनों को तैनात कर रखा है। लोगों की निकासी की जरूरत होने पर आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।

# इजराइल युद्ध में हमास को हराने में रहा फेल, इरान के नेता अयातुल्ला खामेनेई का बयान



**तेहरान ।**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को कहा कि इजराइल को ईरान समर्थित फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध में हार का सामना करना पड़ा है और यह एक सच्चाई है।

इजराइली अधिकारियों के अनुसार, 7 अक्तूबर को बंदूकधारियों द्वारा सीमा पार से किए गए हमले के बाद से इजराइल हमास शासित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहा है, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे। हमास सरकार का कहना है कि इजराइल के बमबारी अभियान और जमीनी आक्रमण में संकीर्ण फलस्तीनी क्षेत्र में 12,300 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें 5,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

राजधानी तेहरान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स एयरोस्पेस फोर्स सेंटर में एक भाषण में खामेनेई ने कहा, गाजा में जायोनी शासन (इजराइल) की हार एक सच्चाई है।

### भारी बमबारी के बावजूद इजराइल रहा विफल

उन्होंने कहा कि अस्पतालों या लोगों के घरों में घुसना कोई जीत नहीं है, क्योंकि जीत का मतलब दूसरे पक्ष को हराना है। खामेनेई ने आरोप लगाया कि इजराइल गाजा पर भारी बमबारी के बावजूद हमास को नष्ट करने के अपने घोषित लक्ष्य को हासिल करने में अब तक विफल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इससे अमेरिका और पश्चिमी देशों की अक्षमता झलकती है, जो इजराइल का समर्थन करते हैं। ईरान ने 7 अक्तूबर के हमले को सफलता बताया है लेकिन किसी भी प्रत्यक्ष भागीदारी से इनकार किया है। तेहरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से फलस्तीनी मुद्दे के समर्थन को अपनी विदेश नीति का केंद्रबिंदु बना लिया है। खामेनेई ने कहा कि इजराइल ने हजारों बच्चों को मार डाला और उसे इसका कोई पछतावा भी नहीं क्योंकि वह खुद को श्रेष्ठ मानते हैं।

### अन्य मुस्लिम देशों से संबंध खत्म करने का किया आग्रह

खामेनेई ने इजराइल के साथ मुस्लिम देशों से औपचारिक संबंधों को तोड़ने और व्यापार रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कि कुछ इस्लामिक सरकारों ने अभी तक (गाजा में इजराइल की कार्रवाई) निंदा नहीं की है, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं है।

# पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी रोजलिन कार्टर का निधन, विश्व शांति-मानसिक स्वास्थ्य के लिए रहती थीं समर्पित

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर की पत्नी रोजलिन कार्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 96 वर्ष की उम्र में रविवार को कार्टर का अपने घर में निधन हो गया। कार्टर मानसिक स्वास्थ्य सुधारक और समाजसेवी थीं। अमेरिकी सरकार ने बयान जारी कर निधन की जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति और रोजलिन के पति जिमी कार्टर ने कहा कि मैंने आज तक जो भी हासिल किया, उसमें रोजलिन मेरे बराबर की अधिकारी है। मैं जब भी कभी निराश हुआ तो उसने ही मुझे प्रोत्साहित किया। मुझे हमेशा सलाह दी। वह मेरी बेहतरीन सलाहकार थी। जब तक रोजलिन इस दुनिया में थीं, मुझे हर वक्त एहसास होता था कि हां ऐसा कोई है, जो मुझे प्यार करता है और हमेशा करेगा। रोजलिन ने हमेशा मेरा समर्थन किया।

### हर परिस्थितियों में दोनों रहे साथ

रोजलिन की संस्था कार्टर सेंटर ने बताया कि पिछले साल मई में पता चला की उन्हें डिमेशिया नाम की बीमारी है। उनका खूब इलाज कराया गया। इसके बाद फरवरी में उनके पति ने उनका इलाज घर में ही कराना शुरू कर दिया। बता दें, जिमी के कार्यकाल के दौरान इजराइल और



मिस्त्र के बीच शांति समझौता हुआ था, जो उस दौरान काफी टेढ़ी खीर मानी जाती थी। इस सफलता के लिए वैश्विक पटल पर उनकी खूब सराहना हुई। हालांकि, महंगाई और ईरान संघर्ष के कारण उन्हें काफी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। परिस्थितियां कैसी भी रही हों, रोजलिन हमेशा अपने पति के साथ खड़ीं रहीं। बता दें, कार्टर दंपती ने विश्व शांति और मानवाधिकारों के प्रति काम करने के लिए एक सगंठन की स्थापना की, जिसका नाम कार्टर सेंटर है। दंपती ने चुनाव हारने के बाद, क्यूबा, सूडान और उत्तर कोरिया का दौरा किया था। 2002 में शांति के लिए जिमी कार्टर को नोबेल पुरस्कार से भी नवाजा गया था। 1999 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने कार्टर दंपती को अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया था।

# अमेरिका में महिलाओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर की छठी मैया की पूजा, परिवार के लिए की कामना

**वाशिंगटन ।**

आस्था का लोकपर्व छठ देश-विदेश में खुशी और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी माता की पूजा कर अपने परिवार और देश की कुशलता की कामना की। जिस भव्यता के साथ भारत के कोने-कोने में छठ मनाया गया, ठीक उसी भव्यता और उमंग के साथ सात समंदर दूर अमेरिका में भी महिलाओं ने छठ पूजा किया और भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर छठी मैया से आशीर्वाद मांगा। मीडिया के अनुसार, न्यूजर्सी के मोनरो स्थित थॉमसन पार्क में छठ पूजा मनाई गई। इस दौरान अमेरिका में बसे भारतीयों ने भगवान सूर्य अर्घ्य दिया। अमेरिकी शहर एडिसन में 19 नवंबर की सुबह उगते को अर्घ्य दिया गया। भारतीय मूल के लगभग 2000 लोग उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट पहुंचे थे।



### अमेरिका में यह संगठन कराते हैं छठ का आयोजन

अमेरिका के बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका और बिहार फाउंडेशन की यूएस टीम के तत्वाधान में अमेरिका में हर साल छठ का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा, अमेरिका के सबसे बड़े भारतीय संगठन द फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) की भी महापर्व के आयोजन में बड़ी भूमिका रहती है।

### छठ पूजा का इतिहास

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पूजा की शुरुआत महाभारत काल से मानी जाती है। दौपदी और पांडवों ने छठ पूजा का व्रत रखा था। उन्होंने अपने राज्य को वापस पाने के लिए यह व्रत रखा था। जब पांडव सारा राजपाठ जुए में हार गए, तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को सब कुछ वापस मिल गया, इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की पूजा फलदायी माना जाता है। इसके अलावा यदि निः संतान महिलाएं यह पूजा करती हैं, तो उन्हें संतान की प्राप्ति होती है। इस बात बात का प्रमाण है कि छठ पूजा की शुरुआत बिहार के मुंगेर जिले से हुई थी।

### परिवार और संतान की लंबी उम्र की कामना

इस दिन व्रत रखने वाले लोग अपने परिवार और बच्चों की लंबी उम्र की प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से छठी माता व्रत करने वाले लोगों के परिवार और संतान को लंबी आयु और सुख समृद्धि का वरदान देती हैं

# एमआरआई सेंटर और कार्डियोलॉजी वार्ड में रखे थे हथियार, हमास ने अस्पताल को ऐसे बनाया था वॉर रुम

**जेरूसलम ।**

गाजा के शिफा अस्पताल का कार्डियोलॉजी वार्ड विस्फोटकों और हथियारों के ज़खीरों का सबसे बड़ा अड्डा था। यही नहीं अस्पताल के एमआरआई सेंटर में हमास में चल रहे युद्ध के लिए तैयार किए गए विस्फोटक दीवारों के भीतर बंद करके रखे गए थे। इसी अस्पताल का फिजियोथेरेपी सेंटर बाकायदा हथियारों के साथ-साथ दहशतगर्दों की ओर से बड़े फूछताछ वार्ड के तौर में तब्दील कर दिया गया था। इजराइल डिफेंस फोर्स ने गाजा के शिफा अस्पताल में मौजूद न सिर्फ टनल को नष्ट किया, बल्कि अस्पताल के वार्ड से लेकर वार्ड के नीचे बनी टनल में हथियारों के जखीरों को भी पकड़ा। इस दौरान पता यह भी चला है कि शिफा अस्पताल ही नहीं, बल्कि आसपास की कई इमारतों में टनल के माध्यम से बड़ी आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इजराइल डिफेंस फोर्स ने गाजा के शिफा अस्पताल में तकरीबन 55 मीटर लंबी टनल होने का खुलासा किया है। इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों के मुताबिक अस्पताल के प्रवेश द्वार से ही तकरीबन 10 मीटर गहरी और 55 मीटर लंबी एक बड़ी टनल का रास्ता बनाया गया था। अस्पताल के नीचे बनी इन टनल में हमास के आतंकियों ने युद्ध के सारे साजोसमान को न सिर्फ दीवारों के भीतर रखा था बल्कि अलग-अलग जगह पर भी बड़े हथियार को आईडीएफ ने बरामद किया है। इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों के मुताबिक हमास के आतंकियों ने अस्पताल के नीचे ही नहीं, बल्कि अस्पताल के अलग-अलग वार्ड में भी अपना सबसे बड़ा ऑपरेशन केंद्र बना रखा था। आईडीएफ के अधिकारियों का



कहना है कि अस्पताल के भीतर बनाई गई टनल से आसपास की बिल्डिंग में भी जाने का अंदरूनी रास्ता हमास के आतंकियों ने तैयार किया था। इन टनल के साथ-साथ अन्य सभी कनेक्टिंग टनल को भी पूरी तरीके से आईडीएफ ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस ऑपरेशन में शामिल आईडीएफ के वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि शिफा हॉस्पिटल के भीतर जाने वाली टनल को इतना सुरक्षित तैयार किया गया था कि अगर कोई बड़ा हमला हो, तो भी उसके ऊपर कोई असर न पड़े। वह बताते हैं कि इस टनल का दरवाजा बुलेट प्रूफ ही नहीं, बल्कि किसी बड़े विस्फोट में भी इसका नुकसान नहीं हो सकता था, कुछ इस तरह हमास के आतंकियों ने इसे तैयार किया था। अधिकारियों का कहना है कि हमास के आतंकियों की ओर से इस तरह के पुख्ता इंतजामात उन्हीं जगहों पर किए जाते थे, जहां पर उनको इस बात का अंदेशा रहता था कि इजराइल की फोर्स इन जगहों पर पहुंच सकती है। हमास के आतंकियों ने सिर्फ टनल के भीतर ही हथियारों का जखीरा नहीं रखा था, बल्कि अस्पताल के अलग-अलग वार्ड में भी इसका पूरा बंदोबस्त किया था। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने इस अस्पताल के कार्डियोलॉजी वार्ड से लेकर फिजियोथेरेपी वार्ड और एमआरआई सेंटर के साथ-साथ पल्मोनरी और इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट समेत मैटरनिटी डिपार्टमेंट को भी हथियारों के छुपाने का बड़ा अड्डा बना लिया था। आईडीएफसी की ओर से शिफा अस्पताल में की गई छानबीन में पता चला है कि कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में जहां गोला बारूद और विस्फोट को छुपाने का बड़ा अड्डा बनाया था, वहीं एमआरआई सेंटर में भी अत्याधुनिक हथियारों को रखा जा रहा था।

# चुनाव के समय कांग्रेस को यज्ञ व गायत्री मंत्र आए याद : डॉ. संबित पात्रा



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने राज्य में महिला उत्पीड़न बढ़ती दुष्कर्म, पेपर लीक और तुष्टिकरण की घटनाओं को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया। सोमवार को डॉ. पात्रा ने कहा कि जो लोग राम को काल्पनिक बताते हैं, राम जन्म का प्रमाण पत्र मांगते हैं उन्हें बताना चाहूंगा कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी और हिंदू आस्था का सबसे बड़ा पर्व मनाया जाएगा। भाजपा राम और काम में भेद नहीं करती, क्योंकि राम भी पिछड़ों वंचितों के हितैषी थे और भाजपा भी अत्योंदय की धारणा से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि राजस्थान चुनाव में नारी सुरक्षा और स्वाभिमान गंभीर मुद्दा है, क्योंकि वीरों और बलिदानियों वाला राजस्थान आज देश में दुष्कर्म के मामलों में नंबर एक पर आ गया। प्रदेश में पिछले पांच सालों में नारी उत्पीड़न के 2 लाख केस दर्ज हुए हैं। वहीं दुष्कर्म के 35 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें से 15 हजार दुष्कर्म के मामले नाबालिगों के साथ हुए हैं। रविवार को रात नागौर के लाडनू में एक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ, लेकिन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। इससे भी ज्यादा शर्मनाक तो यह है कि पुलिस ने आरोपियों की जो कार पकड़ी है, उसके पीछे कांग्रेस उम्मीदवार का स्टीकर लगा है। प्रदेश में बेटियों को भट्टियों में डाला जाता है, कहीं तेजाब डालकर जलाया जाता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि भारतवर्ष में राजस्थान की पहचान पहले पर्यटन और शौर्य के लिए होती थी, लेकिन पिछले पांच सालों में युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर छलावा किया गया और हर भर्ती का पेपर लीक हुआ। प्रदेश में 19 बार पेपर लीक हुआ। इस मामले का आरोपी बोर्ड का चेयरमैन अभी भी फरार है। कांग्रेस ने 70 लाख युवाओं का भविष्य चौपट कर दिया। भाजपा ने अपने मैनिफेस्टो में युवाओं से वादा किया है कि सत्ता में आते ही पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ एसआईटी गठित करेगी और आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम करेगी। वहीं महिला सुरक्षा को लेकर यूपी की तरह एंटी रोमियो स्कवॉयड का गठन करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया है और तुष्टिकरण की नीति अपनाई है। आज जब चुनाव हैं तो प्रियंका गांधी यज्ञ करती हैं, ये वही लोग हैं जो राम के अस्तित्व को मानने से भी मना करते थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पात्रा ने कहा कि हिन्दुस्तान ने बौद्ध की धरती से मौन रहकर युद्ध लड़ा है और 500 वर्षों बाद रामलला स्थापना का समय आया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव करके दिखाया है। कांग्रेस के लोग राम के नाम पर हिंदुओं की अग्निपरीक्षा लेते हैं जबकि प्रियंका गांधी को ये तक नहीं पता कि प्रभु श्री राम को 13 वर्ष का नहीं 14 वर्ष का वनवास हुआ था।

# स्पोर्टस विवि पटियाला में नौ पदों पर होगी भर्ती



**चंडीगढ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने पटियाला स्थित महाराजा भूपिंदर सिंह स्पोर्टस यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती के द्वारा तकनीकी काडर के नौ पदों का सृजन करने और भरने की भी मंजूरी दे दी। सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्क्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। जिन पदों को भरा जाएगा, उन पदों में एक पद सहायक मैनेजर, प्रोग्रामर के दो पद, दो पद तकनीकी सहायक के और क्लर्क- कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के होंगे। महाराजा भूपिंदर सिंह स्पोर्टस यूनिवर्सिटी की स्थापना खेल के क्षेत्र के पाठ्यक्रमों, शिक्षा और प्रशिक्षण के द्वारा राज्य में खेल का स्तर ऊंचा उठाने के मकसद के साथ हुई थी और इन पदों से यूनिवर्सिटी का कामकाज सुचारू तरीके से चलाने और विद्यार्थियों को रोजाना के कामकाज में सुविधा होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में पंजाब राज्य में नहरों और ड्रेनेज के कंट्रोल और प्रबंधन के लिए पंजाब केनाल और ड्रेनेज बिल, 2023 को भी मंजूरी दे दी। इसका मुख्य मंतव्य किसानों और जमीन मालिकों को बिना किसी रुकावट के सिंचाई के मंतव्य के लिए नहरी पानी देने के लिए नहरों, ड्रेनों और कुदरती जल स्रोतों की देखभाल, मुरम्मत और समय पर सफाई यकीनी बनाना है। इसके इलावा यह बिल पानी का प्रयोग करने वालों और पानी की अनावश्यक बर्बादी के विरुद्ध अन्य नियमित पाबंदियों की शिकायतों के निपटारे के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी ढांचा गठित करना यकीनी बनाएगा।

# गृह मंत्री अनिल विज सख्त, आईओ हटाकर डीएसपी को जांच सौंपी

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने यमुनानगर में दहेज उत्पीड़न मामले में विवाहिता द्वारा सात माह पहले केस दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई न होने पर कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक यमुनानगर को फोन लगाते हुए जांच अधिकारी को हटाकर जिला पुलिस उप अधीक्षक से जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्रवाई में विलंब होने की दस दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश भी दिए। गृह मंत्री सोमवार को अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश भर से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। प्रतिदिन की ही तरह उनके आवास पर फरियादियों की लंबी-लंबी कतारें लगती रही। यमुनानगर से पहुंची विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2023 में उसके द्वारा यमुनानगर में दहेज उत्पीड़न मामले का केस दर्ज कराया गया था। जबकि शिकायत इससे कई माह पहले दी थी। उसका आरोप था कि पुलिस की ढुलमुल कार्रवाई की वजह से उसका पति विदेश के लिए फरार हो चुका है। मगर पुलिस ने अप्रैल से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक यमुनानगर को फोन लगाते हुए नाराजगी जताई और जांच अधिकारी को हटाकर जिला पुलिस उप अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए।

# इनेलो, कांग्रेस छोड़कर 40 युवाओं ने बीजेपी का दामन थामा



**यमुनानगर ( हिंस )।** भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करवा रही है। भाजपा की इन्हीं नीतियां और विकास को देखकर लोग दूसरी पार्टियां छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। यह शब्द मेयर मदन चौहान ने सोमवार को मेयर हाउस में इनेलो व कांग्रेस छोड़कर करीब 40 युवाओं के भाजपा में शामिल होने पर कहें। इस दौरान उन्होंने भाजपा का दामन थामने वाले युवाओं को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इससे पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के सचिव संदीप गढ़ी के नेतृत्व में किशनपुरा माजरा व दयालगढ़ गांव के आशीष, अभिषेक, लवली, अभिषेक नागरा, शेखू, विकास, अजय नाडे, मनीष, रमन, राहुल, हेमंत, भानू कत्याल, मांगा समेत 35-40 युवाओं ने इनेलो व कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा। मेयर चौहान ने कहा कि भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा में हर महिला, बुजुर्ग, जवान व बच्चों को सम्मान दिया जाता है। चाहे वह किसी भी वर्ग का हो। यहीं कारण है कि आज दूसरी पार्टियां छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। भाजपा नेता जंगशेर ने कहा कि भाजपा सरकार निजी हित की बजाय राष्ट्रहित को लेकर काम कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले युवाओं ने कहा कि नए परिवार में आने के बाद वे बेहद खुश हैं। यह पार्टी जनता की हितैषी है।

# पंजाब विधानसभा का पांचवा सत्र 28 नवंबर से

**चंडीगढ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने आगामी 28 नवंबर को विधानसभा का सत्र बुलाने का फैसला किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इससे पहले पंजाब सरकार ने अक्तूबर माह के दौरान सत्र बुलाया गया था, लेकिन राज्यपाल ने उसे असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद दो दिवसीय सत्र को एक दिन में ही खत्म कर दिया गया। इसके बाद पंजाब सरकार राज्यपाल के फैसले के विरोध में सुप्रीम कोर्ट गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की टिप्पणी को खारिज किए जाने के बाद पंजाब सरकार ने अब सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया कि 28 व 29 नवंबर को दो दिन के लिए सत्र का आयोजन किया जाएगा। 16वीं विधानसभा का यहा पांचवा सत्र होगा। सत्र की शुरुआत 28 नवंबर को दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने से होगी और इस दो दिवसीय सत्र के कामकाज का फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी जल्द ही जारी करेगी।

# कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार और दंगे करवाने की गारंटी : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत

**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को नोखा से भाजपा प्रत्याशी बिहारी लाल विश्नोई के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गहलोत सरकार की एक ही गारंटी है भ्रष्टाचार, दंगे करवाना। इसलिए इस बार जनता को कांग्रेस की गारंटियों के भुलावे में नहीं आना है। उन्होंने एक वोट को सही जगह देने का महत्व समझाते हुए कहा कि देश के लोगों ने पहली बार 2014 और 19 में देशहित को ध्यान में रखकर वोट किया। देश में मोदी सरकार बनी और इस सरकार के आते ही देश की तकदीर और तस्वीर, दोनों बदली है। भारत के तिरंगे की ताकत बढ़ी है। मोदी जी के राज में गरीब के घर की तस्वीर बदली। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का ध्यान दिया गया। गरीब माताओं और बहनों के सिर पर पानी का घड़े का बोझ उतारने का काम किया। जल जीवन मिशन में आज साढे सोलह करोड़ परिवारों के घरों में पानी पहुंच चुका, लेकिन राजस्थान में मिशन के तहत काम नहीं हुआ। राजस्थान को तीस हजार करोड़ रुपए दिए गए। उसमें दस हजार रुपए खर्च हुए। शेष में घोटाला हुआ। उसकी जांच के लिए जब ईडी भेजी तो इनके पेट में दर्द हो गया। शेखावत ने कहा कि एक वोट आपने देशहित में दिया। देश ने दुश्मनों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की। राजस्थान में आपने एक वोट गलत दे दिया था। इसका परिणाम आपने देखा। किस तरह के हालात राजस्थान में हो गए। राजस्थान में अराजकता की पराकाष्ठा हो गई।

# मोदी सरकार ने फायदे के लिए नौ साल में पूरे देश को कतारों में कर दिया खड़ा : प्रियंका गांधी

**अजमेर/भीलवाड़ा ( हिंस )।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि देशभक्ति के नाम पर बीते नौ सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हर फायदे के लिए सभी को कतार में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीति है कि अडानी, अंबानी जैसे उद्योगपतियों को देश की सारी संपत्ति सौंप देते हैं। वहीं, छोटे कारोबारियों के लिए क्या किया? उन्हें पहले नोटबंदी की कतारों में खड़ा किया, फिर कोरोना में कोई राहत नहीं दी। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को अजमेर के केकड़ी और भीलवाड़ा के जहाजपुर में कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का काम होता है कि छोटे कारोबारियों को राहत देना, लेकिन कोई मदद नहीं की। फिर आप पर जीएसटी थोप दी। एक तो आप कमा नहीं पा रहे, ऊपर से महंगाई बढ़ती चली जा रही है। प्रियंका ने कहा कि त्योहार में जैसे हम घर की सफाई करते हैं। वैसे ही चुनाव के समय में भी सफाई जरूरी है। चुनाव के समय नेता धर्म की बात करते हैं। इनकी आदत बन गई है कि चुनाव आएगा, धर्म की बात करेंगे, वोट मिल जाएगा। काम करने की जरूरत ही नहीं है। प्रियंका ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के लिए कहा कि कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं, लेकिन इनकी पार्टी तो खुद ही हिट विकेट है राजस्थान में। इनकी पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई है। मोदी कहते हैं मुझे वोट दो। क्या मोदी आपके मुख्यमंत्री बनेंगे? क्या मोदी प्रधानमंत्री पद छोड़ने वाले हैं? तो अपने नाम पर वोट क्यों मांग रहे हैं? उन्हें खुद ही समझ नहीं आ रहा है कि मुख्यमंत्री किसे बनाएंगे। सच्चाई ये है कि आज राजस्थान में भाजपा लगभग खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों का कर्ज माफ किया है। भाजपा ने किसी प्रदेश में किसानों का क्या कर्ज माफ किया है? काले कानूनों के खिलाफ जब किसान देश में आंदोलन कर रहा था तब भाजपा के मंत्री का बेटा किसानों को जीप के नीचे कुचल रहा था। छत्तीसगढ़ में हमने गोबर खरीद सबसे पहले शुरू की। उन्होंने कहा कि द्र सरकार इतनी महंगाई बढ़ा रही है कि प्रदेश की सरकार को राहत के कैंप लगाने पड़ रहे हैं। यहां 500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है, केजी से पीजी तक महिलाओं के लिए नि:शुल्क शिक्षा, महिलाओं का रोडवेज में आधा किराया। जबकि मध्य प्रदेश में 18 साल से महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कभी हिंदू-मुसलमान, धर्म-जाति केवल यही बातें बीते 10 सालों से हो रही है। इन सब बातों से केवल आपका नुकसान हो रहा है। आपने कभी देखा है कि कभी किसी नेता का दंगे से नुकसान हो रहा है? नुकसान केवल आपका होता है। राजनीति होनी चाहिए, केवल आपके विकास के लिए। नेता का केवल धर्म होता है आपकी सेवा करना। ये ही सबसे बड़ा धर्म होता है।

# भव्य तरीके से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती



**पलवल ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर समाज के संत महापुरुषों और वीर वीरांगनाओं की जयंतियां सरकारी स्तर पर मनाने की दिशा में शुरू की गई संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत सोमवार जिला पलवल में रानी लक्ष्मी बाई की सेनापति रही झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता की ओर से झलकारी बाई को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने समाज को ऐसी महान वीरांगना की कथा से प्रेरित करने के लिए घोषणा करते हुए कहा कि पलवल के आगरा चौक पर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम झलकारी बाई के नाम पर रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने पलवल के मोहन नगर के वार्ड नंबर-4 में कोली समाज के एक भव्य भवन का निर्माण किए जाने की भी घोषणा की। इस भवन में झलकारी बाई की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिससे भावी पीढ़ी को इनकी गाथाओं से अवगत करवाया जा सकेगा। इस पर लगभग 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। मनोहर लाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन है, जब वीरांगना झलकारी बाई की जयंती मनाई जा रही है, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सन् 1857 में स्वाधीनता संग्राम में हम सभी ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम तो सुना है, लेकिन वीरांगना झलकारी बाई के नाम को इतिहास में उतना अधिक नहीं जानते। उन्होंने कहा कि मैथिली शरण गुप्त ने अपनी कविता में झलकारी बाई जी का वर्णन किया है कि आकर रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की झलकारी थी। गोरों से लड़ना सीखा गई, रानी बन जौहर दिखा गई, इतिहास में झलक रही वह भारत की ही नारी थी, आकर रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की झलकारी थी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की महिलाएं, बेटियां झलकारी बाई से प्रेरणा लें यही हमारा लक्ष्य है। आज के युग में हमारी बेटियां अंतरिक्ष, खेल, डिफेंस सहित विभिन्न क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा सांसद एवं हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक दीपक मंगला, जगदीश नय्यर, प्रवीन डागर, राजेश नागर, नयनपाल रावत, नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा सहित विभिन्न जिलों से आए भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नहीं होगा हरियाणा पुलिस के 272 जांच अधिकारियों का निलंबन

**चंडीगढ ( हिंस )।** हरियाणा के गृहमंत्री के निर्देश के बावजूद पुलिस विभाग के 272 जांच अधिकारियों का निलंबन अटक गया है। जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने इस निलंबन को लेकर अपनी सहमति नहीं जताई है। जिसके आधार पर पुलिस महानिदेशक ने अपनी रिपोर्ट गृह सचिव को भेज दी है। अभी तक कुल 372 में से केवल 100 जांच अधिकारियों को ही निलंबित किया गया है। गृहमंत्री अनिल विज ने जब प्रदेश के सभी जिलों से लंबित केसों की जानकारी मंगवाई तो उन्हें पता चला कि 3,229 केसों की जांच एक साल से अधिक समय से पेंडिंग है। गृहमंत्री के बार-बार कहने के बावजूद जांच अधिकारी गंभीर नहीं हुए। जिसके चलते 23 अक्तूबर को गृहमंत्री अनिल विज ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को एक पत्र लिखकर 372 जांच अधिकारियों को निलंबित करने की सिफारिश कर डाली। इन जांच अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश से पहले पुलिस महानिदेशक के जरिए इनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया था, लेकिन संबंधित जांच अधिकारियों का जवाब संतोषजनक नहीं था। जिसके बाद गृहमंत्री ने यह कार्रवाई की। गृहमंत्री के निर्देश के करीब एक सप्ताह के भीतर सौ जांच अधिकारियों को तो निलंबित कर दिया गया, जबकि अन्य अधिकारियों के संबंध में रिपोर्ट के लिए समय मांग लिया। इसके बाद पुलिस महानिदेशक ने सभी 272 जांच अधिकारियों के संबंध में संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों के पास से रिपोर्ट मांगी। यह रिपोर्ट आने के बाद डीजीपी ने गृह सचिव को रिपोर्ट भेज दी है। रिपोर्ट में जांच अधिकारी के पेडिंग केसों के लंबित रहने के कारणों का ब्यौरा दिया गया है। गृह सचिव के स्तर पर रिपोर्ट की समीक्षा की जा चुकी है। जिलों के ज्यादातर एसपी की ओर से अब और जांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई है। तर्क दिया गया है कि यदि और आईओ के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होती है तो जिलों में जांच अधिकारियों की कमी हो जाएगी।

# पुलिस महिलाओं को पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

**कैथल ( हिंस )।** अपने ही गांव के एक व्यक्ति को महिलाओं के जाल में फंसा कर उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे न्याय की हिरासत में भेजा है। थाना शहर में दर्ज करवाए गए मामले के अनुसार गांव धनौरी निवासी इंदर सिंह ने बताया कि 12 नवंबर को उसके पास एक महिला कि काल आई थी। जिसे बातचीत के पास उसे अर्जुन नगर कैथल में अपने घर बुलाया था। मैं 15 नवंबर की शाम को उसे महिला के घर गया और वहां महिला ने उसके साथ जबरदस्ती नाजायज संबंध बनाए। जब वह वहां से लौटने लगा तो रास्ते में उसे महिला का फोन आया कि उसने उसके साथ गलत काम किया है। महिला ने कहा कि वह मामला दर्ज कराएगी नहीं तो उसे 6 लाख रुपए दो। इस तरह मामला 3 लाख रुपए में निपट गया। रविवार को थाना शहर पुलिस ने कुलदीप से रुपए लेते हुए महिलाओं को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस खेल का मास्टरमाइंड उसी के गांव का इंदर सिंह था। जिसे थाना शहर के एएसआई बलवान सिंह ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ब्लैकमेलिंग के खेल में शामिल दो महिलाओं व एक व्यक्ति को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# नहीं मिला सरकारी घर, विरोध करने पर जल से भी हुए वंचित

**हुगली ( हिंस )।** हुगली जिले के डानकुनी नगरपालिका के 16 नंबर वार्ड के रायपाड़ा रेल बस्ती में रहने वाले सैकड़ों लोग लंबे समय से पेयजल की परिसेवा से वंचित हैं। आरोप है कि लोग वर्षों से इलाके में रह रहे हैं। लेकिन उनको पेयजल की सुविधा ठीक से नहीं मिल पा रही है। घनी आबादी वाले इस इलाके में एक ही नल है जिस कारण स्थानीय लोगों को रोज जल की समस्या से जूझना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकारी आवास देने के नाम पर उनसे वोट और पैसा लिया गया। लेकिन सात वर्ष बीतने के बाद अब तक कुछ नहीं हुआ। हम लोगों ने सरकारी घर की मांग को लेकर नगरपालिका के सामने विरोध प्रदर्शन किया था। इसलिए हमें पेयजल से भी वंचित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सवाल किया कि यदि तृणमूल समर्थक के घर के सामने पानी की पाइपलाइन जा सकती है तो आम आदमी के घर के सामने क्यों नहीं।

# *लकड़कोट* की जर्जरता पर इतिहासविदों ने जताई चिंता

**उदयपुर ( हिंस )।** विश्व विरासत सप्ताह के तहत इतिहास संकलन समिति, उदयपुर की ओर से आयोजित विरासत दर्शन अभियान के क्रम में शुक्रवार को इतिहासविदों के दल ने उदयपुर के समीपवर्ती भल्लों का गुड़ा-लकड़वास गांव का दौरा किया जहां *लकड़कोट* की जर्जरता पर सभी ने चिंता जताई। भारतीय इतिहास संकलन योजना, जिला उदयपुर की ओर से आए इतिहासविदों ने निर्णय किया है कि समिति की ओर से इस विरासत के संरक्षण के मद्देनजर जिला कलेक्टर को इसका अवलोकन कराने के लिए पत्र लिखकर आग्रह किया जाएगा। समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह खरकवाल के नेतृत्व में इतिहासविदों व समिति के पदाधिकारियों का दल सोमवार सुबह भल्लों का गुड़ा गांव पहुंचा। यहां पर प्राचीन शहरकोट के दरवाजे की जर्जर हालत देख सभी ने इसके संरक्षक की आवश्यकता जताई। सभी ने कहा कि यह मेवाड़ के इतिहास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पहाड़ी पर स्थित इस प्राचीन जर्जर दरवाजे के नीचे लोगों ने खुदाई कर पत्थर निकालने शुरू कर दिए हैं। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसके साथ कुछ वर्षों पूर्व तक नजर आने वाली शहरकोट की तरह यह दरवाजा भी ध्वस्त होकर गायब हो जाएगा। इस दौरान क्षेत्रवासी उदयलाल डांगी ने दल को बताया कि करीब 15 से 20 वर्ष पूर्व तक यहां की शहरकोट को उन्होंने देखा है। उनके ही बड़े भाई के प्रयासों से यह *लकड़कोट* का दरवाजा बच सका है। चूंकि यह शहरकोर्ट लकड़वास गांव में है इसलिए इसका नाम लकड़कोट पड़ गया। समिति के प्रांत संगठन मंत्री छगनलाल बोहरा ने उनसे बातचीत कर और भी जानकारी ली। समिति अध्यक्ष डॉ. खरकवाल ने बताया कि डबोक स्थित धूणी माता मंदिर में लगे एक अभिलेख में लकड़कोट शब्द का उल्लेख आया है। समिति के प्रांत महामंत्री डॉ. विवेक भटनागर ने बताया कि इसका जिक्र महाराणा के बहिड़ों में भी आता है। दल में समिति के जिला मंत्री चैनशंकर दशोरा, सदस्य मंगल कुमार जैन आदि शामिल थे।



# पंजाब में बंद होगा समाज कल्याण बोर्ड

**चंडीगढ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने पंजाब राज्य समाज कल्याण बोर्ड को बंद करने और इसके कर्मचारियों को विभाग में विलय करने का फैसला लिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सरकार ने बोर्ड के बंद होने के बाद मुख्यालय पर तैनात कर्मचारियों, पेंशनरों, पांच आईसीडीएस ब्लॉकों सहित स्टाफ का सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग में विलय किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने राज्य की जेल में नजरबंद एक कैदी की उम्र कैद में छूट का केस भेजने की मंजूरी दे दी, जबकि चार अन्य ऐसे केस रद्द कर दिए गए। भारतीय संविधान की धारा 163 के अंतर्गत कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह विशेष छूट व अग्रिम रिहाई केस भारतीय संविधान की धारा 161 के अधीन विचार के लिए पंजाब के राज्यपाल को भेजे जाएंगे।




# आईपीओ की भरमार, बाजार भी गर्म, पैसा लगाने का अच्छा अवसर, वैश्विक बाजारों में भारतीय इश्यू का बढ़ता हिस्सा

**नई दिल्ली ।**

इस कैलेंडर साल में आईपीओ का बाजार गरम है। सेकंडरी बाजार जिस तरह से एक बार फिर पिछले सप्ताह 66,000 के स्तर के पार चला गया था, उसी तरह से प्रारंभिक बाजार में इस हफ्ते छह आईपीओ आ रहे हैं। इनमें निवेश और इनका पूरा विवरण बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट- इस सप्ताह कुल छह कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आने हैं। इनसे कंपनियां 7,300 करोड़ जुटाएंगी। इसमें पांच मुख्य प्लेटफॉर्म के और एक एसएमई इश्यू है। इस कैलेंडर साल में अब तक 40 आईपीओ आए हैं और इस हफ्ते को मिलाकर 46 हो जाएंगे। इनमें 38 कंपनियां ऐसी हैं, जिनके निवेशकों को सूचीबद्धता के दिन ही अच्छा फायदा मिला है। मुख्य प्लेटफॉर्म की तुलना में छोटे एवं मझोले यानी एसएमई आईपीओ ने निवेशकों की झोली खूब भरी है। इनके शेयरों में सूचीबद्धता के दिन निवेश की रकम दोगुना से ज्यादा हो गई है। जिन निवेशकों ने निवेश महीने या दो महीने तक बनाए रखा, उनका निवेश मूल्य कई गुना बढ़ गया है।

**एसएमई के निर्गम में जोखिम ज्यादा** - एसएमई आईपीओ में ज्यादा जोखिम है। मिले-जुले तरीके से इनके शेयरों की कीमतें बढ़ाई जाती है, जबकि मुख्य प्लेटफॉर्म के न्यूनतम निवेश 15 हजार रुपये की तुलना में यहां कम-से-कम निवेश दो लाख का है। फिर भी इन आईपीओ को 500 गुना तक रिस्पांस मिल रहा है। ऐसे में यह संदेहास्पद मामला है। सेबी इसकी जांच भी कर रहा है। एसएमई के आईपीओ छोटे होते हैं व मुख्य प्लेटफॉर्म की तुलना में आसानी से सूचीबद्ध हो जाते हैं। वैश्विक बाजारों में भारतीय इश्यू का बढ़ता हिस्सा भारतीय आईपीओ वैश्विक बाजारों में ज्यादा हिस्सेदारी हासिल कर रहे हैं। 2021 में वैश्विक आईपीओ बाजार में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 6 फीसदी थी, जो 2022 में बढ़कर 11 फीसदी हो गई। इस साल की पहली छमाही यानी जून तक यह 13 फीसदी के पार पहुंच गई। वित्तीय सलाहकार अर्चना पांडे के मुताबिक किसी भी आईपीओ में पैसा लगाने से पहले कंपनी की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, आगे की योजना और कारोबार को जरूर देखें। साथ ही, एक औसत दर्जे का फायदा मिलने पर निकल भी जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सेबी के पास पड़े सहारा के पैसों पर सरकार ले सकती है बड़ा फैसला, रिपोर्ट्स में ये दावा




**नई दिल्ली ।** सरकार कथित तौर पर सहारा-सेबी रिफंड खाते में पड़े बिना दावे की राशि को सरकार की संचित निधि में स्थानांतरित करने की वैधता पर विचार कर रही है। हालांकि इसमें उन निवेशकों के लिए प्रावधान किए की उम्मीद है जो भविष्य में दावे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस फैसले पर समूह के संस्थापक सुब्रत रॉय के पिछले सप्ताह निधन के बाद विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सहारा रिफंड खाता बनने के बाद पिछले 11 वर्षों में गिने-चुने ही दावेदार ही सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि निवेशकों को धन लौटाने के लिए इस राशि को एक अलग खाते के साथ भारत की संचित निधि में बदलने का विकल्प तलाशा जाएगा। यदि दिए गए ब्योरे के सत्यापन के बाद सेबी सभी या किसी भी ग्राहक के ठिकाने का पता लगाने में असमर्थ रहता है तो ऐसे अंशधारकों से एकत्र की गई राशि को सरकार को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि धन का उपयोग गरीबों की मदद के लिए चल रहे कार्यक्रमों या लोक कल्याण के लिए किए जाने की उम्मीद है। 31 मार्च तक समूह से वसूली गई और सरकारी बैंकों में जमा की गई कुल राशि 25,163 करोड़ रुपये थी, जबकि 48,326 खातों से जुड़े 17,526 आवेदनों के बदले 138 करोड़ रुपये का भुगतान निवेशकों को किया जा चुका है। दूसरी ओर, वास्तविक जमाकर्ताओं के वैध बकाये के भुगतान के लिए सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार को 5,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए थे। जिसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने रिफंड प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए सहारा के जमाकर्ताओं के लिए एक समर्पित पोर्टल लॉन्च किया था। सुब्रत रॉय भारत के सबसे बड़े नामों में से एक थे। सहारा एक समय भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का प्रायोजक था और एक समय इसकी संपत्ति में न्यूयॉर्क का प्लाजा होटल और लंदन का ग्रोसवेनर हाउस शामिल था। वह पूर्व फोर्स इंडिया फॉर्मूला वन टीम के सह-मालिक भी थे।

### ओपनएआई से निकाले गए सैम आल्टमैन माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े सत्या नडेला ने किया एलान

**नई दिल्ली ।** ओपनएआई से निकाले गए सैम आल्टमैन माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ गए हैं। माइक्रोसॉफ्ट



के मुखिया सत्या नडेला ने इसका एलान खुद किया है। सैम अल्टमैन के अलावा, ग्रेग ब्रॉकमैन भी एक नई उन्नत एआई अनुसंधान टीम का नेतृत्व करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट की रिसर्च टीम से जुड़ेंगे। आल्टमैन की नियुक्ति की घोषणा करते हुए, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने एक्स पर पोस्ट किया, हम ओपनएआई के साथ अपनी साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें अपने उत्पाद रोडमैप, माइक्रोसॉफ्ट इग्नाइट में घोषित हर चीज के साथ नवाचार जारी रखने की हमारी क्षमता और हमारे ग्राहकों और भागीदारों का समर्थन जारी रखने में विश्वास है। माइक्रोसॉफ्ट सीईओ ने पोस्ट किया, हम एम्मेट शियर और ओएआई की नई नेतृत्व टीम को जानने और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और हम इस खबर को साझा करने के लिए बेहद उत्साहित हैं कि सैम आल्टमैन और ग्रेग ब्रॉकमैन, अपने सहयोगियों के साथ, एक नई उन्नत एआई अनुसंधान टीम का नेतृत्व करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होंगे। हम उनकी सफलता के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने के लिए तत्पर हैं। बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई में अरबों डॉलर का निवेश किया है और बिंग सहित अपनी पेशकशों में कंपनी की तकनीक का प्रयोग कर रहा है।

### सोना महंगा, चांदी में भी लौटी चमक, सोना का वायदा भाव 60,700 और चांदी 73,200 के करीब

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की गिरावट के साथ शुरुआत के बावजूद घरेलू बाजार में सोने की वायदा कीमतों की शुरुआत सोमवार को तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। लेकिन बाद में इसके भाव में भी सुधार देखने को मिला। सोने के वायदा भाव 60,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। चांदी के वायदा भाव 73,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 6 रुपये की तेजी के साथ 60,719 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 41 रुपये की तेजी के साथ 60,754 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

# पहले वित्तीय और गैर-वित्तीय पहलुओं पर ध्यान दें, फिर करें फैसला, इन बातों पर जरूर करें विचार

**नई दिल्ली ।**

साठ वर्षीय शर्मा जी के साथ वसीयत बनाते समय उनके 40 वर्षीय बेटे ने मुझसे कुछ महत्वपूर्ण चर्चा के लिए कहा। मुझे लगा कि वह वसीयत के विवरण जानना चाहते हैं, जिसे मैं गोपनीयता के कारण उन्हें नहीं बता सका। हालांकि, जब उन्होंने पांच साल बाद ही (जल्द) सेवानिवृत्त होने की संभावनाओं पर चर्चा शुरू की तो मैं स्तब्ध रह गया क्योंकि 40 साल के जूनियर शर्मा के दोनों बच्चों ने अभी स्कूल खत्म नहीं किया था। वह खुद उस घर में रहते थे, जिसका मालिकाना हक उनके पिता का था।

जूनियर शर्मा की वित्तीय स्थिति अच्छी है क्योंकि उन पर देनदारी नहीं हैं। उनके माता-पिता स्वस्थ हैं। उन्हें किसी मदद की जरूरत नहीं है। पत्नी पार्टटाइम नौकरी कर रही हैं। कुल मिलाकर, उनके पास जल्द सेवानिवृत्त पर विचार करने की वित्तीय सुविधा है। ऐसे में मुझे उनसे कुछ सवाल पूछकर बुलबुला फोड़ना पड़ा, जिन्हें लोग नजरअंदाज कर देते हैं। मैंने पूछा...आपने 45 साल की उम्र में काम करना बंद कर दिया तो कितने वर्षों तक सेवानिवृत्त जीवन जीएंगे इस पर उनके पास स्पष्ट विचार नहीं था। फिर मैंने पूछा... सेवानिवृत्ति के बाद आरामदायक जीवन के लिए उन्हें कितना पैसा पर्याप्त लगता है। वह इस बारे में भी अनिश्चित थे।

### तो हासिल करने होंगे सभी वित्तीय लक्ष्य

कल्पना कीजिए, कोई 22-23 साल की उम्र में अपना करियर शुरू कर 25 साल बाद यानी 40 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त हो रहा है। यानी उस व्यक्ति को सभी वित्तीय लक्ष्य हासिल करने होंगे। जैसे घर बनाना, बच्चों को पढ़ाना, सेवानिवृत्त के बाद 30-40 साल तक गुजारा करने के लिए पर्याप्त धन आदि। जल्द सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित करने के बजाय आपको तब तक काम करने पर विचार करना चाहिए, जब तक कर सकते हैं। भले ही वह काम करने में खुशी न मिले।

### समय बिताना हो जाएगा मुश्किल

नफरत के बावजूद हममें से अधिकांश लोग अपने पेशे व नौकरी से परिभाषित होते हैं। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर उस कंपनी का नाम बताता है, जिसके लिए वह काम करता है, बजाय इसके कि वह इंजीनियर है। यह किसी अकाउंटेंट, विश्वविद्यालय में प्रोफेसर या




प्रशासनिक प्रमुख के लिए भी समान है। आमतौर पर, हमारा सामाजिक दायरा भी ज्यादातर कामकाजी लोगों से बना है। इन्हें आप अपने रिश्तेदारों के अलावा जानते हैं। ऐसे में जल्द सेवानिवृत्ति का मतलब होगा कि आपको समय बिताने के लिए अपने आयु वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे, क्योंकि उस समूह के अधिकांश लोग काम जारी रखेंगे।

### इन महत्वपूर्णबातों पर जरूर करें विचार

जो लोग 50 या 45 और यहां तक 40 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति पर विचार कर रहे हैं, वे ऐसा न करें। ऐसा करने से पहले अपने माता-पिता के सेवानिवृत्त होने के बाद की जीवन की कल्पना जरूर करें।

### जल्द सेवानिवृत्ति के बाद अगले 30-40 वर्षों तक क्या करेंगे

अगर वे 80 साल या उससे अधिक समय तक जीवित रहते हैं तो इसका अर्थ है कि अगले तीन-चार दशकों तक अपने जीवन यापन के लिए जो कुछ भी बचाया है या निवेश किया है, उससे वे पर्याप्त आय उत्पन्न नहीं कर पाएंगे।

### तैयारी बेहतर तो आसान होगी राह

मैं ऐसे दंपती को भी जानता हूं, जिन्होंने जल्द सेवानिवृत्ति का फैसला किया। इसके लिए वे एक दशक से तैयारी कर रहे थे। सिकंद दंपती...जिनकी उम्र अब 55 साल है। उन्होंने 40 साल की उम्र में मन बना लिया था कि 50 वर्ष की आयु के बाद जल्द सेवानिवृत्ति पर विचार करेंगे। तब तक उनकी इकलौती बेटी 25 वर्ष की हो चुकी होगी। उन्हें लगा कि बेटी के आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की यह सुरक्षित उम्र होगी। 25-27 वर्षों तक निजी बैंक में नौकरी के बाद सिकंद दंपती अपने गांव के स्कूल में पढ़ाने के सपने को साकार करना चाहते थे। करीब 45 साल की उम्र तक उन्होंने पढ़ाने के लिए जरूरी योग्यताएं हासिल कर लीं ताकि यह पता चल सके कि वे वास्तव में गंभीर हैं या नहीं।

मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर सिकंद दंपती की बेटी एक फर्म के लिए काम कर रही थी। उनके माता-पिता अब भी गांव में थे। उन्होंने एक साल के लिए काम से छुट्टी (सबैटिकल) ले ली। सौभाग्य से, छह माह की छुट्टी के दौरान उन्हें लगा कि उनका निर्णय सही था। उन्होंने गांव में पूर्णकालिक रूप से पढ़ाने के साथ माता-पिता की देखभाल के लिए इस्तीफा दे दिया। उन दोनों ने महसूस किया कि अपने करियर की शुरुआत करते समय उनके पास अपने माता-पिता के लिए बहुत कम समय था। अब वे अपने जीवन के इस चरण का उपयोग उनके साथ रहने के लिए कर सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की याचिका पर केंद्र और ईडी से जवाब मांगा, ये है मामला




**नई दिल्ली ।**

**उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सोमवार को केंद्र और प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा ।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र और ईडी को नोटिस जारी किया और उनसे 11 दिसंबर से पहले जवाब दाखिल करने को कहा।**

पीठ ने आदेश दिया कि यदि सिंह अंतरिम सुनवाई में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर करते हैं तो इसे दिल्ली उच्च न्यायालय के 20 अक्टूबर के फैसले में की गई टिप्पणी से स्वतंत्र माना जाना चाहिए।

सिंह को इस मामले में चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में मामले में उनकी गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा था कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के अभाव में वह किसी प्रमुख जांच एजेंसी पर राजनीतिक मकसद पर आरोप नहीं लगा सकते। अदालत ने यह भी कहा था कि सिंह का मामला प्रथम दृष्टया ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई सबूत नहीं है।

ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर से संबंधित है। सीबीआई और ईडी के अनुसार, अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। यह आरोप लगाया गया है कि सिंह ने नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने मौद्रिक कारणों से कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाया। गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत ने सिंह को ईडी की हिरासत में भेज दिया। 13 अक्टूबर को उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# यूरोप-यूएस छोड़ लौट रहे उद्यमी, अर्थव्यवस्था का तेज विकास, पूर्व अध्यक्ष ने भारत की जीडीपी पर कही यह बात

**सिंगापुर ।**




नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने भारत की तेज आर्थिक तरक्की पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय इकोनॉमी का आकार लगातार बढ़ रहा है। विकास की संभावनाओं को देखते हुए यूरोप और अमेरिका में रहने वाले उद्यमी भारत वापस लौट रहे हैं।

15-17 नवंबर तक सिंगापुर फिनटेक महोत्सव में सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, विदेश जा चुके अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी भारत वापस आ रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और बड़े अवसर मिल रहे हैं। नैसकॉम के सह-संस्थापक और पद्मश्री सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, आज, अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी यूरोप और अमेरिका ने वापस लौटने के बाद उन बाजारों में सफलता हासिल कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और अवसर बड़े हैं और सरकार उद्यमियों पर बहुत केंद्रित है।

श्रीवास्तव ने कहा कि वह भारतीय अर्थव्यवस्था को दोहरे अंक में बढ़ते देखना चाहते हैं, हालांकि फिलहाल मौजूदा जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है। लगभग 150 स्टार्टअप को वित्त पोषित कर चुके सौरभ ने कहा कि 1.4 बिलियन की बड़ी आबादी को देखते हुए, भारत में आर्थिक विकास को चलाने के लिए दस लाख स्टार्टअप होने चाहिए।

उन्होंने कहा, भारतीय लोग दुनिया के सबसे प्रेरणादायक लोगों में से हैं और हमें तेज गति से आगे बढ़ने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि अहमदाबाद में गिफ्ट सिटी कर-मुक्त क्षेत्र बनाकर निवेश और व्यापारिक समुदाय को जीतने की एक उत्कृष्ट पहल है। उन्होंने कहा, सौर और पवन ऊर्जा अब उपलब्ध है जबकि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में भी वैश्विक नेता बनने के लिए तैयार है।

# गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज ने संपत्ति का 75 प्रतिशत हिस्सा क्षतिपूर्ति के तौर पर मांगा, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ।**

रेमंड लिमिटेड के चेयरमैन गौतम सिंघानिया से अलग रह रहीं उनकी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया ने कथित तौर पर अपने और अपनी दो बेटियों निहारिका और निसा के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर उद्योगपति की 1.4 अरब डॉलर की संपत्ति के 75 प्रतिशत की मांग की है। सिंघानिया ने 32 साल तक साथ रहने के बाद अपने साथी से अलग होने की घोषणा की थी और कहा था उन दोनों ने अलग-अलग रास्ता अपनाने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गौतम सिंघानिया ने नवाज मोदी सिंघानिया की मांग को काफी हद तक स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्होंने एक पारिवारिक ट्रस्ट स्थापित करने, परिवार की संपत्ति को ट्रस्ट को स्थानांतरित करने और ट्रस्ट का एकमात्र प्रबंध ट्रस्टी खुद को बनाने का सुझाव दिया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सिंघानिया चाहते थे कि उनके परिवार के सदस्यों को उनके बाद संपत्ति की वसीयत करने की अनुमति दी जाए, हालांकि नवाज को यह स्वीकार्य नहीं है। खेतान एंड कंपनी के सीनियर पार्टनर हैग्रेव खेतान और मुंबई की लॉ फर्म रश्मि कांत को क्रमशः गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर अक्षय चुडासमा कथित तौर पर संभावित सुलह या पारस्परिक रूप से स्वीकार्य स्थिति के लिए दंपती के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि गौतम और नवाज दोनों प्राथमिकता के आधार पर अपनी बेटियों के



भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, नवाज मोदी ने अपने ससुराल वालों के साथ दिवाली पर पूजा करते हुए उनका एक वीडियो साझा किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, इस समय और हर समय अपने ससुराल वालों का निरंतर समर्थन, प्यार, दयालुता और मदद पाकर धन्य हूं। यहां दिवाली पर पूजा कर रही हूं और उसके बाद उनके अपार्टमेंट में डिनर कर रही हूं, साल के इस बेहद शुभ, शक्तिशाली ईश्वर द्वारा भेजे गए समय पर। नवाज मोदी दक्षिण मुंबई में स्थित एक एरोबिक्स और वेलनेस विशेषज्ञ हैं। वह फिटनेस सेंटरों की श्रृंखला बॉडी आर्ट चलाती हैं और रेमंड लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं, जिसका मूल्य करीब 11,875.42 करोड़ रुपये है।

# क्या चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना भारत जानें अदाणी से लेकर फडणवीस तक, किसने-क्या कहा

**नई दिल्ली ।**

**अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी से लेकर दो केंद्रीय मंत्रियों और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य लोगों ने भारत की जीडीपी के 4,000 अरब डॉलर (चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के आंकड़े को पार करने की सराहना की। हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि देश ने यह उपलब्धि हासिल कर ली है या नहीं। वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भारत की जीडीपी 4,000 अरब डॉलर के पार जाने संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि वायरल पोस्ट गलत है और भारत अभी भी उस मील के पत्थर को हासिल करने से दूर है।**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के आधार पर सभी देशों के लिए लाइव ट्रैकिंग जीडीपी फीड से एक असत्यापित स्क्रीनग्रैब को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं समेत कई लोगों ने इस पोस्ट को साझा किया है। सभी देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों की लाइव ट्रैकिंग करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े एक अंतराल के साथ उपलब्ध हैं।

अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, बधाई हो, भारत। वैश्विक जीडीपी के मामले में भारत 4.4 ट्रिलियन डॉलर के जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के जर्मनी को पछाड़कर तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। तिरंगा लहराने का सिलसिला जारी ! जय हिंद।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित कई राजनेताओं ने इस उपलब्धि की सराहना की। जलशक्ति मंत्रि गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय वास्तव में अद्वितीय है, क्योंकि हमारा सकल घरेलू उत्पाद चार ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है।

एक अन्य कैबिनेट मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक पोस्ट में कहा, पहली बार जीडीपी के 4,000 अरब डॉलर (चार ट्रिलियन) तक पहुंचने पर बधाई। पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर -मोदी की गारंटी। रेड्डी केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री होने के साथ-साथ तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष भी हैं।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर लिखा, गतिशील, दूरदर्शी नेतृत्व ऐसा दिखता है। ऐसे हमारा नया भारत खूबसूरती से प्रगति कर रहा है। मेरे साथी भारतीयों को बधाई, क्योंकि हमारा देश चार ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का मील का पत्थर पार कर गया है।

भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी ने कहा, भारत को चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए बधाई ! यह अभूतपूर्व उपलब्धि पिछले 9.5 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए और लागू किए गए पथप्रदर्शक सुधारों से संभव हुई है।

भारत ने 2023-24 की अप्रैल-जून अवधि के दौरान 7.8 फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे अधिक है। सेवा क्षेत्र में दोहरे अंकों के विस्तार के कारण दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देश ने अपनी स्थिति बरकरार रखी है। जून तिमाही में 7.8 फीसदी जीडीपी वृद्धि दर इसी अवधि के दौरान चीन द्वारा दर्ज 6.3 फीसदी से अधिक है।

अगस्त में जारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 3.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो अप्रैल-जून 2022-23 में 2.4 फीसदी थी।

# समान अवसर पैदा करेंगे तो बाहरियों के लिए सुलभ होगा : कृति

## -प्रतिभा और स्क्रिप्ट की ओर हो रहा है दुनिया का झुकाव



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड उद्योग बाहरी लोगों के लिए कैसे अधिक सुलभ हो सकता है, इस पर सेनन ने कहा, यदि हम समान अवसर पैदा करना शुरू कर दें तो उद्योग बाहरी लोगों के लिए अधिक सुलभ हो सकता है। यदि आप उद्योग से किसी को लॉन्च कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को भी जगह दे रहे हैं जो इससे संबंधित नहीं है। लेकिन, वह अधिक प्रतिभाशाली है। हाल ही में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली कृति सेनन ने बताया कि उद्योग जगत से जुड़े बिना एक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट यहां कैसे पहुंची, जहां उन्हें अब से पांच साल बाद खुद को देखने की उम्मीद है। धीरे-धीरे दुनिया का झुकाव सितारों और बड़े नामों के बजाय प्रतिभा और स्क्रिप्ट की ओर हो रहा है। उनके लिए आगे क्या है, इस पर सेनन कहती हैं, ह्लमैंने विजन बोर्ड और मैनिफेस्टिंग पर बहुत सारे वीडियो देखे हैं जो कहते हैं कि यदि आपको विश्वास है कि कुछ हो सकता है, तो यह होगा। लेकिन, मेरे साथ मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं किसी विशेष मील के पत्थर का बेसब्री से पीछा करती हूं, तो ऐसा नहीं होता है। शायद अब से पांच साल बाद मैं अपने माता-पिता के लिए एक घर खरीद लूं, क्योंकि मेरी मां की इच्छा हर दिन बगीचे में चाय पीने की है। वह एक साथी में क्या चाहती हैं और किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढती हैं जो छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देता है, वह कहती है, ह्लजिन लोगों से मैं प्यार करती हूं उनकी देखभाल करने के लिए मेरे पास एक वास्तविक प्रवृत्ति है।

# छैया-छैया के लिए ट्रेन पर डांस करना चुनौतीपूर्ण : मलाइका

**-झलक दिखला जा की जज ने कहा**

**मुंबई (ईएमएस)।** छैया छैया गाने के लिए चलती ट्रेन में शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में झलक दिखला जा की जज मलाइका ने कहा, मुझे याद है कि चलती ट्रेन पर डांस करना कितना चुनौतीपूर्ण था। हम सभी डरे हुए थे। आपने यहां इस मूविंग प्लेटफॉर्म पर जो प्रयास किया, वह आपके लिए भी कठिन रहा होगा। यह एक बहुत अच्छा एलिमेंट है, जिसे आप लेकर आये। ये किस्से सेलिब्रिटी डांस शो झलक दिखला जा में साझा किए गए, जहां कंटेस्टेंट्स आने वाले एपिसोड में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। फिल्म निमार्ता-कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें अपनी पहली संतान बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले मलायका अरोड़ा को खोजा और फिर दीपिका पादुकोण को। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए मशहूर संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ बॉलीवुड ट्रैक छैया छैया में अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। फराह खान, जिन्होंने मूल रूप से गाने की कोरियोग्राफी की थी, ने खुलासा किया कि उन्होंने मलायका को कैसे ढूंढा। उन्होंने कहा, हर कोई कहता है कि मैंने दीपिका को खोजा, लेकिन मैंने पहले मलायका को खोजा। वह मेरी पहली संतान है। गाने की शूटिंग से दो दिन पहले मैंने मलायका को यह गाना करने के लिए बुलाया। उनसे पहले हमने छह-सात हीरोइनों को अप्रोच किया था, लेकिन बात नहीं बनी। हम इस बात को लेकर असमंजस में थे कि इस गाने के लिए किसे चुनें। तभी मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मुझे बताया कि मलायका एक बहुत अच्छी डांसर हैं। वह मॉडल हैं। मुझे चिंता थी कि वह घाघरा-चोली में इंडियन डांस कैसे करेंगी। इसलिए, मैंने उन्हें दो दिन पहले ऊटी बुलाया, और हमने रात में रिहर्सल की, और हमने दिन के दौरान शूटिंग की। डांस नंबर के लिए ट्रेन पर चढ़ते वक्त मलाइका कांप रही थीं। हमने उन्हें ट्रेन पर चढ़ाया। वह कांप रही थी, सचमुच, कोई सेफ्टी नहीं थी, कुछ भी नहीं। उन्होंने कोई मेकअप नहीं किया था, केवल काजल और एक टैटू था जो गीता ने उनकी बाहों पर बनाया था। और हां, शाहरुख उनके साथ वहां थे। फराह ने बताया कि शाहरुख खान, मलायका का बहुत ख्याल रखते थे। शाहरुख उनका बहुत ख्याल रखते थे। हर कोई हमसे सुरक्षा सावधानियों के बारे में पूछता था, और मैंने जो एकमात्र सावधानी बरती वह अतिरिक्त डांसर्स को ले जाना था।



# एंटी-हीरो की भूमिका निभाने का आनंद उठाया : इमरान



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म टाइगर 3 में विलेन की भूमिका निभाने को लेकर अभिनेता इमरान हाशमी ने कहा कि उन्हें एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाने का अवसर मिला, जिसका उन्होंने आनंद उठाया। एक्टर ने कहा, ह्लमैं टाइगर 3 को मिली प्रतिक्रिया से रोमांचित हूं और लोगों ने मेरे प्रदर्शन पर प्यार बरसाया है। हमने बहुत अच्छी शुरूआत की है और मुझे उम्मीद है कि फिल्म विश्व स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। उन्होंने कहा, मुझे एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाने का अवसर मिला और हमारे देश के सबसे बड़े एक्शन सुपरस्टार सलमान खान के साथ आमने-सामने जाने से बेहतर क्या हो सकता है, मुझे खुशी है कि लोगों ने हमारे प्रदर्शन को पसंद किया है और यह मेरे लिए बहुत बड़ी मान्यता है। उन्होंने आगे कहा, ह्लमैं हमेशा अपनी पसंद की फिल्मों से लोगों का मनोरंजन करना चाहता था और एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाने से मुझे ऐसे शेड्स तलाशने का मौका मिला, जिनमें मैंने पहले कभी कदम नहीं रखा था। मैं अपने खलनायक किर-दार को पसंद करने और टाइगर 3 को बॉक्स ऑफिस पर एक सफल फिल्म बनाने के लिए लोगों का आभारी हूं। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3 हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में सफलतापूर्वक चल रही है। मालूम हो कि यश राज फिल्म्स की टाइगर 3 ने केवल 4 दिनों में 169.75 करोड़ की आश्चर्यजनक कमाई की।

# इवेंट में स्टाइलिश लुक में पहुंची किआ



हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस किआ गर्बर को सुपर मॉम सिंडी क्रावफोर्ड के साथ 74वीं नेशनल बुक अव-ाड्र्स में स्पॉट किया गया। ये अवार्ड शो न्यूयॉर्क शहर में सिप्रियानी वॉल स्ट्रीट में आयोजित था। इस दौरान 22 साल की किआ गर्बर ब्राउन कलर की स्लीवलेस फ्लोर-लेंथ में स्टनिंग दिखीं। इस ड्रेस में वह अपना किलर फिगर फ्लान्ट कर रही हैं। हसीना ने बहुत कम एक्सेसरीज पहनीं थीं। किआ गर्बर सोने की बालियां और अंगूठी पेयर की थी। मिनिमल मेकअप किआ गर्बर के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वहीं 90 के दशक की सुपरमॉडल सिंडी व्हाइट ब्लेजर, फिटेड पैंट में स्टाइलिश दिख रही हैं। फैंस मां-बेटी की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म सिस्टर सिटीज में देखा गया था। बता दें कि हॉलीवुड एक्ट्रेस किआ गर्बर अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। किआ गर्बर को जब भी कहीं स्पाट किया जाता है तो उनका स्टनिंग लुक फैंस को अपना दीवाना बना देता है।

# टाइगर 3 के तेवर ढीले पड़ने हो गए शुरू, कारोबार में जारी है गिरावट



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड सुपरस्टार सलमान खान की टाइगर 3 फिल्म लंबे समय तक धूम मचाएगी, लेकिन मौजूदा हालात देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के तेवर ढीले पड़ने शुरू हो गए हैं। यही वजह है कि फिल्म की कमाई भी लगातार घटती जा रही है। हालांकि उम्मीद है कि इसके कारोबार में वृद्धि होगी लेकिन रविवार को कारोबार में जबरदस्त गिरावट नजर आएगी। कारण 19 दिसम्बर को भारत और आस्ट्रेलिया का विश्व कप 2023 का फाइनल मुकाबला है, जिसे देखने के लिए दर्शक अपने घरों में ही टीवी से चिपके नजर आएंगे। सिनेमाघरों में सिर्फ वोही पहुँचेंगे जिन्हें क्रिकेट में बिलकुल रुचि नहीं है।

टाइगर 3 ने पहले दिन 44.5 करोड़, दूसरे दिन 59.25 करोड़, तीसरे दिन 44.3 करोड़ और चौथे दिन 21.1 करोड़ रुपए कमाए थे। बता दें कि टाइगर 3 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की 5वीं फिल्म है। इसकी शुरूआत साल 2012 में एक था टाइगर से हुई थी और फिर आई टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान। बहरहाल फिल्म की कमाई के 5वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर 3 ने गुरुवार को भारत में 18.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। अब इसका कुल कलेक्शन 187.65 करोड़ रुपए हो गया है। इसका मतलब है कि अभी इसे 200 करोड़ी बनने के लिए और इंतजार करना होगा।

# राहुल वैद्य पत्नी दिशा पर लुटाया प्यार



एक्टर राहुल वैद्य और दिशा परमार के घर इसी साल सितंबर के महीने में नन्हीं बेटी की किलकारी गूंजी थी। बीते 20 सितंबर को दिशा परमार ने प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। लगभग 55 दिन बाद उन्होंने लाडली का नामकरण किया। कपल ने अपनी नन्हीं परी का नाम नव्या रखा। अब राहुल ने नव्या की नामकरण सेरेमनी की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो इस समय चर्चा में हैं। शेयर की तस्वीरों में कभी राहुल अपनी लाडली के पैरों को तो कभी गालों को चूमते दिख रहे हैं। नव्या इस दौराम मां दिशा की गोद में सुकून से सोई दिखीं। लुक की बात करें तो दिशा साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखीं। एक्ट्रेस ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया था। सोने के कड़े, नेकलेस, मंगलसूत्र और मांग में सजा सिंदूर दिशा के लुक को परफेक्ट बना रहे थे। राहुल के लुक की बात करें तो वह ब्लू कुर्ता पजामे में हैंडसम लग रहे थे। नामकरण सेरेमनी में नन्हीं नव्या ने पिंक फ्राक पेयर की थी। फैंस राहुल-दिशा की उनकी नन्हीं परी के साथ सामने आईं इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। दिशा परमार और राहुल वैद्य 16 जुलाई, 2021 को शादी के बंधन में बंधे।

# मैं स्नेह से अभिभूत और गहराई से आभारी हूं : मौनी रॉय


सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय ने स्टार बनने की अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा, इस यात्रा का हर कदम एक सीखने का अनुभव रहा है, जो प्यार और समर्थन से भरा है। मैं स्नेह से अभिभूत हूं और गहराई से आभारी हूं। नयनतारा गंगोपाध्याय की भूमिका निभाते हुए, अभिनेत्री को क्राइम-थ्रिलर श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए बहुत प्रशंसा मिली है, बावजूद इसके कि शो को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। पर्दे पर मौनी रॉय अगली बार द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह बंगाली भाषा के रियलिटी शो डांस बांग्ला डांस 12 में नजर आएंगी।

# बुर्ज खलीफा पर फिल्म एनिमल का बोलबाला



रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म "एनिमल" ने हाल ही में दुबई के प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा पर बोलबाला रहा। विश्व की सबसे बड़ी इमारत पर फिल्म के स्पेशल कट का प्रोजेक्शन किया गया जिसने इस फिल्म के सिनेमाई जादू को एक मेगा केनवास में बदल दिया। रणबीर कपूर, बॉबी देओल, निमार्ता भूषण कुमार के साथ दुबई में सेंटर स्टेज पर पहुंचे और इस चमत्कार को देखने के लिए इकट्ठा हुए प्रशंसकों के साथ शामिल हो गए। शिव चन्ना और प्रणय रेड्डी वांगा ने भी अपनी उपस्थिति से इस भव्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। हालांकि, इससे पहले हालही में, फिल्म ने मैनहट्टन के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में धूम मचाई थी। इस कल्चरल हब के डिजिटल बिलबोर्ड पर फिल्म के टीजर ने तहलका मचा दिया और विश्वस्तर पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बुर्ज खलीफा जो नवीनता और भव्यता के प्रतीक है जिसने लार्जर देन लाइफ स्टोरी के लिए एक सही कैनवास प्रदान किया है और फिल्म एनिमल इस कसौटी पर खरी उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म रिलीज के करीब है। इस क्लासिक सागा का निर्माण प्रसिद्ध निमार्ता भूषण कुमार ने किया है और इस सिनेमेटिक मास्टरपिस में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल, अनिल कपूर, जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म 1 दिसंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज के लिए तैयार है। एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्ट-ूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है।

# फिल्म 'धूम' के निर्देशक संजय गढ़वी का निधन



**मुंबई, (हि.स.)।** बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक मानी जाने वाली धूम फिल्म के डायरेक्टर संजय गढ़वी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 वर्ष के थे। संजय गढ़वी की मौत से उनके पूरे परिवार और पूरे बॉलीवुड को झटका लगा है। संजय गढ़वी रोजाना की तरह अंधेरी के लोखंडवाला इलाके में सुबह की सैर के लिए निकले थे। इसी दौरान उनके सीने में अचानक दर्द शुरू हो गया। उन्हें तुरंत कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय गढ़वी ने यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर धूम 1 और धूम 2 का निर्देशन किया। फिल्म में जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन और ऋतिक रोशन ने अभिनय किया था। संजय ने मेरे यार की शादी है, तेरे लिए, किडनैप, अजब गजब लव और ऑपरेशन परिंदे जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया।

# राहा से बेहद प्यार करते हैं रणबीर कपूर : आलिया



एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने कहा, वह राहा से बेहद प्यार करते हैं, वह कभी-कभी बस उसे देखते ही रहते हैं, उसे परेशान करते हैं, उसके साथ गेम खेलते हैं। शुरू में वे बर्प स्पेशलिस्ट थे। एकमात्र चीज जो वह नहीं कर रहे हैं, वह है उसे फीड कराना आलिया को करीना कपूर खान के साथ करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में गेस्ट के तौर पर देखा गया। ब्रह्मास्त्र पार्ट वन : शिवा के सेट पर डेटिंग शुरू करने के बाद आलिया और रणबीर ने 2022 में शादी कर ली। दोनों ने पिछले साल नवंबर में राहा का स्वागत किया था।

## सूडोकु नवताल- 6618

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6617 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्दजाल - 7365

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | ट |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | का | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

*शब्दजाल में 'अमिताभ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

अजनबी, मेजर साब, मोहब्बतें, बागबां, आंखें, खुदा गवाह, शराबी, अंधा कानून, कालिया, सुहाग

### शब्दजाल - 7364 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | रं | गी | ला | न | ल | क |
| दि | म | ल | रु | व | ग | गी | र | इ | ट | ली |
| ल | स | म | ल | द्र | दे | पु | चं | पा | व | त |
| क | व | ग | य | पु | ब | न | प | न | ल | ज |
| क | क | ल | ग | श्री | सं | या | तू | ग | झ | वा |
| जी | क | पा | व | ह | ती | पू | ग | ण | घ | नी |
| उ | आ | डे | न | ल | ल | ल | श | र | ला | जिं |
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6318

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | 3 | | | |
| | 34 | | 30 | | 28 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| | 25 | | 33 | 6 | 41 | |
| 1 | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 28 | 5 | 33 | | 38 | 3 |
| 4 | | | 6 | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6317 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 30 | 6 | 32 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# टेनिस स्टार्स के पास एटीपी अंक अर्जित करने का मौका

**मुंबई।**
शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण एटीपी अंक अर्जित करने का मौका प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) 25000 अमेरिकी डॉलर के पुरुष आईटीएफ टेनिस चैंपियनशिप कार्यक्रम की मेजबानी करेगा, जो सोमवार से यहां शुरू होगा। यह टूर्नामेंट एमएसएलटीए कोर्ट में खेला जाएगा। मार्च 2024 तक एमएसएलटीए में एक व्यस्त सीज़न की शुरुआत का भी प्रतीक होगा। फाइनल 26 नवंबर को खेला जाएगा। इस कार्यक्रम में 17 देशों के टेनिस खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे, जो लगातार दूसरे वर्ष एमएसएलटीए द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एमएसएलटीए के मानद सचिव और टूर्नामेंट के टूर्नामेंट निदेशक सुंदर अय्यर ने बताया कि यह चैंपियनशिप भारतीय खिलाड़ियों को बहुमूल्य पुरस्कार राशि और एटीपी अंक अर्जित करने का मौका देगी। डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन, दिग्विजय प्रताप सिंह और सिद्धार्थ रावत के अलावा मुख्य ड्रॉ में अन्य भारतीय खिलाड़ियों में करण सिंह, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, देव जाविया और मनीष सुरेशकुमार शामिल हैं।

इवेंट के विजेताओं को 50 एटीपी अंक और उपविजेता को 30 एटीपी अंक मिलेंगे। सेमीफ़ाइनलिस्ट को 18 अंक मिलेंगे जबकि क्वार्टर फ़ाइनलिस्ट को 9 अंक मिलेंगे। क्वालीफाइंग राउंड 20 और 21 नवंबर को खेले जाएंगे और मुख्य ड्रॉ 21 नवंबर से खेला जाएगा। थाईलैंड के अमोर्न डुआंगपिंकिन को इस आयोजन का आईटीएफ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### मुख्य ड्रॉ में कुछ प्रमुख खिलाड़ी हैं:

एवगेनी डोंस्कॉय (रूस) 262, लुईस वेसल्स (जर्मनी) 342, व्लादिस्लाव ओर्लोव (यूक्रेन) 470, दिग्विजय प्रताप सिंह (भारत) 501, रयुकी मात्सुडा (जापान) 569, रामकुमार रामनाथन (भारत) 579, सिद्धार्थ रावत (भारत) 601, एस.डी. प्रज्वल देव (भारत) 623।

## अवार्ड्स के लिए नामित होने पर सविता ने कहा, यह टीम वर्क का नतीजा है

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स में गोलकीपर ऑफ द ईयर श्रेणी में लगातार तीसरी बार चुने जाने पर कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो बार यह पुरस्कार जीतूंगी। सविता, जिन्होंने 2021 और 2022 में एफआईएच पुरस्कार जीते थे। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है। सविता ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगा, और अब तीसरी बार इसके करीब हूं। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर आधारित नहीं होती बल्कि टीम वर्क का परिणाम होती है। आपकी कड़ी मेहनत के लिए पहचाना जाना बहुत अच्छी बात है और यह पूरी टीम को प्रेरित करती है। आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारतीय महिलाएं पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी योग्यता सुरक्षित करने के लिए टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाने का लक्ष्य रखेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी तक रांची में खेला जाना है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी योग्यता सुनिश्चित करेंगी।

## न्यूज़ ब्रीफ


### मैच के दौरान कोहली से मिलने पहुंचा फलस्तीनी समर्थक गिरफ्तार, जानें उस ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की कहानी



**अहमदाबाद** । अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया के फाइनल मुकाबले के दौरान विराट कोहली से मिलने पहुंचा शख्स याद है, जिसने सभी सुरक्षा इंतजामों को ध्वस्त कर दिया था। फलस्तीन के समर्थन में टीशर्ट और मास्क शख्स ऑस्ट्रेलिया का नागरिक है। युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ केस भी दर्ज हो गया है। चलिए अब हम बताते हैं, आखिर कौन था वह शख्शज चांदखेड़ा पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर विराज जड़ेजा ने बताया कि युवक का नाम वेन जॉनसन है। वह मात्र 24 साल का है। जांच के दौरान पता चला कि जॉनसन आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी ऑस्ट्रेलिया में ऐसे ही मामलों में कई केस दर्ज हो चुके हैं। जॉनसन ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह विराट कोहली का प्रशंसक है। वह कोहली से मिलना चाहता था। जॉनसन ने बताया कि वह फलस्तीन का समर्थक है, इसलिए उसने फलस्तीन समर्थक टीशर्ट और मास्क पहना हुआ था। बता दें, आईसीसी के नियमों के अनुसार, आईसीसी कार्यक्रमों में राजनीतिक नारेबाजी नहीं की जा सकती। इसी के साथ भारत में भी ऐसे कृत्यों पर प्रतिबंध है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम 50 ओवर में 240 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर मैच को जीत लिया। कंगारू टीम के लिए ट्रेविस हेड ने 141 रन की मैज जिताऊ पारी खेली। मार्नश लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। मिचेल मार्श 15, डेविड वॉर्नर सात, स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद दो रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया छठी बार विश्व विजेता बना है। वहीं, भारत का तीसरी बार ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया। उसने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते, लेकिन 11वें मुकाबले में टीम पिछड़ गई। भारत को दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। पिछली बार 2003 में रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली टीम ने हराया था।

### फॉर्मूला 1 : मैक्स वेरस्टैपेन ने लास वेगास ग्रां प्री में अपने डेब्यू में जीत हासिल की

**लास वेगास।** रेड बुल ड्राइवर मैक्स वेरस्टैपेन ने लास वेगास ग्रां प्री में अपने पदार्पण पर जीत हासिल की।



उन्होंने टाइम पेनल्टी, एक अलग टक्कर और कई सुरक्षा कार अवधियों से बचकर सीजन की अपनी 18वीं जीत हासिल की। वेरस्टैपेन की दौड़ टर्न 1 में पोल-सिटर चार्ल्स लेक्लर पर एक साहसिक कदम के साथ शुरू हुई। लेकिन, स्टीवर्ड ने फैसला किया कि उसने ऐसा करने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी को ट्रैक से बाहर कर दिया, जिसका अर्थ है कि उसके पहले पिट स्टॉप में पांच सेकंड जोड़े गए थे। उस पड़ाव के बाद कुछ स्थान गंवाने के बाद वेरस्टैपेन को मैदान में वापसी के लिए संघर्ष करना पड़ा क्योंकि जॉर्ज रसेल के साथ टक्कर होने के बाद उनका फ्रंट विंग क्षतिग्रस्त हो गया। हालाँकि, प्रतिक्रिया में तैनात की गई सेफ्टी कार ने जल्द रिकवरी का काम किया और वेरस्टैपेन ने टाइमिंग स्क्रीन को एक बार तेजी से बढ़ाया। जिसके बाद टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ और लेक्लर दोनों को पीछे छोड़ते हुए शहर में एक नाटकीय दौड़ के अंत में जीत हासिल की।

### छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने पर बाबर आजम ने ऑस्ट्रेलिया को दी बधाई

**अहमदाबाद।** कुछ दिन पहले पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ने वाले बाबर आजम ने विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर छठी बार ट्रॉफी जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। ट्रैविस हेड के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 241 रन के लक्ष्य को छह विकेट शेष रहते हासिल कर भारत को आसानी से हरा दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, बधाई हो ऑस्ट्रेलिया। फाइनल में क्या दमदार प्रदर्शन था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 240 रनों पर रोक दिया। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंग ने दो-दो विकेट मिले। जवाब में ट्रैविस हेड की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने एक आसान जीत दर्ज की। हेड ने 120 गेंदों में 137 रनों की पारी खेली और मार्बिस लाबुशेन के साथ मैच जिताने वाली साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट की साझेदारी में 192 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को फिनिशिंग लाइन पर पहुंचाया। लाबुशेन 58 रन बनाकर नाबाद रहे और ग्लेन मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए विजयी रन बनाए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने छठा विश्व कप खिताब जीता।

### टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम का गमगीन नजारा देख कोच द्रविड़ भी हुए भावुक

# हर खिलाड़ी के चेहरे पर छाई हुई थी मायूसी 12 साल के इंतजार के बाद टूटी उम्मीदें

**नई दिल्ली ।**
भारतीय क्रिकेट टीम ने कड़ी मेहनत करके वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में तो बना ली थी, लेकिन उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मैच खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम में भारतीय खिलाड़ी बेहद निराश दिख रहे थे। कोच राहुल द्रविड़ जब यहां पहुंचे तो सभी खिलाड़ी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। खुद राहुल भी वहां का नजारा देख भावुक हो गए। इस दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर ट्रॉफी नहीं जीत पाने का गम साफ दिखाई दे रहा था। कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद सिराज अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके वहीं विराट कोहली कैप से मुंह छुपाकर ग्राउंड से बाहर निकले। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ जब ड्रेसिंगरूम में पहुंचे तो वहां का मंजर उनसे देखा नहीं जा रहा था। सभी के चेहरे लटके हुए थे। खिलाड़ी बहुत परेशान थे। ऑस्ट्रेलिया ने खिताबी मुकाबले में भारत को 6 विकेट से हराकर रिकॉर्ड छठी बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल करने पर राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत पर पानी फिर गया।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कई महीनों से इस टूर्नामेंट में यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की थी। 12 साल के सूखे को दूर करने के इतने करीब पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। हार के बाद ड्रेसिंगरूम का हाल बेहाल था। राहुल द्रविड़ ने मीडिया से कहा, हां, बिल्कुल रोहित शर्मा निराश हैं, जैसे



ड्रेसिंग रूम में पहुंचा तो जिस तरह का माहौल था, वह मुझसे देखा नहीं जा रहा था। एक कोच के रूप में इसे देखना कठिन था, क्योंकि मैं जानता हूं कि इन लोगों ने कितनी मेहनत की है, उन्होंने क्या योगदान दिया है, कितना बलिदान दिया है। तो, यह कठिन है। मेरा मतलब है, एक कोच के रूप में इसे देखना कठिन है, क्योंकि आप इन लड़कों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। आपको यह देखने को मिलेगा कि उन्होंने कितना प्रयास किया है, हमने किस तरह का क्रिकेट खेला है। लेकिन हां यह खेल का हिस्सा है। ऐसा होता है, उस दिन बेहतर टीम को जीत मिली है।

गौरतलब है कि भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 240 रन बनाए। विराट कोहली और केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेली वहीं रोहित शर्मा 3 रन से अपनी फिफ्टी चूक गए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के शतक और मार्नस लैबुशेन के नाबाद अर्धशतक की मदद से मुकाबले को आसानी से जीत लिया। बकौल द्रविड़, 'मुझे यकीन है कि कल सुबह सूरज निकलेगा। हम इससे सीखेंगे। और हम आगे बढ़ेंगे। मेरा मतलब है, खिलाड़ी के रूप में आप यही करते हैं। खेल में आपकी कुछ महान उपलब्धियां हैं, और खेल में आपके कुछ निम्न स्तर भी हैं। और आप आगे बढ़ते रहें। आप रुकना मत। क्योंकि यदि आप अपने आप को दांव पर नहीं लगाते हैं, आप अपने आप को इस तरह के खेलों में नहीं डालते हैं, तो आप महान ऊंचाइयों का अनुभव नहीं करते हैं।

### एडम जैम्पा ने स्पिनर के रूप में लिए सर्वाधिक विकेट, मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड की बराबरी की

**अहमदाबाद** । नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आस्ट्रेलियाई बॉलर एडम जम्पा ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत के खिलाफ सर्वाधिक विकेट लेने के महान मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड की बराबरी की। स्पिनर एडम जम्पा ने अपना अभियान 11 मैचों में 23 विकेट के साथ समाप्त किया। मुरलीधरन ने 2007 में 10 मैचों में 23 विकेट लिए थे। जम्पा ने 10-0-44-1 के आंकड़े के साथ समाप्त किया। ब्रैड हॉग (2007) और शाहिद अफरीदी (2011) 21 विकेट के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इस बीच जम्पा भारतीय धरती पर वनडे में 50 विकेट लेने वाले पहले विदेशी गेंदबाज भी बन गए। लेग्गी को इस मुकाम तक पहुंचने में 27 मैच लगे। लेग स्पिनर को टूर्नामेंट में एक चुनौतीपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ा, चेन्नई में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनका लचीलापन सामने आया और बाद के खेलों में जम्पा ने एक सनसनीखेज बदलाव की पटकथा लिखी। श्रीलंका के खिलाफ शुरुआत में 21 ओवरों में 1-145 के आंकड़े के साथ संघर्ष करने के बाद उन्होंने उल्लेखनीय वापसी की और 69 ओवरों में 9.66 के प्रभावशाली औसत से 20 विकेट हासिल किए। निर्णायक मोड़ श्रीलंका के खिलाफ मैच में आया जहां ज़म्पा के 4 विकेट ने खेलों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन किया। जाम्पा मौजूदा वनडे वर्ल्ड कप में 23 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं इसने एक सिलसिले की शुरुआत की जहां उन्होंने चार विश्व कप खेलों में लगातार तीन या अधिक विकेट लिए, इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वनडे विश्व कप के इतिहास में पहले व्यक्ति के रूप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया।

# भारत की हार से अनुष्का हुईं परेशान, विराट को लगाया गले, अथिया के नहीं रुके आंसू



**मुंबई ।**
विश्वकप 2023 के फाइनल मुकाबले में भारत की हार ने कई दिलों को तोड़ दिया। एक ओर जहां अनुष्का ने विराट को भावुक होकर गले लगाया तो राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी की आंखों के आंसू नहीं रुक रहे थे। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर भारतीय दर्शकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत की इस हार से अनुष्का शर्मा को भी बड़ा धक्का लगा। विराट को गले लगाते हुए उनका एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, उनके साथ बैठीं केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी भी अपने आंसू नहीं रोक सकीं। विराट कोहली ने पूरे विश्वकप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल से पहले उन्होंने न्यूजीलैंड के साथ हुए सेमीफाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन फाइनल में मिली शिकस्त ने उनका दिल तोड़ दिया। ऐसे में पत्नी अनुष्का शर्मा ने विराट को ढांढस बंधाया और जैसे ही विराट आए उन्हें गले लगा लिया। सोशल मीडिया पर अब इस सेलेब कपल का यह फोटो खूब वायरल हो रहा है। 19 नवम्बर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबला हुआ था। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत हासिल कर छठी बार विश्वविजेता का खिताब अपने नाम किया। तीसरी बार भारत का विश्वकप ट्रॉफी जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। गौरतलब है कि टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने लगातार 10 मैचों मे जीत हासिल की लेकिन 11वें और अहम मुकाबले में उसे शिकस्त हासिल हुई। इस हार के बाद विराट कोहली जब वापस लौटे तो अनुष्का ने उन्हें गले लगा लिया। अनुष्का और विराट के चेहरे पर हार का दर्द दिखा लेकिन अनुष्का ने विराट को ढांढस बंधाया। अब दोनों का यह फोटो सोशल प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के हाथों जैसे ही भारत को हार मिली पूरे देशभर में सन्नाटा पसर गया। अनुष्का शर्मा और केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी काफी देर तक गुमसुम बैठी रहीं। दोनों ही इस हार पर यकीन नहीं कर पा रही थीं।

# जम्मू कश्मीर की अंडर-15 महिला क्रिकेट में लगातार दूसरी जीत, मेघालय को 201 रन से हराया

**जम्मू।**
जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) की अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। जेकेसीए की महिला टीम ने नागालैंड को पहले मुकाबले में 10 विकेट से हराने के बाद दूसरे मुकाबले में मेघालय की टीम को 201 रन के अंतर से परास्त करके लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। टीम की जीत में बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जम्मू कश्मीर की ओर से रिद्धिमा राजपूत ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी से सभी को प्रभावित कर अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।

कोलकाता के बरासत ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में जम्मू कश्मीर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 259 रन बनाए। मन्नत ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 73 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 62 रन पर नाबाद रहीं। कीर्ति भाऊ भी 25 रन पर नाबाद रहीं। रिद्धिमा राजपूत ने 45 रन, अलिसा जान ने 42 रन बनाए। मेघालय की ओर से जे फेनसन, डी संगमा, ए मराक और डी बिस्वा ने एक-एक विकेट चटकाए।

### 31.2 ओवर में ऑल आउट हो गई मेघालय

जवाब में मेघालय की टीम ने जीत के लिए रखे गए निर्धारित विजय लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया और पूरी टीम 31.2 ओवर में 58 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की कोई भी बल्लेबाज दो का भी आंकड़ा छू नहीं



सकी। जेड तसनीम, आर बासुमैत्री, जे पिंगरोप, डी बिस्वा और एम संगमा बिना कोई खाता खोले पवेलियन लौटा दी गईं।

### रिद्धिमा ने सात ओवर में चटकाए पांच विकेट

जम्मू कश्मीर की ओर से रिद्धिमा राजपूत ने सात ओवर में मात्र सात रन देकर पांच विकेट चटकाए। आयुषि अम्बरदार ने दो विकेट, अनन्या डोगरा और रियांशु रानी ने एक-एक विकेट हासिल की। जम्मू कश्मीर का अब अगला मुकाबला 21 नवंबर को 22 यार्ड, साल्ट लेक कोलकाता में दिल्ली के खिलाफ, 23 नवंबर को बरासत ग्राउंड कोलकाता में कर्नाटक के खिलाफ और 25 नवंबर को जेयू सैकेंड कैंपस साल्ट लेक कोलकाता में असम के खिलाफ होगा।

# मेजबान मिस्र को हराकर ईरान ने जीता पुरुष सिटिंग वॉलीबॉल विश्व कप का खिताब

**काहिरा (मिस्र)।**
विश्व चैंपियन ईरान ने 2023 विश्व पैरावॉली (डब्ल्यूपीवी) सिटिंग वॉलीबॉल विश्व कप में मेजबान मिस्र को 3-0 से हराकर पुरुष वर्ग का खिताब जीतकर अपना शानदार सफर पूरा किया।

मिस्र ने पहले सेट में मजबूत शुरुआत की, लेकिन ईरान ने जल्द ही बाजी पलटते हुए इसे अपने पक्ष में कर लिया और अगले दो सेटों में बढ़त बनाए रखी और मैच 25-21, 25-19, 25-17 से समाप्त किया।

ईरान के मुख्य कोच हादी रेज़ाइगारकानी ने शिन्हुआ को बताया, यह एक बहुत अच्छा मैच था और मिस्र एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी था। ईरानी टीम अत्यधिक कुशल है और सभी खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण में बहुत मेहनत की, इसलिए हम जीत को लेकर आश्वस्त थे।

इस प्रकार ईरान ने टूर्नामेंट के दौरान जापान, अल्जीरिया, इराक, यूक्रेन और मिस्र के खिलाफ अपने सभी पांच गेम सीधे सेटों में जीते।

रेज़ाइगरकानी ने कहा कि तेज़ स्पाइकिंग और सर्विसिंग ईरानी पुरुष टीम की ताकतों में से थे।



इस बीच, ईरानी खिलाड़ी मीसम अली पौर को सर्वश्रेष्ठ रिसीवर का पुरस्कार दिया गया और उनके साथी डेविड अलीपुरियन को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ सेटर और सबसे मूल्यवान खिलाड़ी दोनों नामित किया गया। अली पौर ने मैच के दौरान मिस्र के बेहद अच्छे प्रदर्शन की तारीफ की और अपने पुरस्कार पर खुशी जाहिर की। उन्होंने शिन्हुआ को बताया, मैं 15 साल से वॉलीबॉल खेल रहा हूं और ऐसा पुरस्कार पाने का सपना देख रहा था और अब यह सच हो गया है। उन्होंने कहा, ब्राजील में रियो 2016 पैरालंपिक खेलों के बाद से हम विश्व चैंपियन रहे हैं और यह कोई संयोग नहीं है बल्कि कड़ी मेहनत और सभी कौशल पर प्रशिक्षण का परिणाम है। काहिरा में विश्व कप ने विजेता टीम को 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलों के लिए सीधा क्वालीफिकेशन टिकट प्रदान किया।

# खुशखबरी ! पंजाब में इको-टूरिज्म, एडवेंचर व वॉटर स्पोर्टस पर्यटन होगा विकसित, प्रदेश सरकार टूरिज्म क्षेत्र को दे रही बढ़ावा

**चंडीगढ़।**
राज्य में इको-टूरिज्म, एडवेंचर और वॉटर स्पोर्टस व पर्यटन को समूचे रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए पर्यटन, सांस्कृतिक मामले और निवेश प्रोत्साहन मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा कि सरकार की तरफ से इन क्षेत्रों में किये जा रहे प्रयासों से भविष्य में मिसाली नतीजे सामने आएंगे।

राज्य में इको-टूरिज्म, एडवेंचर और वॉटर स्पोर्टस व पर्यटन को समूचे रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए पर्यटन, सांस्कृतिक मामले और निवेश प्रोत्साहन मंत्री अनमोल गगन मान ने कहा कि सरकार की तरफ से इन क्षेत्रों में किये जा रहे प्रयासों से भविष्य में मिसाली नतीजे सामने आएंगे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंजाब में पर्यटन क्षेत्र की समूचे संभावनाओं को उजागर किया जा रहा है। जिससे विदेशों में बसते पंजाबी, विदेशी सैलानी, भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में से आने वाले लोग पंजाब के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थानों और विरासती पहलूओं की समृद्धी का



आंनद ले सकें।

### टूरिज्म समिट रहा कामयाब

उन्होंने कहा कि पहली बार है कि पंजाब के विरासती मेलों और त्योहारों को सरकार द्वारा मनाया जा रहा है और इसलिए अलग तौर पर 15 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की तरफ से करवाया गया टूरिज्म समिट बहुत कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य पंजाब को टूरिज्म क्षेत्र में भारत के अन्य राज्यों में अग्रणी स्थान पर लाना है।

### ये लोग रहे उपस्थित

इस मौके पर मुख्य मेहमान कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान को यादगारी चिह्न से सम्मानित किया गया। मुख्य मेहमान की तरफ से संसद मैंबर विक्रमजीत सिंह साहनी, चेयरमैन पीएसआईईसी दलवीर सिंह, प्रमुख सचिव पर्यटन और सांस्कृतिक मामले राखी गुप्ता भंडारी, गायिका अफसाना खान, भंगड़ा कलाकार भोला कलेहरी का सम्मान किया गया। अतिरिक्त डायरैक्टर पर्यटन और सांस्कृतिक मामले राकेश कुमार पोपली, प्रशासक पंजाब पैविलियन दविन्दर पाल सिंह, डिप्टी प्रशासक गुरप्रीत सिंह और अन्य उपस्थित थे।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्श ने ट्रॉफी पर रखे पैर, प्रशंसकों ने तुम ट्रॉफी डिजर्व नहीं करते

**नई दिल्ली** । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मुकाबले में आसान सी जीत दर्ज की। शानदार बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार विश्व कप का खिताब उठाया। इस बीच सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श ट्रॉफी पर पैर रखे नजर आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियारई खिलाड़ी मार्श की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है जिसमें वह ट्रॉफी पर पैर रखे नजर आ रहे हैं। यह फोटो ऑस्ट्रलियाई कप्तान पैट कमिंस के द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई थी। फोटो को देखकर भारतीय फैंस काफी गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। कई फैंस ने यह तक कह दिया कि तुम ट्रॉफी डिजर्व नहीं करते हो। कुछ ने उनकी तुलना लियोनेल मेसी तक से की। दरअसल, मेसी ने जब फीफा विश्व कप का खिताब जीता था, तब अगले दिन वह ट्रॉफी को अपने पास रखकर सोते दिखाई दे रहे थे। फैंस ने इसी की तुलना मिचेल मार्श से की। फैंस का कहना है कि मिचेल मार्श को ट्रॉफी पर पैर नहीं रखना चाहिए।

# जब बच्चे शुरू करने वाले हों चलना



बच्चों का चलने का अपना अलग-अलग समय होता है और वे अपने आप अपनी क्षमता के अनुसार ही सीखते हैं। अगर आप ऐसा सोचते है कि आपके फ्रेंड के बच्चे जल्दी चलना सीख गए है और आपके बच्चे ने अभी तक खड़े होना भी नहीं सीखा है तो परेशान मत होइए। वे अपनी क्षमता के अनुसार ही सीखते है और सबकी अलग-अलग कूबत होती है। जानिए उन लक्षणों के बारे में जिनसे पता चलता है कि बच्चे अब अपने पैरों पर चलने के लिए तैयार हो गए हैं...

» कई बच्चे अपने पहले जन्मदिन पर चलना सीख लेते हैं, जो 9 से 18 महीने उम्र की अवधि तक का होता है। चलने के दौरान कुछ बच्चे थोड़ी-थोड़ी देर में गिरने लगते हैं, लेकिन वहीं कुछ बच्चे सीधे खड़े होकर चलना शुरु कर देते हैं। इस दौरान वे अपने पैर और हाथ का भरपूर मदद लेते हैं। और ये सबसे महत्वपूर्ण बात होती है। अगर वे इनमें से कुछ हरकतें करते हैं तो उनका चलना अब ज्यादा दूर नहीं है।

» अपने बच्चे की प्रोग्रेस पर ध्यान दें। वे पिछले महीने से ज्यादा इस महीने फास्ट तो नहीं जा रहे हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को जमीन से टच करना कम कर दिया है।

» सबसे जरुरी ये है कि उनके बैक मसल्स मजबूत होने चाहिए जिनके द्वारा वे अपनी पूरी शरीर का भार उठाते हैं। इसलिए जन्म से ही उनकी मालिश करके उनके मसल्स को स्ट्रॉग बनायें।

» उनके बैठने के प्रैक्टिस को वॉच करें। वे जब जमीन पर लुढ़कना शुरु करते है तो उनके बैलेंस को देखें। उनके खिलौने को लेकर उनके आगे-आगे चलें इससे वे आगे बढ़ने को मोटिवेट होंगे।

» अपने आगे उन्हें चलने दें, इस दौरान उनके हाथों को पकड़ना ना भूलें। बीच-बीच में उनके हाथ छोड़ कर उन्हें खुद से बैलेंस बनाने की आजादी दें। उनसे दूर खड़े होकर उन्हें आपके पास आने को प्रोत्साहित करें।

» जब वे पहली बार खुद से खड़े होकर चलना सीख जाते हैं तो पूरे घर में अपने हाथों के निशान छोड़ जाते हैं क्योंकि दीवार पर या किसी और चीज के सहारे चलकर वे आगे बढ़ते हैं। शुरुआत में वे खड़े होने पर बैठ पाने में सक्षम नहीं हो पाते हैं ऐसे में आप उन्हें सहारा देकर बैठाने में उनकी मदद करें।

» शार्प कॉर्नर वाले टेबल्स को उनकी पहुंच से दूर रखें ताकि वे इंजर्ड ना हो पायें।

» ऐसे फर्नीचर को अलग ही रखें जो काफी स्लिपरी हों और आसानी से एक जगह से दूसरी जगह खिसक जाते हों।

» कार्पेट और ऐसे ही दूसरे सामानों को उनके रास्ते से हटा कर रखें।


» जब वे सीढ़ीयों पर जा रहे हों तो उनका खास खयाल रखें। खासकर सीढीयों के उपरी और निचले हिस्से में दरवाजे लगवाना ना भूलें।

» हानिकारक हाउसहोल्ड सामानों को उनसे दूर रखें।

» उन्हें वॉकर से दूर रखें। ये एक मिथक है कि इसके सहारे वे जल्दी चलना सीखते हैं लेकिन होता ठीक इसके उल्टा है। इसके मदद से वे और भी देरी से चलना सीखते हैं।

# लिविंग रूम के लिए ऐसे करें सोफे का चुनाव

सोफा हर घर की जरूरत ही नहीं है बल्कि इससे आप अपने घर का मेक ओवर भी आसानी से कर सकती है परंतु वह तभी संभव हो सकता है यदि आप अपनी पसंद के साथ-साथ कमरे का साइज का भी ध्यान रख कर ही स्टाइलिश सोफा खरीदें। इस समय बाजार में सोफा की अनेक वैरायटीज आपको मिल जाएंगी, परंतु अपने ड्रीम होम को एक न्यू लुक देने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।





### 1. थोड़ी क्रिएटिविटी दिखाएं

यदि आप औरों से हट कर कुछ डिफरेंट करना चाहती हैं, तो फिर मल्टी सिटर सोफा के दोनों साईड रखे जाने वाले सेम डिजाइन के सिंगल सोफा की अपेक्षा डिफरेंट डिजाइन का सोफा अपने घर के लिए खरीदें या फिर मल्टी सिटर और सिंगल डिजाइन सोफा को एक जैसा ही रहने दें और सिटिंग एरिया में उसके आस-पास डिफरेंट स्टाइल में चेयर अरेंज करें, आप चाहें तो उस एरिया को आकर्षक बनाने के लिए कुछ डेकोरेटिव आइटम्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि वह सोफा से मैच करती हुई न हों।

### 2. एल शेप है बेहतरीन ऑप्शन

यह न केवल स्टाइलिस्ट दिखता है बल्कि जगह भी कम लेता है, यही नहीं टिपिकल सोफा की अपेक्षा यह आरामदायक और फ्लेक्सिबल भी होता है तथा ज्यादा मेहमान आ जाने पर भी आपको सिटिंग प्रॉबल्म नहीं महसूस होती। इन दिनों बाजार में एल शेप सोफा के ढेर सारे डिजाइन उपलब्ध हैं तथा आप अपने घर की जगह और बजट के अनुसार सोफा खरीद सकती हैं।

### 3. सिंगल सिटर सोफा

यदि आपका कमरा बहुत छोटा है तो बड़े साईज का सोफा खरीदने की अपेक्षा स्टाइलिश सिंगल सिटर सोफा विकल्प चुनें, या टू सिटर या फिर सिंगल होते हैं तथा छोटे कमरे के लिए बेहतरीन विकल्प माने जा सकते हैं। कमरे के कॉर्नर स्पेस को यूज करने के लिए आप वहां भी डिजाइनर सिंगल सिटर रख सकती हैं। छोटे कमरे में मेहमानों के बैठने के लिए स्लिम सिंगल सिटर सोफा की अपेक्षा आप एक छोटी कॉफी टेबल और चेयर रखें, यह भी आपके कमरे को खूबसूरत लुक देगा।

## सोफा दिखे हमेशा नया



सोफा खरीदने के बाद कुछ दिनों तक तो वह बहुत अच्छा लगता है, परंतु धूल-मिट्टी के कारण बहुत जल्दी ही वो पुराना दिखने लगता है। ऐसे में अपने सोफे को नए जैसा बनाए रखने के लिए उसकी नियमित सफाई अवश्य करें।

» वैक्यूम क्लीनर से आप सोफे की सफाई कर सकती हैं। इसके लिए सोफे पर से कुशन आदि हटा लें तथा सोफे को अच्छी तरह साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश यूज करें।

» यदि सोफा कवर निकालने वाली हैं तो उसे साफ करने से पहले उस पर लिखे निर्देशों को जरूर पढ़ें, क्योंकि हर फैब्रिक को अलग तरीके से धोया जाता है। कुछ के लिए गरम पानी जरूरी है तो कुछ के लिए ठंडा पानी जरूरी होता है।

» यदि सोफा कवर रिमूवेबल नहीं है तो उस पर लगे दाग निकालने के लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाकर नरम कपड़े से पोछें परंतु पहले सोफे के पिछले हिस्से पर लगाकर ट्राई कर लें कि कहीं इससे फैब्रिक खराब तो नहीं हो रहा।

» यदि आपके पास लेदर सोफा है तो सबसे पहले नरम कपड़े से धूल-मिट्टी साफ कर लें फिर विनेगर या पानी स्प्रे कर के तुरंत साफ कपड़े से पोंछ दें।

### 4. दीवान



यदि आप बेडरूम के लिए सोफा खरीदने की सोच रही हैं तो नॉर्मल सोफा की अपेक्षा दीवान का ऑप्शन चुनें। बैठने के साथ ही आप इसमें कपड़े, बेडशीट या एक्स्ट्रा कपड़े आदि भी स्टोर कर के रख सकती हैं। इसमें ऊपर की सीट हटाने पर अंदर स्टोरेज की व्यवस्था होती है, जिससे आप अपने अस्त-व्यस्त बेडरूम को आसानी से सहेज सकती हैं।

### 5. सोफा कम बेड



यदि आपके घर में अक्सर मेहमानों का आना-जाना लगा रहता है या फिर घर छोटा है, तो नॉर्मल सोफा की अपेक्षा सोफा कम बेड बेहतरीन विकल्प माना जाता है। यूं भी अब थ्री सिटर टिपिकल सोफा कम ही पसंद किया जाता है। फ्लैट में कमरे छोटे होने के कारण सोफा कम बेड ही ज्यादा पसंद किए जाते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

1. सबसे पहले उस जगह का मेजरमेंट कर लें, जहां आप सोफा रखने वाली हैं। इससे आप आसानी से डिसाइड कर पाएंगी कि आपके लिए ×-4 सिटर या फिर सिंगल सोफा प्रफैक्ट है।
2. सोफा खरीदते समय कंफर्ट को सबसे ज्यादा अहमियत दें।
3. यदि आप बेडरूम के लिए सोफा खरीद रही हैं तो बहुत बड़ा सोफा खरीदने की अपेक्षा छोटा सोफा खरीदें, परंतु यदि आपका कमरा बहुत स्पेशियस है, तो आप आराम से बड़ा सोफा खरीद सकती हैं।
4. अपने होम डेकोर को डिफरेंट टच देने के लिए आप अलग-अलग डिजाइन के कुशन कवर यूज कर सकती हैं।
5. सोफा का फैब्रिक ऐसा होना चाहिए जो आपके लाइफस्टाइल से मैच करता हो। आप कॉटन, सिल्क, सिंथेटिक आदि का चुनाव कर सकती हैं। यूं भी यदि आप सोफा और घर दोनों को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं, तो सिल्क बेस्ट रहेगा।
6. सोफा का कलर सिलेक्ट करते समय अपनी पसंद के साथ ही कमरे के रंग भी ध्यान रखें।
7. अपने घर की सजावट और जगह को ध्यान में रखकर सोफा की शेप डिसाइड करें।

# सेहत से भरपूर है टमाटर, जानें घर में टोमैटो सूप बनाने की विधियां



आसानी से उपलब्ध होने वाला टमाटर न सिर्फ सब्जियों के स्वाद को लजीज बनाता है बल्कि यह पौष्टिकता से भी भरपूर होता है। सलाद और सब्जी के साथ इसका सूप भी बहुतायत में इस्तेमाल होता है।

घर में बने सूप के दिवाने लोगों को अगर सूप बनाने की सही विधि पता हो तो इसके जाएके में और भी इजाफा हो जाता है। आज हम आपको घर में ही टोमैटो सूप बनाने की आसान विधि बताने जा रहे हैं जिसे आप खुद ट्राई कर सकेंगे।

### विधि 1

1. टमाटर उबालते समय इसमें दो चम्मच पीली मूंग दाल डाल दें और अच्छी तरह पकने दें। इससे सूप की पौष्टिकता बढ़ जाएगी।
2. टमाटर को उबालते समय उसमें एक कटी गाजर डालें। इससे सूप का रंग भी निखरेगा और गाढ़ा भी बनेगा।
3. टमाटर सूप में आप चाहे तो भुना बादाम या अखरोट के टुकड़े डाल कर भी पेश कर सकती हैं।
4. टमाटर सूप बनाने के लिए जब आप मक्खन में प्याज भुनेंगी, तब उसमें मशरूम के भी छोटे-छोटे टुकड़े डाल दीजिए। स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा और पौष्टिकता भी बढ़ेगी।

### मिक्स वेज सूप बनाने की विधि 2

1. टमाटर उबालते समय इसमें पोदीने की कुछ पत्तियां मिला दें। ऊपर से पत्ता गोभी, गाजर आदि कद्दू कस करके पेश करें।
2. टमाटर और पालक का भी मिलाजुला सूप स्वादिष्ट लगता है।
3. सब्जियों को पहले से उबाल कर मिक्सी में चला कर रख लें। सूप बनाते समय इसमें दो चम्मच दूध मिला लें।



4. सब्जियों के सूप को उबालते समय इसमें एक आंवला कद्दूकस करके डालें। सूप की पौष्टिकता बढ़ जाएगी।
5. मिक्स्ड वेजिटेबल सूप में आप उबले नूडल्स मिला कर बच्चों को दे सकती हैं। नूडल्स को उबालते समय उसमें नमक, एक चम्मच दूध, आधा चम्मच तेल डालें।
6. सब्जियों के सूप को स्वादिष्ट बनाने के लिए इसमें घी, हींग का त?का दे सकती हैं।
7. सब्जियों को उबालते समय आधी चम्मच सौंफ डालने से इसका स्वाद बढ़ेगा और खुशबू भी।

# बिग रिंग खींचेगी सभी का ध्यान

अंगूठियों वाकई आपके हाथ पर राज करती हैं। हाथ के पंजे की खूबसूरती बढ़ाने के अलावा ये आपका स्टाइल स्टेटमेंट भी है। आजकल चलन में बड़ी रिंग्स।



इन दिनों स्टाइलिश बिग रिंग्स की खरीद पर खर्च करना है ग्रेट आइडिया, क्योंकि इनके साथ जुड़ी है टाइमलेस अपील। इनके जरिए आप फंकी एंड ऐलीगेंट लुक दोनों ही पा सकती हैं।

डायमंड, सैफायर, रूबी इत्यादि प्रेशस स्टोन्स स्टडेड बिग रिंग्स के साथ जुड़ी है स्टाइलिश एंड राजसी भव्यता। अगर आपको प्रेशस स्टोन्स से सजी बिग रिंग्स की कीमत कुछ ज्यादा लगती है तो कोई बात नहीं। उनके स्थान पर आप सेमी प्रेशस स्टोन्स जैसे टरक्वायज, सिट्रीन इत्यादि से सजी रिंग चुन सकती हैं। इनका आकर्षण भी कुछ कम नहींहोता। आजकल फ्लोरल एंड एनीमल डिजाइंस वाली रिंग्स भी खूब चलन में है। सोबर आउटफिट में जोड़ना हो ग्लैमर तो सिंगल एक्सेसरी के तौर पर चुनें कलरफुल बिग रिंग। यह बोल्ड रिंग ही बन जाएगी आपका स्टाइल स्टेटमेंट।

# घर की गार्डनिंग को दें नया लुक

हैंगिंग बास्केट्स में करें घर की गार्डनिंग और घर को दें एक अल्ग स्टाइलिश लुक। आप हैंगिंग बास्केट्स को वरांडे या बालकनी में एक सीरीज में भी लगा सकती है या फिर ऊपर नीचे भी। हैंगिंग बास्केट्स जगह की बचत भी करती है और देखने में भी बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। इस तरह की बास्केट्स आमतौर पर हर नर्सरी में ही मिल जाती हैं।





### पौधे कैसे लगाएं

मॉस ग्रास और कोको पीट ग्रास को दस मिनट पानी में भिगो लें, यह फूल जाएगी, इसके बाद इन्हें बास्केट में बिछा दें। अब थोडी सी खाद युक्त मिट्टी की परत लगाने के बाद पौधों के बीज लगाएं। खाद के तौर पर गोबर की खाद, बोनमील और नीम की खली आदि समय-समय पर डालती रहें।

### सुंदर पौधे

बास्केट गार्डनिंग करना कोई मुश्किल काम नहीं है। सुंदर से पौधों का चयन कर के आप अपने घर को एक नया रूप दे सकती हैं। आप पौधों के रूप में फर्न, पिट्यूनिया, थाइम, पैनजी आदि का चुनाव कर सकती हैं।

### धूप से बचाएं

हैंगिंग बास्केट ऐसी जगह न लगाएं जहां सूरज की तेज किरणें और गर्म या सर्द हवाएं सीधी आती हों। इन बास्केट्स के लिए सबसे उचित जगह होगी सेमी-शेल्टर्ड एरिया। यह आपकी बालकनी के पास वाली दीवार हो सकती है।

# गैस से परेशान हैं तो आपको चाहिए खास उपाय

लगातार घंटों बैठकर काम करने वाली जीवनशैली में गैस की समस्या आम हो जाती है। आज के काफी युवा इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार ऑफिस में गैस पास करना मुश्किल होता है और उसे पेट में रोकना सेहत के लिए काफी नुकसानदेह साबित होता है। ऐसे में जरूरी है कि वे अपनी सेहत और खान-पान को लेकर सावधानी बरतें।

### इन बातों पर ध्यान दें

अपना औसत भार बनाए रखें। लगातार कई घंटों तक न बैठें, हर एक घंटे में कुछ मिनट का ब्रेक लें।

लंच करने के बाद थोड़ी देर टहल लें।

### लिफ्ट नहीं, सीढ़ियों का प्रयोग करें।

खाना खाने के बाद एक गिलास नीबू पानी पी लें या एक छोटे टिफिन बॉक्स में थोड़ा पपीता काटकर ले जाएं और इसे खाने के बाद खा लें। इससे भी गैस नहीं बनेगी।

गैस अधिक बन रही हो तो पानी का सेवन अधिक करें, ताकि जो भोजन पच नहीं पाया है, वह बड़ी आंत में न एकत्र हो पाए।

अगर गैस के कारण पेट फूल रहा है तो एक कप चाय या कॉफी पी लें। यह गैस को शरीर से बाहर निकालने में सहायता करेगी। हर्बल टी भी बेहतर विकल्प है।

### डॉक्टर की सलाह से लें दवा

गैस बनने पर बहुत अधिक दवाएं लेने का सेहत पर बुरा असर पड़ता है। हालांकि गैस कम करने वाली दवाएं काफी सुरक्षित मानी जाती हैं, लेकिन इनका अत्यधिक इस्तेमाल नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इन्हें डॉक्टर की सलाह से ही लें।

### आखिर क्यों आती है गैस से दुर्गंध

हमारे शरीर में जो गैस बनती है, वह आमतौर पर गंधहीन होती है। इसमें कार्बन डाई ऑक्साइड, ऑक्सीजन, हाइड्रोजन और कभी-कभी मीथेन होती है। कभी-कभी गुदा मार्ग से निकलने वाली गैस में जो अरुचिकर गंध होती है, वह बड़ी आंत से थोड़ी मात्रा में बनने वाली गैस के कारण होती है, जिसमें सल्फर होता है।

### घरेलू नुस्खे

» नारियल पानी पिएं। यह गैस की समस्या में काफी प्रभावकारी है।

» अदरक में पाचक एंजाइम होते हैं। खाना खाने के बाद अदरक के टुकड़ों को नीबू के रस में डुबोकर खाएं। इससे गैस की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

» अगर आप लंबे समय से गैस की समस्या से पीड़ित हैं तो लहसुन की तीन कलियों और अदरक के कुछ टुकड़ों को सुबह खाली पेट खाएं।

» प्रतिदिन खाने के साथ टमाटर खाएं। अगर टमाटर में सेंधा नमक मिला लें तो ज्यादा प्रभावकारी रहेगा।

» इलाइची के पाउडर को एक गिलास पानी में उबालें। इसको खाना खाने के पहले गुनगुने रूप में पी लें। इससे गैस कम बनेगी।

» हींग को थोड़े से पानी के साथ मिलाएं और पेस्ट बना लें। इसे पेट पर रगड़े और 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे साफ पानी से धो लें। इस उपचार से गैस की समस्या तुरंत दूर हो जाती है।

» एक बर्तन में एक गिलास पानी लें। इसमें पुदीने की 10-12 पत्तियों को धोकर डालें और उबाल लें। इसे छान लें और इस पानी को एक बोतल में भर लें और दिन में तीन-चार बार में पिएं।



» आधा गिलास पानी लें, उसमें एक नीबू का रस निचोड़ दें और एक टेबल स्पून खाने का सोडा डालें और अच्छे से मिला लें। इसमें झाग बनेंगे। इसमें थोड़ा पानी और डालें, फिर से मिलाएं और पी लें।

» अगर पेट में गैस बनने से बेचैनी हो रही हो तो लेट जाएं और सिर को थोड़ा ऊंचा कर लें। इस स्थिति में थोड़ी देर आराम करें, जब तक कि बेचैनी खत्म न हो जाए।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)